RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 116
नई दिल्ली, शनिवार, 2 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अटकलों पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा

राष्ट्रीय-9

# लोस संभाव्यों पर प्रधानमंत्री ने की बैठक की अध्यक्षता



नई दिल्ली में लोकसभा उम्मीदवारों की पहली लिस्ट पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेतागण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा की** केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बृहस्पतिवार रात दिल्ली स्थित मुख्यालय में बैठक हुई, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में देर रात तक चली। बैठक से संकेत मिले हैं कि पहली सूची में कुछ हाई प्रोफाइल नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं। सीईसी सदस्यों, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह शामिल थे, ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, असम, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा और जैसे राज्यों के लिए संभावितों पर विचार किया। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने में उत्तराखंड समेत अन्य शामिल हैं। सीईसी की बैठक, जो बृहस्पतिवार रात करीब 10.30 बजे शुरू हुई और पांच घंटे से अधिक समय तक चली। बैठक पार्टी मुख्यालयमें आयोजित की गई।

सूत्रों ने बताया कि इससे पहले, शाह और नड्डा ने सलाह-मशविरा करने के लिए मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अपनी पहली सूची में 100-120 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर सकती है। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखें जारी करने से पहले पार्टी उत्तर प्रदेश में 'कमजोर सीटों' पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सभी 80 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी और कुछ अपने संभावित सहयोगियों के लिए आरक्षित करेगी। आखिरी चुनावी बैठक में यूपी की 56 सीटों पर मुहर लग गई। सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने आगामी चुनावी लड़ाई में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार उम्मीदवारों( **शेष पेज 9** )

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

# मां, माटी, मानुष पर मोदी के ममता से सवाल

**सौगर सेनगुप्ता।** आरामबाग

**जाहिर तौर** पर बंगाल में भाजपा के लिए चुनावी एजेंडा तय करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य चुनावी आधारों में से एक हैं। पीएम ने आबादी के आधे हिस्से की प्रति इंडिया गठबंधन के असंवेदनशील रवैये पर अफसोस जताया। उन्होंने दोहराया कि यह संदेशखाली की यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के प्रति इंडिया गठबंधन के नेताओं के असंवेदनशील रवैये से साबित होता है। हुगली जिले के आरामबाग में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, रेलवे, बंदरगाह, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्रों के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने वाले प्रधानमंत्री ने कहा, 'जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस सरकार ने जमीन हड़पने और महिलाओं का अपमान करने के एक आरोपी को संरक्षण दिया। यह संदेशखाली महिलाओं के प्रति उसकी मानसिकता को ही साबित करता है।'

किसी भी राजनेता का नाम लेने से बचते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कैसे कांग्रेस, टीएमसी और वामपंथी नेताओं ने पटना, बेंगलुरु और मुंबई में कई बार बैठकें कीं लेकिन संदेशखाली की महिलाओं और गरीबों के उत्पीड़न के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। मोदी ने कहा, 'प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संदेशखाली पर कहा कि इन क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं आम हैं... क्या यह बंगाल की महिलाओं, राज्य के उन महापुरुषों का अपमान नहीं है जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन का खाका तैयार किया था।' मोदी ने दोहराया कि संदेशखाली और बंगाल की महिलाएं आहत और क्रोधित थीं और वे 'चुनाव में अपने अपमान का बदला लेंगे।'

यह कहते हुए कि टीएमसी और उसका नेतृत्व भ्रष्टाचारियों का संरक्षक है, प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के लोगों ने उन्हें सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। आरामबाग में प्रधानमंत्री की जनसभा 2019 के आम चुनावों में लगभग 1300 वोटों के मामूली अंतर से पार्टी की हार की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण है। संयोग से आरामबाग भी हुगली संसदीय सीट के निकट है, जो वर्तमान में भाजपा की लॉकेट चटर्जी के पास है। विकास योजनाओं में भारत और बंगाल को विफल करने के ( **शेष पेज 9** )



# संदेशखाली में चल रहे जश्न के दौर

**सौगर सेनगुप्ता।** सन्देशखाली

**संदेसखाली** में होली कुछ हफ्ते पहले ही आ गई थी और बृहस्पतिवार को लगभग 20 मील अंदर मिनाखान में शेख शाहजहाँ की गिरफ्तारी की खबर के कुछ ही घंटों बाद पूरा नदी द्वीप लगभग सिंदूर में डूब गया था। शाहजहाँ की बहुचर्चित 'बॉडी लैंग्वेज' के बारे में बेपरवाह, जिसे संदेशखाली का निर्विवाद डॉन माना जाता है, उसकी गिरफ्तारी के बाद लोग, विशेष रूप से समय से पहले होली खेलने में जुटी महिलाओं ने कहा कि यह 'आंदोलन का अंत नहीं बल्कि इसकी शुरुआत है।' 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की एक छापेमारी टीम पर हमले का कथित मास्टरमाइंड शाहजहाँ पर बड़े पैमाने पर भूमि कब्ज़ा करने, महिलाओं पर यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप है। एक गृहिणी जिनके पति को दो साल पहले गुंडों द्वारा की गई अवैध गतिविधियों का विरोध करने के बाद गांव छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने कहा, यह संघर्ष का अंत नहीं, यह क्षेत्र के पुनर्निर्माण का समय है ... हमें बेहद सतर्क रहना होगा क्योंकि शाहजहाँ के लकड़बग्घे ताक में हैं...।

# सहयोगियों को मजबूत कर रही भाजपा, योगी कैबिनेट विस्तार करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गुवाहाटी

**लोकसभा** चुनाव 2024 से पहले भाजपा अपने वर्तमान सहयोगियों के साथ रिश्तों को बेहतर बनाए रखते हुए उन्हें असम तथा उत्तर प्रदेश में और तरजीह दे रही है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इसी तरह सत्तारूढ़ भाजपा असम में 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि तीन सीटें अपने सहयोगियों असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के लिए छोड़ेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एजीपी बारपेटा और धुबरी से चुनाव लड़ेंगे, जबकि यूपीपीएल कोकराझार में अपना उम्मीदवार उतारेंगे। सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में सहयोगी दल एक-दूसरे के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। योगी सरकार में जेपी नेता दारा सिंह चौहान और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के एक विधायक को भी टीम योगी में एंट्री मिल सकती है। कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि आरएलडी से एक जाट और एक मुस्लिम को योगी सरकार में जगह मिल सकती है। सूत्रों ने बताया कि योगी ने पार्टी हाईकमान से मंजूरी ले ली।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है भारत, 39 हजार 125 करोड़ रुपए के रक्षा अनुबंध किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत ने** सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमताओं में इजाफा करने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच प्रमुख रक्षा अधिग्रहण अनुबंधों को सील कर दिया, जिसमें मिग -29 जेट के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, रडार, हथियार प्रणालियों और एयरो-इंजन की खरीद भी शामिल है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत की लंबी सीमा विवाद के बीच मेगा खरीद परियोजनाओं को मजबूत किया गया था और उन्हें घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति के व्यापक ढांचे के तहत लागू किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्लेटफार्मों और हथियार प्रणालियों की खरीद के अनुबंध पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जिनके मार्गदर्शन में ये सौदे फलीभूत हुए।



इसमें कहा गया है, 'ये सौदे स्वदेशी क्षमताओं को और मजबूत करेंगे, विदेशी मुद्रा बचाएंगे और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम करेंगे।' ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग सौदे तय किए गए। पहला, 19,518.65 करोड़ रुपये की लागत से ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना के लड़ाकू संगठन और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।' इसमें कहा गया, ये सौदे रक्षा बलों की स्वदेशी क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाएंगे, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए। पहला समझौता 19,518.65 करोड़ रुपए की लागत से ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना की लड़ाकू और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

दूसरा अनुबंध 988 करोड़ रुपए की लागत से बीएपीएल से जहाज द्वारा संचालित ब्रह्मोस प्रणाली की खरीद के लिए है। यह प्रणाली विभिन्न अग्रिम मोर्चे के युद्धपोतों पर लगाए जाएंगे और हमले के लिए भारतीय नौसेना का प्राथमिक हथियार होगा। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रणाली सुपरसोनिक (ध्वनि की गति से तेज) गति पर सटीकता के साथ विस्तारित रेंज से भूमि या समुद्री लक्ष्यों पर प्रहार करने में सक्षम है। मिग-29 विमानों के लिए आरडी-33 हवाई इंजन के वास्ते हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 5,249.72 करोड़ रुपए की लागत का अनुबंध किया गया है। इन एयरोइंजनों का उत्पादन( **शेष पेज 9** )

# ईसी की अपील, अभियान में मर्यादा बनाए रखे

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**हाल ही में** हुए चुनावों में राजनीतिक अभियान चर्चा के गिरते स्तर के विभिन्न रुझानों और मामलों को ध्यान में रखते हुए, चुनाव आयोग (ईसी) ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करने को कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। चुनाव निगरानी संस्था ने पार्टियों को सार्वजनिक प्रचार में शिष्टाचार बनाए रखने की चेतावनी दी और स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों, खासकर उन लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी डाली, जिन्हें अतीत में नोटिस जारी





किए गए थे। यह सलाह इस महीने के अंत में लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने की उम्मीद से कुछ दिन पहले आई है।

एक सलाह में केवल 'नैतिक निंदा' की पिछली प्रथा के बजाय आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के ( **शेष पेज 9** )

# बेंगलुरु के रेस्तरां में बम विस्फोट

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरू

**बेंगलुरू के** एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को बम विस्फोट होने से नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट की वजह संदिग्ध गैस रिसाव नहीं होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने सभी कोणों से इस घटना की जांच शुरू की है। पुलिस को संदेह है कि इस कैफे में एक बैग में परिष्कृत विस्फोटक (आईईडी) था जिससे यह विस्फोट हुआ हो सकता है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आईबी को इस मामले की जानकारी दे दी गई है। एनआईए की स्थानीय इकाई के अधिकारी बाद में घटनास्थल पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि





बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे में धमाके के बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

व्हाइटफील्ड में लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की वजह और प्रकृति का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है तथा आशंका है कि कि आईईडी से यह विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इसमें शामिल होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य के पुलिस प्रमुख आलोक मोहन ने ( **शेष पेज 9** )

# मौसम के बदलते मिजाज की मार झेल रहा भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत में** मार्च में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे गेहूं की महत्वपूर्ण फसल के लिए चिंता बढ़ गई है क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अल नीनो के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में मार्च से मई तक दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान लगाया है। उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ पृथक क्षेत्रों को छोड़कर स्थितियाँ ऐसी ही रहने की संभावना है। इसका असर कृषि गतिविधियों और फसल वृद्धि पर पड़ सकता है, खासकर गेहूं के लिए। आईएमडी ने शुक्रवार को कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम या रात का तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार, मार्च की पहली छमाही में देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है, जबकि दूसरी छमाही में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। प्रायद्वीपीय भारत, उत्तर पूर्व, पश्चिम मध्य क्षेत्र और उत्तर पश्चिम के अधिकांश क्षेत्रों में मार्च में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की उम्मीद है। पूर्व और पूर्व-मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से सामान्य से नीचे अधिकतम



तापमान बने रहने की संभावना है। सीज़न (मार्च, अप्रैल और मई) के दौरान, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में अल नीनो स्थितियों के साथ मार्च और मई के बीच 'हॉट वेदर सीजन 2024' के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। गर्मी के पूरे मौसम तक जारी रहने का अनुमान है और उसके बाद तटस्थ स्थिति विकसित होने की संभावना है। 2023 में अल नीनो की स्थिति के कारण 2023 में कमजोर और अनियमित मानसून के कारण 2023-24 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में भारत के खाद्यान्न उत्पादन में 6.1फीसदी की कमी आई।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, मार्च, अप्रैल और मई के दौरान, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप और पश्चिमी तट को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, 'हिमालय के कुछ अलग-अलग इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, जहां मार्च में न्यूनतम तापमान सामान्य से सामान्य से नीचे रहने ( **शेष पेज 9** )



कोलकाता में शुक्रवार को एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ।

# फ्लैट खरीदारों के रजिस्ट्री कराकर खिले चेहरे

## नोएडा में वर्षों से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे हजारों लोगों का सपना हुआ पूरा

● औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस कैंप के जरिए रोजाना करीब 200 रजिस्ट्री की जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में वर्षों से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे हजारों फ्लैटों खरीदारों का सपना पूरा हो गया। सेक्टर-77 में एक्सप्रेसवे जेनेथ परिसर में एक कार्यक्रम के जरिए फ्लैटों की रजिस्ट्री का शुभारंभ किया गया।

फ्लैटों की रजिस्ट्री के बाद हजाओ फ्लैट बायर्स के चेहरे खिल उठे है और उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का आभार जताया है, रजिस्ट्री के लिए लगाए गए कैम्प मे नेएडा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा उप्र औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना आयुक्त मनोज कुमार सिंह, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री तथा रजिस्ट्री एवं स्टांप विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस कैंप के जरिए रोजाना करीब 200 रजिस्ट्री की जाएंगी। 7 से 10 मार्च के बीच उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा आ सकते हैं। उस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में रजिस्ट्री बायर्स को हैंडओवर की जाएगी। तब तक 2 ये 2.5 हजार रजिस्ट्री हो जाएंगी। आगामी तीन से चार महीने में सभी लंबित करीब 2 से 3 लाख रजिस्ट्री पूरी कर ली जाएंगी। ऐसा हमारा लक्ष्य है। आज पहले दिन 100 बायर्स को मालिकाना हक दिया गया।

रजिस्ट्री पाकर बायर्स के चेहरों पर खुशी का माहौल है। औद्योगिक विकास आयुक्त ने कहा कि ये बायर्स का हक था। पैसा वो दे चुके थे, लेकिन कभी कभी ऐसी परिस्थितियां बन जाती है। जैसे कोविड पीरियड आया। अब सरकार की इस निती से उस डेडलॉक को ब्रेक किया जा रहा है। अब सभी बायर्स के हाथ में उनकी रजिस्ट्री होगी। अमिताभ कांत की सिफ रिश के तहत 95 प्रतिशत तक समस्या का समाधान हो जाएगा। जो बिल्डर सिफारिश के तहत नहीं आ रहे है उनके खाली पड़ी लैंड और इकाइयों को टेकओवर करने का प्रावधान भी इस सिफारिश में है।

यह पहली बार है कि निबंधन विभाग के साथ प्राधिकरण और बिल्डर तीनों कैंप लगाकर सोसाइटी में रजिस्ट्री करेंगे। ताकि बायर्स को दिक्कत न हो। इस मौके पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री आदि मौजूद रहे।

बता दे अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। ये सभी बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर देते है तो 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। सिफ रिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अभी 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा हुए है। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। आज 100 बायर्स की रजिस्ट्री की जा रही है। इसके लिए कैंप लगाया गया है। बाकी रजिस्ट्री के लिए भी बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाए जाएंगे।


सेक्टर-77 में एक्सप्रेसवे जेनेथ परिसर में लगे कैंप में फ्लैट की रजिस्ट्री कराते खरीदार।


औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एम लोकेश।

# 27 जोनल, 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

लोकसभा चुनाव

● चुनाव के लिए जिले में बनेंगे 841 मतदान केन्द्र

● 439 संवेदनशील और 71 अतिसंवेदनशील मतदेय स्थल भी चिन्हित किए गए हैं



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोकसभा चुनावों को लेकर कभी भी घोषणा हो सकती है। इसके चलते जिला प्रशासन ने भी चुनाव कराने को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। चुनाव को प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

चुनाव के लिए जिले में 841 मतदान केन्द्र 3195 मतदान स्थल बनेंगे तो वहीं 27 जोनल मजिस्ट्रेट और 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती होगी। चुनाव के लिए 3195 बीएलओ, 276 सुपरवाइजर और 26 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

इस बार 439 संवेदनशील और 71 अतिसंवेदनशील मतदेय स्थल भी चिन्हित किए गए हैं। विधानसभा वार केन्द्रों की बात करें तो साहिबाबाद विधानसभा में सबसे अधिक और धौलाना आंशिक में सबसे कम मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। लोकसभा चुनावों के लिए लोनी विधानसभा को तीन जोन और 41 सेक्टर में बांटा गया है, जहां इतने ही मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। लोनी में 146 मतदान केन्द्र, 530 मतदेय स्थल, 95 संवेदनशील मतदेय और 36 वल्नेबरल मतदेय स्थल होंगे। यहां 530 बीएलओ, 40 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी होंगे। मुरादनगर विधानसभा को 7जोनल और 35 सेक्टर में विभक्त कर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई जाएगी। यहां 153 मतदान केन्द्र, 514 मतदेय स्थल होंगे जिसमें 71 क्रिटिकल मतदेय स्थल भी हैं। मुरादनगर में चुनाव के लिए 514 बीएलओ, 43 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

सबसे बड़ी साहिबाबाद विधानसभा को सात जोन व 57 सेक्टर में बांटा गया है। यहां 263 मतदान केन्द्र, 1125 मतदेय स्थल हैं तो वहीं 109 क्रिटिकल और 30 वल्नेबरल मतदेय स्थल भी हैं। साहिबाबाद में चुनाव के लिए 1125 बीएलओ, 98 सुपरवाइजर और आठ एआरओ भी तैनात होंगे।

गाजियाबाद विधानसभा को चार जोन और 22 सेक्टर में बांट कर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई जाएगी। यहां 119 मतदान केन्द्र और 506 मतदेय स्थल होंगे। साथही 72 क्रिटिकल मतदेय स्थल भी हैं। चुनाव के लिए 504 बीएलओ, 48 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र को 4 जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है। यहां 122 मतदान केन्द्र और 387 मतदेय स्थल हैं। इसके अलावा 92 क्रिटिकल और 5 वल्नेबरल मतदेय स्थल भी हैं। चुनाव कराने के लिए 387 बीएलओ, 36 सुपरवाइजर और चार एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

### धौलाना आंशिक को दो जोन बांटा गया



*धौलाना आंशिक को दो जोन और दस सेक्टर में बांटा गया है। यहां 38 मतदान केन्द्र और 133 मतदेय स्थल भी हैं। यहां एक भी क्रिटिकल केन्द्र नहीं हैं। इसके अलावा 133 बीएलओ, 11 सुपरवाइजर और दो एआरओ भी तैनात होंगे। इतना ही नहीं इस बार बहुमंजिली इमारतों में 35 मतदान केन्द्र और 52 मतदेय स्थल भी बनाए गए हैं। जिसमें लोनी में 3 मतदान केन्द्र, 6 मतदेय स्थल, मुरादनगर में 5 मतदान केन्द्र और 6 मतदेय स्थल, साहिबाबाद में 21 मतदान केन्द्र और 33 मतदेय स्थल, गाजियाबाद में 6 मतदान केन्द्र और 7 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।*

## संक्षिप्त समाचार


उग्र प्रदर्शनकारी को ले जाती गाजियाबाद पुलिस।

### प्रजापति समाज की यात्रा पर लाठीचार्ज

**गाजियाबाद।** हरिद्वार से दिल्ली जंतर-मंतर पर जा रही राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प साइकिल यात्रा को शुक्रवार को गाजियाबाद में पुलिस ने रोक दिया। इस पर बवाल हो गया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पहले पत्थर बरसाए तो पुलिस ने जवाब में लाठियां फटकारी। अफरातफरी और भगदड़ में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कइयों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा प्रजापति के नेतृत्व में साइकिल यात्रा 27 फरवरी को हरिद्वार से प्रारंभ हुई। ये यात्रा समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए निकाली जा रही है। यात्रा रुड़की, मेरठ, मोदीनगर होते हुए 1 मार्च की शाम गाजियाबाद में पहुंची।

### चार मार्च को होगा फ्लावर फेस्ट का आयोजन

**गाजियाबाद।** मॉडल टाउन के सेंट्रल पार्क में हार्टिकल्चर फ्लोरी कल्चर सोसायटी और मॉडल टाउन ईस्ट द्वारा चार मार्च से फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी की अध्यक्ष रमा त्यागी ने बताया कि इस फेस्ट में स्कूली बच्चों को विशेष तौर पर बुलाया गया है। जिनको स्कूल के गार्डन में उगाई गई सब्जियों व फूलों का डिस्प्ले कर दिखाया जाएगा। फ्लावर फेस्ट में 100 से अधिक वेराईटी के पौधों और फूलों का प्रदर्शन किया जाएगा। सोसाइटी की उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, कृष्ण गर्ग एवं बबीता अग्रवाल ने बताया की फ्लावर शो पिछले 16 सालों से गाजियाबाद मे आयोजित किया जा रहा था। इस बार श्रंखला को बनाए रखने के लिए छोटे स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
882, ईस्ट पार्क रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
फोन: 011-23536016 से 19 | फैक्स: 011-23536020
ईमेल: karolbag@kvbmail.com

आभूषणों/स्वर्ण आभूषणों की नीलामी

निम्नलिखित व्यक्ति, जिन्होंने **स्वर्ण** के आभूषणों को गिरवी रखकर ऋण लिया है, ने हमारे मांग नोटिस के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया है। इसलिए, कृपया ध्यान दें कि यदि 20.03.2024 को या उससे पहले मूलधन/ब्याज और अन्य शुल्कों का भुगतान नहीं किया जाता है, तो गिरवी रखे गए आभूषणों की नीलामी बैंक के नियमों और विनियमों के अधीन 20.03.2024 को शाम 4 बजे बैंक परिसर में सार्वजनिक रूप से की जाएगी। बैंक बिना किसी सूचना और कारण बताए नीलामी या किसी अन्य सुविधाजनक तिथि को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है:

| गहना ऋण खाता | गहनों का सकल वजन (ग्राम में) | गहनों का शुद्ध वजन (ग्राम में) | कर्जदार का नाम |
|---|---|---|---|
| '410195100000148 | 9.8 | 6.8 | श्री सुंदरेश |
| '410195100000205 | 11.3 | 8.5 | श्री सुंदरेश |

स्थान: दिल्ली-करोल बाग, दिनांक : 29.02.2024 हस्ता/- शाखा प्रमुख

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank
शाखा पता: 3, भूतल संत नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश दिल्ली 110065
संपर्क नं. 011-47272212, 01126475565, 9953140658
ईमेल आईडी: eastofkailas@kvbmail.com

सुरक्षित जमा लॉकर तोड़ने की सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित किरायेदारों ने ईस्ट ऑफ कैलाश शाखा से सुरक्षित जमा लॉकर सुविधा का लाभ उठाया है और निर्धारित समय के भीतर इसे नवीनीकृत करने में विफल रहे हैं, करूर वैश्य बैंक लि द्वारा उन्हें बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद - किरायेदार लॉकर किराया बकाया का भुगतान करने में विफल रहे हैं, चूंकि किरायेदार लॉकर के किराए का बकाया भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए हम 16.03.2024 को संबंधित शाखा परिसर में दोपहर 1:00 बजे उक्त लॉकर को तोड़ने के लिए बाध्य हैं। यह सार्वजनिक सूचना किराएदारों के वारिसों/कानूनी उत्तराधिकारियों को है, यदि लागू हो। इसके अलावा, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के ब्रेक ओपनिंग की तिथि को बदलने का अधिकार है।

| क्र. सं. | किराएदार का नाम | लॉकर नं. | देय राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | घनश्याम पांडे | 4105002B035 | 13806/- |
| 2 | प्रभमीत सिंह, श्रीमती कनणीत साम्रा | 4105003D006 | 14750/- |
| 3 | अशोक कुमार, श्रीमती निशा सिंघल | 4105002B023 | 15222/- |
| 4 | अमित कुमार | 4105003D018 | 26680/- |

दिनांक : 02.03.2024 हस्ता/-
स्थान: दिल्ली शाखा प्रमुख - करूर वैश्य बैंक

# नोएडा की पारस टियारा सोसाइटी में हंगामा

● पार्किंग को लेकर गार्ड ने युवक पर बरसाई लाठियां, एम्बुलेंस के लिए चिल्लाती रही महिला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पारस टियारा सोसाइटी में जमकर हंगामा हुआ। यहां एक कार मालिक पर सीक्यूरिटी गार्ड ने जमकर लाठी बरसा दी। उसके सिर में चोट लगी। उसके साथ महिला ने पुलिस को फोन किया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी चार सीक्यूरिटी गार्ड के खिलाफ धारा.151 में चालान किया साथ ही पीड़ित का मेडिकल कराया। वायरल वीडियो पारस टियारा सोसाइटी का है। इसमें साफदिख रहा है कि कवीश अरोड़ा और उनके साथ एक महिला कार के गेट के पास खड़े है। वहां वे गार्ड से बातचीत कर रहे है।

इस दौरान पहले महिला के साथ एक महिला गार्ड बदतमीजी करती है। इसके बाद एक गार्ड लाठी से कवीश के कमर पर हमला करता है। एक के बाद एक लाठी बरसाना शुरू करते है। उसी सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में खड़ा शख्स इसका वीडियो बना रहा है। सर पर चोट लगने के बाद महिला जोर जोर से एम्बुलेंस और पुलिस को फोन करने को कहती है।

पुलिस के आने से पहले एक बार फिर गार्ड कवीश को थप्पड़ और लात घूसें से मारते है। यही नहीं एक गार्ड महिला को भी डंडा मारता है। वीडियो में साफ दिख रहा है इस दौरान गेट पर पुलिस पहुंचती है। जिसे देखकर गार्ड इधर उधर हो जाते है। पुलिस जांच पड़ताल करती है और 4 गार्ड को अपने साथ ले जाती है। इन गार्ड की पहचान मनीष, नरेश वर्मा, राकेश व गोपाल है। जिनको गिरफ्तार किया गया। दरअसल ये पूरा मामला सेक्टर-137 पारस टियारा सोसाइटी का है। यहां कवीश आरोड़ा अपने परिवार के साथ किराए पर रहते है। वह एक निजी कंपनी में काम करते है।



# नौकरी के बहाने बुलाया फिर की लूटपाट, मारपीट कर किया घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक को नौकरी दिलाने के बहाने से बुलाकर बदमाशों ने उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद मामला दर्ज करके पुलिस जांच में जुट गई है।

मामला नोएडा शहर के जारचा थाना इलाके का है। जहां नौकरी दिलाने के बहाने सुनसान जगह बुलाकर तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति से सोने की चेन, नकदी लूट ली। थाना जारचा पुलिस ने लूट के इस मामले को चोरी की धारा में दर्ज किया है। दरअसल मूल रूप से हाथरस निवासी गुड्डू हाल में सरस्वती विहार कॉलोनी दादरी में रह रहा है। गुड्डू के मुताबिक उसकी किसी के माध्यम से बिसाहड़ा निवासी विजय से नौकरी के बारे में बात हुई थी। 25 फरवरी को विजय ने उसे नौकरी दिलवाने के बहाने पेरीफेरल फ्लाईओवर के पास बुलवाया। गुड्डू के मुताबिक विजय के साथ दो और युवक आए इन लोगों ने उसके साथ लूटपाट शुरू कर दी।

# गौतम बुद्धनगर में 2500 कैमरे लगाने की तैयारी

● कंट्रोल रूम के जरिये होगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा शहर और नोएडा निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बेंगलुरु की तर्ज पर सेफ सिटी बनाने की योजना तैयार की है। जिसको धरातल पर उतरने की दिशा में अब नोएडा प्राधिकरण ने अपने कदम बढ़ा दिए है।

ऐसे में नोएडा शहर के चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखने के लिए 2500 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। नोएडा शहर में यह कैमरे कहां कहां पर लगाकर कंट्रोल रूम के जरिये आसानी से मानिटरिंग की जा सके। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने सर्वे कराने के बाद 550 उन स्थानों को चिह्नित किया है, जो अतिसंवेदनशील है।

सेफसिटी परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण ने दो सौ करोड़ रुपये खर्च करने का बजट निर्धारित किया है। मार्च में इस परियोजना के लिए काम शुरू कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि नोएडा शहर के जिन 550 स्थानों पर कैमरे लगाए जाने है, उसकी सूची पुलिस प्रशासन ने नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। सूची में भीड़ भाड़ वाले बाजार के अलावा स्कूल, धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। यह कैमरे आइएसटीएमएस की बजाए सेफ सिटी के तहत लगाए जाएंगे। बता दें कि इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, बल्कि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट और उसमें बैठे लोग भी साफतौर पर कैमरों में नजर आएंगे। जिन जगह कैमरे लगाए जाएंगे उनमें अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्र ही है। सेफसिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे।



# दरोगा पर गोली चलाने वाला मुठभेड़ में घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पास से हरियाणा के फरीदाबाद से लूटी गई अर्टिगा कार, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। आपको बता दें कि पकड़े गए बदमाश ने पूर्व में बिलासपुर चौकी के प्रभारी को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस बदमाश की गिरफ्तारी पर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने टीम को 50 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि ऐच्छर चौकी प्रभारी चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अतुल्य गोल चक्कर की तरफसे आ रही एक अर्टिगा कार को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। कार चालक रुकने के बजाय सेक्टर .36 की तरफ भाग निकला। पुलिस टीम ने अर्टिगा कार का पीछा किया और साथी पुलिस कर्मियों को कार में बदमाश होने की सूचना दी। पीछा करने के दौरान अर्टिगा कार सवार चालक ने पुलिसकर्मियों पर फायर किया। विनोद भाटी गोल चक्कर के पास पुलिस टीम ने अर्टिगा कार को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर कार सवार बदमाश तमंचा लेकर गाड़ी से निकलकर भाग निकला। पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने बदमाश को दबोच लिया।


मुठभेड़ में घायल बदमाश

### फोन वापस मांगने पर मारा चाकू, गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-54 के पास बीती रात को एक युवक ने एक राहगीर से मोबाइल फोन बात करने के लिए मांगा। वह उसका मोबाइल लेकर भागने लगाए जब उसने अपना मोबाइल फोन मांगा तो और उसने उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया

थाना सेक्टर.24 के प्रभारी निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अकरम नामक युवक ने बीती रात जा रहा था, तभी नेपाल में महतो नामक युवक वहां पर आया। उसने उससे मदद मांगी तथा उसका फोन बात करने के लिए ले लिया। अकरम ने उसे अपना फोन मांगा तो उसके ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# सौगातः नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेगी मिनी मुंबई

● सलाहकार कंपनी का हुआ चयन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास मिनी मुंबई फिनटेक सिटी बसाई जाएगी। इसका खाका कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी तैयार करेगी। यमुना प्राधिकरण में खोली गई वित्तीय निविदा में पांच कंपनियों में से कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का चयन फिनटेक सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए किया गया है।

मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी की पहचान मिली हुई है। इसी की तर्ज पर फिनटेक सिटी को वाणिज्यक एवं वित्तीय संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 13 में फिनटेक सिटी के विकास का निर्माण लिया है। इसे सौ एकड़ में विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे। आपको बता दें कि कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा. लि कंपनी 45 दिन में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। फिनटेक सिटी यीडा समेत गौतमबुद्ध नगर में आर्थिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा।

इसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर के साथ वित्तीय संस्थानों से संबंधित कार्यों को एक ही क्लस्टर में कराने की सुविधा मिल जाएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण तेजी से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। वाणिज्य के साथ औद्योगिक ढांचे का यीडा क्षेत्र में विकास हो रहा है। इसलिए, यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 13 में फिनटेक सिटी के विकास का निर्माण लिया है। इसे सौ एकड़ में विकसित किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे।

वैश्विक निविदा में सीबीआरई साउथ एशिया प्रा लि कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा लि जोन्स लेंग ला सेले प्रापर्टी कंसल्टेंट इंडिया प्रा लि ट्रेक्टेबल इंजीनियर्स प्रा लि और वायन्ट्स सल्यूशन प्रा लि तकनीकी निविदा में सफल रही थीं। वित्तीय निविदा में कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा लि का चयन किया गया है।

सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि 45 दिन में कंपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगी। चयनित कंपनी फिनटेक सिटी के विकास पर सुझाव देगी कि इसे पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाए या फिर प्राधिकरण सीधे वित्तीय संस्थानों को सीधे भूखंड का आवंटन करे। इसके साथ ही फिनटेक सिटी में कौन-कौन सी सुविधाएं विकसित होनी चाहिए, इनके लिए कितना क्षेत्र आरक्षित किया जाएगा। फिनटेक सिटी को विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना फायदेमंद होगा की नहीं।

केंद्रीय वित्तीय संस्थानों के लिए फिनटेक सिटी को केंद्र सरकार से अधिसूचना जारी करना जरूरी है या नहीं आदि पर भी कंपनी अपने सुझाव देगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की तर्ज पर फिनटेक सिटी को वाणिज्यक एवं वित्तीय संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

पचास प्रतिशत में कार्मशियल, शेष में आवासीय, कोर फाइनेंशियल सर्विस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, ग्लोबल सेंटर आफ एक्सीलेंस, एलाइड कामर्शियल सर्विस, फाइनेंशियल प्रोसेसिंग, बैंक, वित्तीय, शेयर एक्सचेंज, बीमा कंपनियों के कार्यालय समेत वित्तीय क्षेत्र से संबंधित गतिविधियां होंगी। इसका 250 एकड़ तक विस्तार किया जाएगा।



# दो साल में 22% बढ़ी प्रति व्यक्ति आय : आतिशी

## वित्त मंत्री बोली- दिल्ली सरकार का राजस्व बढ़ा, हर साल की तरह सरकार का बजट मुनाफे में रहा

### आर्थिक सर्वेक्षण



वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक बजट पेश करती हुईं।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय गत दो साल में 22 फीसदी बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.61 लाख रुपये हो गयी है। इसके अलावा पिछले 1 साल में सरकार का राजस्व बढ़ा है और हर साल की तरह केजरीवाल सरकार का बजट मुनाफे में रहा है।

वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक बजट पेश करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के सुचारू कामकाज में पैदा हुई बाधाओं के बावजूद इसकी प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने आर्थिक समीक्षा का ब्योरा देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर दिल्ली का जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) 11,07,746 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 9.17 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय राजधानी की जीएसडीपी 10.14 लाख करोड़ रुपये थी। आतिशी ने कहा कि, ये साल एक ऐसा साल रहा जहाँ केजरीवाल सरकार के काम रोकने की हर संभव कोशिश हुई। इसके बावजूद ये आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े दिखा रहे है कि पिछले 1 साल में हर साजिश और बाधाओं के बावजूद अर्थव्यवस्था रिकॉर्ड गति के साथ बढ़ी है।

वित्त मंत्री ने साझा किया कि, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मौजूदा कीमतों पर दिल्ली की जीएसडीपी वर्ष 2022-23 की तुलना में 9.17 प्रतिश की वृद्धि के साथ रुपये 11,07,746 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीएसडीपी 10,14,000 करोड़ थी। कोविड के बाद के समय में, दिल्ली की वास्तविक जीएसडीपी वर्ष 2021-22 में 8.76 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 7.85 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो देश के बाकी राज्यों की तुलना में काफी आगे है। वित्तमंत्री ने कहा कि दिल्ली में देश की का 1.5प्रतिशत आबादी रहती है जबकि दिल्ली का देश की जीडीपी में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान है।

साथ ही प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में रुपये 3,76,217 थी जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर रुपये 4,61,910 हो गई। यानि पिछले 2 वर्षों में 22 प्रतिशत बढ़ी है। दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय में रिकॉर्ड वृद्धि तो हुई ही है साथ ही, आज प्रति व्यक्ति आय देश के प्रति व्यक्ति आय 2.5 गुना है। वित्त मंत्री ने कहा, देश में 2 सबसे बड़ी समस्या महँगाई और बेरोजगारी है। देश की महंगाई दर पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर है। पिछले 10 सालों में देश में 70 प्रतिशत से ज्यादा महंगाई बढ़ी है। वर्ष 2014-15 में 300 रूपये में मिलने वाला गैस सिलेंडर आज 1200 का मिल रहा है, पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। देश में महंगाई दर वर्ष 2023 में 5.65 फीसदी थी लेकिन केंद्र सरकार के ही आंकड़े बताते हैं कि केजरीवाल सरकार में महंगाई दर सबसे कम है जब राष्ट्रीय महंगाई दर (जनवरी से दिसंबर 2023) में 5.65 प्रतिशत थी।

तब दिल्ली में महंगाई दर इसका आधा यानि 2.81 प्रतिशत थी। देश की दूसरी बड़ी समस्या बेरोजगारी है। आज देश में 25 प्रशित युवा बेरोजगार है, 42 प्रतिशत ग्रेजुएट बेरोजगार है लेकिन केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में रोजगार और बिजनेस बढ़ाने के अवसर पैदा किए।

इस कारण दिल्ली में वर्ष 2020-21 में (कोविड के बाद) बेरोजगारी दर 6.3 फीसदी थी और पिछले 2 सालों में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के प्रयासों से अर्थव्यवस्था को बूस्ट मिला और वित्तवर्ष 2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 1.9 प्रतिशत पर पहुँच गई।

### घाटा वित्त वर्ष में 2022-23 में घटकर 5.21 प्रतिशत रहा

**आतिशी ने कहा कि पिछली सरकारें लोन लेती आई थी, अपने राजस्व से ज्यादा खर्च करती है। दिल्ली में जब अरविन्द केजरीवाल की नेतृत्व में सरकार बनी तो काफी उधारी थी। वर्ष 2012-13 में राजस्व प्राप्तियों पर ब्याज भुगतान का अनुपात 11.20 प्रतिशत था लेकिन केजरीवाल ने जिस समझदारी से सरकार चलाई उससे ये आंकड़ा वित्त 2022-23 में घटकर 5.21 प्रतिशत रह गया। ये आर्थिक सर्वेक्षण दिल्ली की तरक्की की गाथा सुना रहा है।**

### राजस्व में 18 प्रतिशत की वृद्धि



आतिशी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब पहली बार आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ी थी तब आप का नारार था बिजली हाफ-पानी माफ तब लोग हंसा करते थे और कहते थे ये संभव नहीं है। अगर ऐसा हुआ तो अर्थव्यवस्था डूब जाएगी लेकिन आज देश में एकमात्र कोई ऐसी सरकार है जो मुनाफे में चलती है तो वो केजरीवाल सरकार है। वित्तवर्ष 2021-22 में 3,270 करोड़ का राजस्व अधिशेष दर्ज किया, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 14,457 करोड़ हो गया। दिल्ली सरकार ने वित्तवर्ष 2022-23 के दौरान अपने राजस्व में 18फीसदी की वृद्धि दर्ज की।

# दिल्ली सरकार ने की केवल आंकड़ों की कलाबाजी : बिधूड़ी

- केजरीवाल सरकार ने अपनी असफलताओं का दोष उपराज्यपाल पर डाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने वित्तमंत्री आतिशी द्वारा सदन में पेश आर्थिक सर्वेक्षण को सिर्फ आंकड़ों की कलाबाजी बताया है। उन्होंने कहा कि यह कितना विरोधाभास है कि एक तरफ सरकार कह रही है कि उसे काम नहीं करने दिया जा रहा और दूसरी तरफ ऐतिहासिक काम करने के दावे किए जा रहे हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय हमेशा से ही ज्यादा रही है जबकि आप सरकार उसे अपना करिश्मा बता रही है। जहां तक सरकार के फायदे में चलने की बात है तो केजरीवाल सरकार जनता के हितों का कोई कार्य नहीं कर रही। इंफ्रास्ट्रचर के मामले में आगे बढ़ने की बजाय पीछे जा रही है। नई सड़कें बनना तो दूर, पुरानी सड़कों की मरम्मत तक नहीं हो पा रही जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी। स्वास्थ्य और जल बोर्ड के मामले में तो आतिशी ने अपनी सरकार की असफलता खुद स्वीकार किया है लेकिन दोष एलजी पर डाल दिया है। जब सरकार जनता के लिए विकास की योजनाएं ही नहीं बनाएगी यानी खर्चा नहीं करेगी तो उसका राजस्व बचा ही रहेगा। बिधूड़ी ने कहा कि इस बार सरकार ने आउटकम बजट भी पेश नहीं किया जिसमें पता चलता है कि पिछले बजट की कितनी योजनाओं को लागू किया गया है। दरअसल जब सरकार की असफलताओं का हिसाब-किताब मांगा जाता है तो वे दोष उपराज्यपाल पर डाल देते हैं। सच्चाई यह है कि यह केवल प्रचार की सरकार है और सिर्फ झूठे दावों और आंकड़ों की कलाबाजी से ही झूठे दावे करती रहती है।

# इकनॉमिक सर्वे में कुछ भी अनोखा नहीं : सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि इकनॉमिक सर्वे एक सामान्य आर्थिक रिपोर्ट है जिसमें कुछ भी अनोखा नहीं है। खेदपूर्ण है कि वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने की आड़ में भी ओछी राजनीतिक बयानबाजी की, झूठे दावे किये। वित्त मंत्री का कोविडकाल के बाद अर्थ व्यवस्था में तेजी का दावा खोखला है क्योंकि कोविडकाल के बाद देश की अर्थ व्यवस्था ने गत वर्ष से ही रफ्तार पकड़ ली थी खासकर महानगरों में। वित्त मंत्री ने दावा किया कि दिल्ली में देश की मात्र 1.5 प्रतिशत आबादी रहती है पर जीडीपी में 4 प्रतिशत योगदान है में केजरीवाल सरकार का कोई योगदान नहीं है। दिल्ली एक व्यपारिक वितरण केन्द्र है और यहाँ अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भी हैं और व्यापारियों एवं उधमियों के श्रम के कारण दिल्ली का जीडीपी औसत शहरों से अधिक है। अतिशी का दावा कि दिल्ली में महंगाई एवं बेरोजगारी दरें कम हैं। मंत्री ने यह भी दावा किया कि मुफ्त बिजली पानी बस टिकट से महंगाई दर कम है।

# सिलक्यारा सुरंग के नायक वकील हसन ने परिवार संग फुटपाथ पर गुजारी रात

- कहा- खजूरी खास से नहीं हटेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को बाहर निकालने वाली टीम का हिस्सा रहे वकील हसन ने कहा कि वह उस जगह से नहीं हटेंगे। अतिक्रमण हटाओ अभियान में अपना घर खो देने के बाद उन्होंने और उनके परिवार ने फुटपाथ पर ही अपनी दूसरी रात गुजारी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें और उनके परिवार को नरेला में एक ईडब्ल्यूएस फ्लैट उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को ठुकराने के एक दिन बाद हसन ने कहा, वह और उनका परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने रात को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर लिया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके परिवार को सरकार की ओर से अभी तक कोई मदद नहीं मिली है। वकील हसन पिछले साल नवंबर में उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग के मलबे में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने वाली टीम का हिस्सा थे। उत्तर-पूर्व दिल्ली के खजूरी खास इलाके में डीडीए द्वारा चलाए गए एक अभियान में हसन का मकान गिरा दिया गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार को बताया कि डीडीए अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उन्हें एक घर मुहैया कराया जाएगा लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह केवल ''मौखिक आश्वासन'' था।

हसन ने उसी जगह मकान का निर्माण कराने की मांग की, जहां तोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल करेंगे। हसन ने दावा किया कि उसका घर बिना किसी पूर्व सूचना के ध्वस्त कर दिया गया, जबकि डीडीए ने कहा कि हसन इस बात से अवगत थे कि उनका मकान अतिक्रमण के दायरे में है और इसे 2016 में भी हटाया गया था।

# नगर निगम ने 830 पशुओं को गौशाला भेजा

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने सड़कों पर घुमने वाले पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। निगम द्वारा 21 फरवरी 2023 से अब तक आवारा मवेशियों और अवैध डेयरियों के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान में कुल 830 मवेशियों को पकड़ कर गौशाला भेज दिया गया है। निगम द्वारा पकड़े गए कुल 830 मवेशियों में से 436 मवेशियों को केशवपुरम जोन से पकड़ा गया है। इस विशेष अभियान के



तहत की गई कार्रवाई में 10 डेयरियों को सील कर दिया गया और 13 अवैध डेयरियों की बिजली बंद कर दी गई। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा केशवपुरम जोन में 19 अवैध डेयरियां ध्वस्त की गईं हैं और संगम विहार इलाके में भी 10 अवैध डेयरियों भी सील किया गया है।

# हिमाचल से प्रयागराज सीधे पहुंचेंगे श्रद्धालु

- इंदौर चंडीगढ़ एक्सप्रेस अब ऊना तक एक्सटेंशन : ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



क्रेंदीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते अनुराग सिंह ठाकुर।

हिमाचल प्रदेश से श्रद्धालु सीधे प्रयागराज पहुंच सकेंगे। इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अब ऊना से चलने की मंजूरी रेलवे से मिल गई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज जाने वाले हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालु अब सीधा संगम नगरी प्रयाग पहुँच सकेंगे।

इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अब ऊना से चलने की मंजूरी रेलवे से मिल गई है। अनुराग ठाकुर ने इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र व केंद्र में हिमाचल का प्रतिनिधि होने के नाते वह हमेशा देवभूमि के विकास व यहाँ के बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रतिबद्ध है। संगमनगरी प्रयागराज एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल से बड़ी संख्या में लोग संगम स्नान करने प्रयागराज जाते हैं, मगर हिमाचल से सीधा प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन सुविधा नहीं होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

हिमाचल के यात्रीगण ट्रेन से सीधा ही हरिद्वार तक जा सकें ऐसी सुविधा के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अनुरोध किया था। इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन अब ऊना से इंदौर तक चलाई जाएगी जिससे यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। ठाकुर ने कहा ट्रेन संख्या 19307/08 इंदौर चंडीगढ़ एक्सप्रेस पहले सुबह साढ़े पांच बजे इंदौर से खुल कर 8 बजे नंगल डैम पहुंचती थी। अब ये इंदौर ऊना हिमाचल एक्सप्रेस के नाम से जानी जायेगी और सुबह 5.30 बजे चलकर सुबह 8.35 को ऊना पहुंचेगी। वहीं ये ऊना से दोपहर 1.50 को खुलकर 3.05 को इंदौर पहुँचायेगी। इससे पहले मेरे अनुरोध पर ऊना हिमाचल से चल कर सहारनपुर जाने वाली ट्रेन का एक्सटेंशन हरिद्वार तक रेलमंत्री ने किया है। इससे पहले 17 फरवरी को चक्की नदी पर पुल निर्माण की मंजूरी दिलाई है जिससे जल्द पठानकोट से जोगिंदरनगर के बीच रेल सेवा बहाल हो जाएगी। इसके साथ ही कांगड़ा से नूरपुर के बीच का रेल ट्रैक भी जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा। इसके लिए भी रेल मंत्री ने मंजूरी दे दी है।

# फूलों की खुशबू से महका डीयू का कैंपस



दिल्ली विश्वविद्यालय में 66वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी के दौरान छात्राओं में सेल्फी और ग्रुप फोटो लेने का क्रेज देखने को मिला । फोटोः रंजन डिमरी।

- गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में 66वीं पुष्प प्रदर्शनी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में 66वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन विवि के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में किया गया। प्रदर्शनी में गेंदा, गुलाब, ट्यूलिप, डेहलिया जैसे फूलों की विभिन्न प्रजातियों से विवि महक उठा।

प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि फूल जीवन को प्रेरणा देते हैं, लेकिन अगर उनमें खुशबू न हो तो वह अच्छे नहीं लगते। इसी तरह से हमारा जीवन है। राष्ट्रपति भवन से दिल्ली विश्वविद्यालय की पुष्प प्रदर्शनी में स्टाल लगाने को लेकर भी कुलपति ने खुशी जाहिर की। प्रदर्शनी के थीम स्त्री और प्रकृति संवर्धन सहकारिता एवं शाश्वत विकास का उत्सव को लेकर सिंह ने कहा कि 2024 के लिए यह थीम बहुत ही उपयुक्त है। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में हमने तय किया है कि जीवित फूलों के साथ उत्सव मनाना चाहिए, फूलों को तोड़कर मारा नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर नारा लेखन और पुष्प एवं बागवानी से संबंधित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। विश्वविद्यालय के कॉलेज में सर्वोत्तम हरित अभ्यास के लिए शताब्दी कप हंसराज कॉलेज को मिला।

### मिरांडा हाउस को मिला कालीचरण पुरस्कार

शो में सर्वाधिक अंक पाने पर कुलपति कप कालीचरण पुरस्कार मिरांडा हाउस को मिला और शो में सर्वाधिक अंक पाने पर दूसरा प्लैटिनम जुबली कप कालीचरण पुरस्कार ग्वायर हॉल को मिला। कुलपति से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागों ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण में महिलाओं के योगदान पर चर्चा करते हुए देश की अनेकों ऐसी महिलाओं के नाम गिनवाए उनसे पूर्व पुष्प प्रदर्शनी की चेयर पर्सन प्रो. रजनी अब्बी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में डीयू गार्डन कमेटी की सचिव प्रो. रूपम कपूर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. प्रकाश सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नबी करीम में गलियों का पुनर्निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को रामनगर वार्ड नबी करीम में 15 से अधिक सड़कों, गलियों के पुनर्निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। हुसैन ने लगभग 1.40 करोड़ की लागत से मोतिया खान गली नंबर 3, 4 और 5 बगीची अलाउद्दीन, श्यामजीमल गली नंबर 3, झंडेलवालान रोड गली नंबर 3 के आसपास की 15 से अधिक गलियों में आरएमसी रोड के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री ने भरोसा दिया कि जलापूर्ति से संबंधित सभी मसलों का जल्द समाधान किया जाएगा और जिसको देखते हुए हुसैन ने एरिया में बोरिंग की संभावनाओं का आकलन करने को कहा।

# भाजपा का संदेशखाली मुद्दे पर प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मांगा इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



| 10. | विपिन कुमार, कृष्णा देवी, प्लॉट नं. 245 आर, न्यू नगर निगम नंबर 1396/29, बाटा शोरूम, मॉडल टाउन, दिल्ली रोड, रोहतक, हरियाणा- 124001 सेक्टर-24 रोहिणी प्रिंस पब्लिक स्कूल 110085 खाता नं. LBDEL00004897471 | प्लॉट नं. 245 आर, न्यू नगर निगम नं. 1396/29, बाटा शोरूम, मॉडल टाउन, दिल्ली रोड, रोहतक, हरियाणा-124001 | 19/01/2024 रु. 23,03,279/- | 03/11/2023 |
| 11. | अनुज वर्मा, उषा वर्मा, ई-345, महावीर एन्क्लेव- 3, गली नं. 75, उत्तम नगर दिल्ली 110059, खाता नं. LBDEL00001978987 | फ्लैट नं. ।, 1808, 18वीं मंजिल, एवीजे हाइट्स, प्लॉट नं. जीएच 12/2, सेक्टर जेटा- ।, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश | 19/01/2024 रु. 27,03,514.3/- | 30/11/2023 |
| 12. | बीरेंद्र कुमार, गुरिया कुमारी, मकान नं. 103/09, एम.बी रोड, विभाग-1, सेक्टर-1, पुष्पा विहार, मालवीय नगर, केंद्रीय भंडार के पास, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली 110017 खाता नं. LBDEL00005237302 | फ्लैट नं. 308, (2बीएचके टाइप बी) टावर-टी5, तीसरी मंजिल, आशियारा, सेक्टर-37सी, गांव गडौली खुर्द, तहसील और जिला गुड़गांव, हरियाणा-122001 | 19/01/2024 रु. 16,85,838/- | 06/09/2023 |
| 13. | नरेंद्र सिंह गुसाईं, रेखा नरेंद्र सिंह गुसाईं, फ्लैट नं. 201, प्लॉट नं. 105, पाम विला, सेक्टर 48, द्रोणागिरी, बोकादविरा उरण जिला रायगढ़, महाराष्ट्र, नवी मुंबई-400702 खाता नं. LBDEL00005679498 | फ्लैट नंबर 401, चौथी मंजिल, प्लॉट नं. 17 पर, सेक्टर 50, स्काई क्रीवा, ग्राम द्रोणागिरी, तालुका उरण, जिला रायगढ़, नवी मुंबई, महाराष्ट्र- 400702 | 19/01/2024 रु. 16,36,696/- | 30/11/2023 |
| 14. | शैलेन्द्र कुमार, राखी ध्यानी, ए 86 हिल अपार्टमेंट, सेक्टर-13 रोहिणी, नई दिल्ली, 110085 खाता नं. LBDEL00002427062 | संपत्ति नं. 121, पहली मंजिल, बिना छत के अधिकार के, ब्लॉक-सी, पॉकेट-5, सेक्टर 11, रोहिणी रिहायशी स्कीम, रोहिणी, दिल्ली में स्थित | 23/01/2024 रु. 30,48,837.45/- | 18/11/2023 |
| 15. | संदीप कुमार, कुसुम मकान नं. 3334, कूचा काश गिरी, बाजार सीता राम, चावड़ी बाजार दिल्ली 110006 खाता नं. LBDEL00005206779 | फ्लैट नं. एम 1503, 14वीं मंजिल, टॉवर-एम, टेरा हेरिटेज में, अलवर बाई पास रोड, सेक्टर-51, भिवाड़ी, राजस्थान- 301019 पर स्थित | 23/01/2024 रु. 25,94,986.3/- | 03/11/2023 |
| 16. | आयुष सिंह, दौलत सिंह, साधना सिंह, फ्लैट नं. जी-2, प्लॉट नं. 862, ग्रीन स्ट्रीट, जीडीए मार्केट के पास, सेक्टर-5, आई.ई. साहिबाबाद, वैशाली, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद- 201010 खाता नं. LBGHZ00005188692 | फ्लैट नं. 3जे-0606, टावर-3जे, 6वीं मंजिल (बिना छत के अधिकार के), ब्लॉक-जे, निलय ग्रीन्स, खसरा नं. 1015, 1023/1मि, 1023/2मि, और 1023मि, ग्राम मोरटा, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, परगना, जलालाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 200001 | 23/01/2024 रु. 24,55,504/- | 01/11/2023 |
| 17. | संजीव कुमार सचदेवा, संगीता सचदेवा, पुनीत सचदेवा, निवासी 2928/4, चूना मंडी, पहाड़ गंज सेंट्रल दिल्ली नई दिल्ली-110055 खाता नं. LBDEL00005559559 | फ्लैट नं. डी5-302, तीसरी मंजिल, हैबिटेट रेजिडेंस, टावर-डी-5, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 | 23/01/2024 रु. 20,08,664/- | 05/11/2023 |
| 18. | धीरज त्यागी, राजकुमार मकान नं. 4246, गली नं. 7, राजेंद्र पार्क, गुड़गांव हरियाणा 122001 खाता नं. LBDEL00004326210 | फ्लैट नं. ए-1106, 11वीं मंजिल, टॉवर-ए, सोलेरा, सेक्टर-107, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 | 23/01/2024 रु. 17,76,105.94/- | 08/11/2023 |
| 19. | शशि कला, केशव कुमार, मकान नं. 221, प्रथम तल, जालम मोहल्ला तुगलकाबाद गांव, रमेश बिधूड़ी कोटी के पास, बदरपुर दक्षिणी दिल्ली- 110044 खाता नं. LBDEL00004205111 | फ्लैट नं. टी1-204, दूसरी मंजिल, टॉवर 1, ग्लोबल हिल व्यू, सेक्टर-11, सोहना, गुड़गांव-122103 | 23/01/2024 रु. 12,59,178/- | 03/11/2023 |
| 20. | रंजीत कुमार घोष, रोली गुप्ता, यू.16/61 अभिनव एसोसिएट, रूम नं. 2 पहली मंजिल, यू. ब्लॉक, डीएलएफ फेज-3, गुड़गांव, हरियाणा गुड़गांव-122002 खाता नं. LBDEL00005270355 | फ्लैट एन. एल-527, 5वीं मंजिल, ब्लॉक/टावर एल3/लोटस, खसरा नं. 738/929, जन आवास वाटिका, गांव - रबारका, तहसील-तिजारा और जिला-अलवर, भिवाड़ी, राजस्थान में स्थित | 23/01/2024 रु. 6,72,410/- | 29/11/2023 |
| 21. | आनंद कुमार, चंद्रावती देवी, श्रीपाल बसंत पीएस गरखा, मिर्जापुर सारण पोस्ट बसंत बिहार सारण 841202 खाता नं. LBDEL00006476021 | फ्लैट नं. एल/यूआर-905, 9वीं मंजिल, टॉवर-एल, अर्बन रॉयल, एनएच-24, अर्बन होम्स, शाहपुर बहमेटा, परगना डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 में स्थित | 23/01/2024 रु. 6,55,122/- | 27/11/2023 |
| 22. | रमेश कुमार, सरोज शर्मा, फ्लैट नं. ए-86 यूजी-1, डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन-2, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद 201005 खाता नं. LBGHZ00001396680 | फ्लैट नं. यूजी-1, प्लॉट नं. ए-86 एमआईजी डीएलएफ, दिलशाद एक्सटेंशन-2, ब्लॉक-ए, ब्रह्मपुर उर्फ भोपुरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201005 | 23/01/2024 रु. 6,29,332.94/- | 08/11/2023 |
| 23. | जनार्दन प्रसाद तिवारी, गायत्री देवी तिवारी, आरसी-18 संगम विहार, खोरा कॉलोनी, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद 201010 खाता नं. LBDEL00001019090 | फ्लैट नं. जी-2, भूतल, प्लॉट नं. द्वितीय-ए/30, सेक्टर-02, वैशाली तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 23/01/2024 रु. 3,39,597/- | 30/11/2023 |
| 24. | रमेश चंद्र, संगीता, फ्लैट नं. 1, लोधी रोड कॉम्प्लेक्स, साईंबाबा मंदिर के सामने, नई दिल्ली, दिल्ली-110001 खाता नं. LBGHZ00001040926 | फ्लैट नं. एफ-2, एम.आई.जी., पहली मंजिल के सामने का भाग (बिना छत के अधिकार के), प्लॉट नं. 5/172, सेक्टर-5, वैशाली, तहसील और जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश | 23/01/2024 रु. 2,88,615.2/- | 05/11/2023 |
| 25. | धनजीत सिंह, लखविंदर कौर, 35 एफ/एफ, सुखदेव विहार, दिल्ली-110025 खाता नं. LBDEL00005248243/ LBDEL00005785639 | संपत्ति नं. 35, प्रथम तल, सुखदेव विहार, नई दिल्ली, दिल्ली-110025 | 23/01/2024 रु. 28,09,308/- रु. 20,34,276/- | 03/11/2023 |
| 26. | रवि चौधरी, रीमा सिंह, बीसी-581 पाली रोड, बडकल कॉलोनी नियर दिल्ली मस्जिद हरियाणा फरीदाबाद 121001 खाता नं. LBFDB00005819656/ LBFDB00005934551 | फ्लैट नं. डी6-607, 6वीं मंजिल, टॉवर डी6, हैबिटेट रेजीडेंसी, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित (1 दोपहिया पार्किंग के साथ) | 23/01/2024 रु. 20,94,629/- रु. 21,634/- | 18/11/2023 |
| 27. | राकेश शाह, रामेश्वर साह, निवासी ई-102, ओल्ड चंद्रावल, सिविल लाइंस नई दिल्ली-110054 खाता नं. LBDEL00004309910/ LBDEL00005133680 | डी.डी.ए. एल.आई.जी फ्लैट नं.51, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-एफ-18, पॉकेट-3, सेक्टर-जी-8, नरेला, दिल्ली-110085 | 23/01/2024 रु. 12,00,810.33/- रु. 40,241.23/- | 03/11/2023 |
| 28. | विकास जिंदल, सुमन जिंदल, सीमा गुप्ता, एफ-1/41-42 दूसरी मंजिल, सेक्टर-11 रोहिणी, सेक्टर 7, उत्तर पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, 110085 खाता नं. LBDEL00004952273/ LBDEL00005207620 | सम्पत्ति दस्तावेज कवरिंग सम्पत्ति पता 1- सम्पत्ति नं. 25, दूसरी मंजिल (बिना छत के अधिकार के), ब्लॉक एवं पॉकेट - एफ- 1, सेक्टर-11, रिहायशी स्कीम, रोहिणी, दिल्ली - 110085 प्लिंथ क्षेत्रफल-48.00 वर्ग. मी., स्टिल्ट पार्किंग का 1/4 एरिया - 12.00 वर्ग मी., स्थानांतरण के तहत कुल प्लिंथ क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मी. और सम्पत्ति नं. 26, दूसरी मंजिल (बिना छत के अधिकार के), ब्लॉक एवं पॉकेट - एफ-1, सेक्टर-11, रिहायशी स्कीम, रोहिणी, दिल्ली - 110085 प्लिंथ क्षेत्रफल-48.00 वर्ग. मी., स्टिल्ट पार्किंग का 1/4 एरिया - 12.00 वर्ग मी., स्थानांतरण के तहत कुल प्लिंथ क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मी. | 29/01/2024 रु. 67,31,070.72/- रु. 12,14,416/- | 30/11/2023 |
| 29. | धर्मेश मल्होत्रा, मनीषा मल्होत्रा, ए/54, क्वींस पार्क, जुहू तारा रोड, सांताक्रूज (डब्ल्यू), मुंबई महाराष्ट्र- 400049 खाता नं. LBGUR00001453231 | अपार्टमेंट नं. 704, 7वीं मंजिल, एचबीटीएन-टावर और ब्लॉक 2, यूनिटेक हैबिटेट, प्लॉट नं. 9 सेक्टर पीआई-2, एलिस्टोनिया एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 29/01/2024 रु. 34,30,278/- | 08/10/2023 |
| 30. | सतेंद्र प्रसाद, पूनम, मकान नं. 471 ब्लॉक-36, हिम्मत पुरी मयूर विहार, फेज- ।, नई दिल्ली, दिल्ली - 110091 खाता नं. LBDEL00002027784 | फ्लैट नं. 3ई-127, 12वीं मंजिल, ग्रीन व्यू- ।।, सहकारी आवास समिति लिमिटेड, प्लॉट नं. 04, क्रोसिया एस्टेट, सेक्टर-PI, ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर, नोएडा उत्तर प्रदेश-201307 | 29/01/2024 रु. 7,63,273/- | 08/10/2023 |
| 31. | गौरव शर्मा, मकान नं. 2डी/63ए, दुर्गा बाड़ी के पीछे, नेशन हाईवे-1 एन.आई.टी., हरियाणा फरीदाबाद-121001 खाता नं. LBFDB00005941743, LBFDB00006156044 | फ्लैट नं. 1304, 13वीं मंजिल, टॉवर-टी 11, टाइप-बी, ग्रीन एवेन्यू, सेक्टर 85, गांव खीरी कलां, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित | 02/02/2024 रु. 10,64,747.99/- रु. 98,931/- | 05/11/2023 |
| 32. | बाल कृष्ण दुआ, 1150, मुल्तानी मोहल्ला, मेन गांधी नगर रोड, बंद रोड, दिल्ली-110031 खाता नं. LBDEL00001431340 | फ्लैट नं. टी-4, दूसरी मंजिल, एल.आई.जी., प्लॉट नं. सी-1/2, (छत के अधिकार के साथ), रिहायशी कॉलोनी डी.एल.एफ., अंकुर विहार, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 02/02/2024 रु. 5,28,402/- | 30/11/2023 |
| 33. | अनिल अग्रवाल, राखी अग्रवाल, एफ-814 सेक्टर-3 वैशाली, द्वितीय तल गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद-201001, खाता नं. LBDEL00001482787 | प्लॉट नं. 1/67, पहली मंजिल (बिना छत के अधिकार के), रिहायशी कॉलोनी, सेक्टर-1, ''वैशाली'', गाजियाबाद तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित | 02/02/2024 रु. 3,26,146.2/- | 08/11/2023 |
| 34. | सीमा गुप्ता, विकास जिंदल, एफ 1/41 42 द्वितीय, सेक्टर 11, दिल्ली-110085 खाता नं. LBDEL00006072206/ LBDEL00006081331 | संपत्ति नं. 121, संपूर्ण ऊपरी भूतल (अर्थात् स्टिल्ट फ्लोर के ऊपर भूतल) बिना छत/टैरेस अधिकार के, पॉकेट-एच-3, सेक्टर-11, रोहिणी रिहायशी योजना, रोहिणी, नई दिल्ली- 110085 सामान्य प्रवेश द्वार के साथ, सामान्य मार्ग एवं सामान्य सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट और स्टिल्ट फ्लोर का अविभाजित 1/4 हिस्सा और संपत्ति नं. 122, संपूर्ण ऊपरी भूतल (अर्थात् स्टिल्ट फ्लोर के ऊपर भूतल) बिना छत/टैरेस अधिकार के, पॉकेट-एच-3, सेक्टर-11, रोहिणी रिहायशी योजना, रोहिणी, नई दिल्ली- 110085 सामान्य प्रवेश द्वार के साथ, सामान्य मार्ग एवं सामान्य सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट और स्टिल्ट फ्लोर का अविभाजित 1/4 हिस्सा | 31/01/2024 रु. 60,90,053/- रु. 29,81,502/- | 30/11/2023 |
| 35. | सीमा गुप्ता, विकास जिंदल, एफ 1/41 42 दूसरी मंजिल, निकट वीरा देवी, जैन हॉस्पिटल सेक्टर-11, दिल्ली- 110085 खाता नं. LBDEL00005525615 | सम्पत्ति नं. 7, पूर्ण प्रथम तल, बिना छत/टैरेस अधिकार के, पॉकेट बी-3, सेक्टर-11, रोहिणी रिहायशी स्कीम, रोहिणी, दिल्ली 110085 सामान्य सुविधाओं के अधिकार के साथ | 31/01/2024 रु. 27,17,954/- | 30/11/2023 |
| 36. | पारस बाली, भावना ग्रोवर बाली, ई-188 भूतल, ग्रेटर कैलाश पार्ट- ।।, दक्षिणी दिल्ली-110048 खाता नं. LBDEL00002141665 | फ्लैट नं. सी-313, 31वीं मंजिल, टावर सी, रहेजा रेवंता, सेक्टर 78, गुड़गांव-122001 में स्थित | 31/01/2024 रु. 81,46,515/- | 03/10/2023 |
| 37. | अनिरुद्ध मुखर्जी, काकुली मुखर्जी, 14/357 एफ/एफ मंदिर डीडीए जनता फ्लैट्स, मदनगीर, डॉ. अंबेडकर नगर, दिल्ली-110062 खाता नं. LBGUR00003497641 | फ्लैट नं. ए-1804, 18वीं और 19वीं मंजिल ओएसिस वेनेशिया हाइट्स, प्लॉट नं. एचआरए-12ए ग्रुप हाउसिंग सेक्टर सूरजपुर साइट सी (एक्सटेंशन), फेज ।। ग्रेटर नोएडा-201312 में स्थित | 31/01/2024 रु. 1,00,12,030/- | 31/05/2018 |
| 38. | बूटा राम, रजनी देवी, प्लॉट नं. 67/11 गली नं. सेक्टर-52, वजीराबाद गुड़गांव-122001 खाता नं. LBGUR00003417958 | फ्लैट नं. ए-912, 9वीं मंजिल टावर-ए, हैबिटेट, सेक्टर 99-ए, गुड़गांव-122001 में स्थित (1 दोपहिया पार्किंग के साथ) | 31/01/2024 रु. 20,11,052.38/- | 06/04/2022 |
| 39. | नरेश पाल, सीमा, सी 469 अल्फा 1 ग्रेटर नोएडा-201312 खाताः LBNOD00005993483 | फ्लैट नं. जे/जी-20 भूतल, पांडव नगर, पॉकेट जे मेरठ- 250001 | 31/01/2024 रु. 15,23,925/- | 03/09/2023 |
| 40. | राजेश कुमार, दीपा उपाध्याय, फ्लैट नं. 351 दूसरी मंजिल, पॉकेट 6 सनराइज अपार्टमेंट, नासिर पुर द्वारका पालम गाँव दिल्ली-110045 खाता नं. LBDEL00005118029 | फ्लैट नं. 351, द्वितीय तल, डीडीए जनता कैटेगरी के तहत, पॉकेट 6, सेक्टर 1ए फेज-1, सनराइज अपार्टमेंट, नसीरपुर, द्वारका दिल्ली- 110045 | 31/01/2024 रु. 10,39,177.5/- | 08/08/2023 |
| 41. | सुकांत कुमार पांडा, बंदिता पांडा, फ्लैट नं. 120, तीसरा तल, पॉकेट-6, सेक्टर-ए/10, सत्यवादी हरीश चंदर अस्पताल के पास, नरेला, दिल्ली-110040 खाता नं. LBDEL00003909860 | डीडीए एल.आई.जी फ्लैट नं. 120, तीसरी मंजिल, पॉकेट-6, ग्रुप-2, सेक्टर-ए-10, नरेला, दिल्ली-110040 | 07/02/2024 रु. 15,65,421/- | 13/11/2023 |
| 42. | सहजोत सिंह बैंस, जसबीर कौर, मकान नं. 588-आर, जलवायु विहार, सेक्टर-30, हरियाणा गुड़गांव-122002 खाता नं. LBDEL00003525381 | फ्लैट नं. 1110, 11वीं मंजिल, टावर-एच, ऑक्सीरिच सनस्क्रीटी, फेज-2, सेक्टर-33, भिवाड़ी, जिला-अलवर, राजस्थान-301411 | 07/02/2024 रु. 14,69,509/- | 11/11/2023 |
| 43. | वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, झाड़ली 154, हरियाणा, झज्जर, 124106 खाता नं. LBDEL00005174963 | फ्लैट नं. के-303, तीसरी मंजिल, टॉवर के, द रोसेलिया, गांव वजीरपुर, सेक्टर-95ए, गुड़गांव, हरियाणा- 122001 | 05/02/2024 रु. 17,93,431/- | 07/10/2023 |

नोटिस की प्रतिस्थापित सर्विस हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांकः मार्च 02, 2024 | प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः दिल्ली/एनसीआर | आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड

## संदेशखाली प्रकरण

### शेख शाहजहां गिरफ्तार

**संदेशखाली** में भगोड़े आरोपी शेख शाहजहां की 55 दिन बाद गिरफ्तारी का श्रेय टीएमसी और भाजपा, दोनों ले रही हैं। संदेशखाली में सामूहिक बलात्कार व जमीनों पर कब्जे के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के फरार बाहुबली शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद भी पश्चिम बंगाल में राजनीति और गरमाने के आसार हैं। इससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा भाजपा के बीच बयानबाजी और उग्र होगी। शेख शाहजहां 5 जनवरी से ही फरार था जब उसके घर पर राशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी टीम ने छापा मारा था और टीम पर उग्र भीड़ ने प्राणघातक हमला कर दिया था। आखिरकार 55 दिन से फरार शेख को कोलकाता उच्च न्यायालय के इस आदेश के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया कि सीबीआई, ईडी या राज्य पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। लेकिन इस विलंबित घटनाक्रम ने राजनीतिक क्षेत्रों में तूफान पैदा कर दिया है। सत्तारूढ़ टीएमसी का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर स्थगनादेश के मामले में विरोधाभासी स्थिति स्पष्ट करने के बाद उसे पकड़ा गया। लेकिन विपक्षी भाजपा का दावा है कि आरोपी को पुलिस बचा रही थी और उसकी गिरफ्तारी 'सुनियोजित' हैं क्योंकि 'हमने सरकार पर भारी दबाव डाला था।' पश्चिम बंगाल में इस नाटकीय घटनाक्रम से एक चीज स्पष्ट है कि शेख की गिरफ्तारी से उन प्रमुख शक्तियों में टकराव बढ़ गया है जो राज्य पर अपना राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना चाहती हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम ने पूरे राज्य में सनसनी पैदा की है, पर इस पर तेजी से चले राजनीतिक दांवपेंच भी समझ में आते हैं। टीएमसी और भाजपा इस स्थिति का लाभ उठाना चाहते थे क्योंकि लोक सभा चुनाव बहुत निकट हैं और संदेशखाली प्रकरण दोनों पार्टियों के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। टीएमसी के लिए यह भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा कानून का शासन स्थापित करने के पक्ष में प्रतिबद्धता प्रकट करने का अवसर है। इसी कारण पार्टी ने बिना कोई समय गंवाये इस गिरफ्तारी को स्वच्छ प्रशासन और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है।




दूसरी ओर भाजपा ने इस गिरफ्तारी को पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपने बढ़ते प्रभाव के प्रमाण की तरह पेश किया है। पार्टी इसे अपने भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान तथा इस दावे की पुष्टि मानती है कि टीएमसी नीत सरकार में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। हालांकि, गहराई से गौर करने पर यह राज्य के उथलपुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य में वर्चस्व स्थापित करने का संघर्ष है। शेख की गिरफ्तारी के साथ चुनावी प्रभुत्व के लिए संघर्ष और तेज हुआ है और हर पार्टी अपनी चुनावी संभावनायें बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन इस राजनीति में हमें भगोड़े बाहुबली की गिरफ्तारी के व्यापक प्रभावों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। राज्य की राजनीति में एक 'मुहरे' के रूप में सक्रिय शेख उस भयानक भ्रष्टाचार को रेखांकित करता है जो पश्चिम बंगाल के प्रशासन में प्लेग की तरह फैल गया है। शेख शाहजहां की गिरफ्तारी राज्य में स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन की खोज में आने वाली चुनौतियों की याद दिलाती है, भले ही संबंधित लोगों का राजनीतिक जुड़ाव चाहे जो हो। राज्य में दावों और जवाबी दावों के बीच सच्चाई यह है कि बंगाल का राजनेता वर्ग भ्रष्टाचार और राजनीति के अपराधीकरण जैसी समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है, जबकि इनसे राज्य की प्रगति व विकास को भयंकर नुकसान होता है।

# एक नये युग का ऐतिहासिक शुभारम्भ

**अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।**



**रामलाल**
(लेखक, आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख हैं)

22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।

भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद् स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिज़ोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतय: धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दालों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।

आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, खासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएं सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन ड्यूटी कांस्टेबल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था।

रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्ट्रपति और माननीय उप-राष्ट्रपति जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकैडमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, समाचार पत्रों और चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फ़िल्म उद्योग की अनेक हस्तियाँ भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मज़दूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहां उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ। सभी कुछ सूक्ष्म चिंतन करके तैयार किया गया था। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए। अयोध्यावासी सामान्य-जन के लिए यह एक कौतूहल का विषय था कि कैसे 4 माह में अयोध्या नगरी का स्वरूप सहसा परिवर्तित हो गया। भक्त-जन, पूज्य साधु संत और अनेक महानुभावों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय था, जो कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों के बिना सम्भव नहीं था। उत्तर प्रदेश और अयोध्या पुलिस के सहयोग पूर्ण, मित्रवत् व्यवहार से सभी प्रभावित हुए। उसी का परिणाम था कि इतना बड़ा कार्य सरलता से निर्विघ्न व यशश्विता के साथ सम्पन्न हुआ। सभी के साथ प्रभु श्री राम का आशीर्वाद तो था ही।

तीन दिनों में अयोध्या में बिना किसी राजनैतिक या व्यावसायिक आयोजन के 71 निजी विमान गतिमान हुए। लखनऊ तथा अयोध्या के विमानतल एवं लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, प्रयागराज आदि रेल-स्टेशनों पर केसरिया पटके के साथ स्वागत एवं यातायात की पूर्ण व्यवस्था की गयी। विभिन्न उपस्थित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी के लिए आवास व्यवस्था सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी। टेंट सिटी, होटेल, आश्रम, धर्मशाला सहित कुछ विद्यालयों तथा 200 स्थानीय परिवारों में रुकने की व्यवस्था की गयी थी। सम्पूर्ण अयोध्या 'राम आएंगे' गीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। अयोध्या की गलियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकाआनंद देर रात्रि तक सभी ने लिया।

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह स्वयं में ऐसा एक ही कार्यक्रम था जहां इस स्तर के व्यक्ति 4-5 घंटों तक सामान्य कुर्सियों पर बैठे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी वहां 4 घंटे व्हील-चेयर पर बैठे। ना तो वहां किसी के सहयोगी थे, ना ही सुरक्षाकर्मी। प्रसाद स्वरूप सभी को जल सेवा एवं जलपान अपनी कुर्सियों पर ही दिया गया। प्रभु श्री राम के घर में सभी जातियाँ, सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, एक समान थे, एक साथ थे। सभी ने अपने औहदे, अपनी सामाजिक-आर्थिक महत्ता से ऊपर उठकर अयोध्या के सादगी-पूर्ण आतिथ्य को सहृदय स्वीकार किया।

भारत के हर नगर, हर गांव में सभी प्रभु श्री राम के शुभागमन हेतु आतुर थे। सम्पूर्ण भारत का हर गांव, हर मोहल्ला, हर मंदिर अयोध्या बन गया था। जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थे। श्री रामलला के स्वागत हेतु अयोध्या नगरी एवं मंदिर परिसर को भी असंख्य क्विंटल पुष्पों से सुसज्जित किया गया, भारत के सभी प्रांतों के परम्परागत वाद्य-वादक, 30 से अधिक कलाकारों ने वातावरण को राम-गीतों से संगीतमय कर दिया और आरती के समय सहस्त्रों पीतल की घंटियों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गयी पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों सम्पूर्ण देवलोक प्रसन्न होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है। यह आयोजन एक समारोह मात्र के स्तर से ऊपर उठ गया था, यह एक दैवीय अनुभूति, एक आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित हो चुका था। लोग भाव विभोर थे, वातावरण दिव्य लोक के समान एक अलौकिक आभा से आच्छादित हो गया। कुछ श्रद्धालुओं की आँखो में आँसू थे, कुछ नृत्य-लीन थे। कोई स्वर्ग की अनुभूति कर रहा था, कोई त्रेता युग की। सभी के लिए श्री राम पुन: लंका से अयोध्या लौट रहे थे। अगले दिन तो प्रात: 3 बजे से ही श्रद्धलुओं ने श्री रामलला के दर्शन हेतु पंक्ति-बद्ध होना प्रारम्भ कर दिया था। 23 जनवरी को लगभग 5 लाख लोगों ने उत्साह और पूर्ण अनुशासन के साथ श्री रामलला के दिव्य दर्शन किए।

अयोध्या के इस दैवी आयोजन ने जाति, वर्ग, भाषा, प्रांत, मत-पंथ की सीमाओं को पार करते हुए, परंपरा से ओत-प्रोत, फिर भी प्रगति को गले लगाते हुए, एक राष्ट्र की सामूहिक चेतना का जागरण किया। प्रभु श्री राम की चिर-विरासत का एक प्रमाण, जो विश्व भर में करोड़ों लोगों को प्रेरित और एकजुट करता है, यह आयोजन; एकता, अखंडता, समरसता और श्रद्धा के 'रामोत्सव' के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा। अब समय आ गया है कि हम प्रभु श्रीराम का स्मरण कर, भारत को सुखी, संपन्न, स्वस्थ, समर्थ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लें। भारत को 'विश्व-गुरु' के रूप में स्थापित करें।

जय श्री राम!

# वैश्विक एजेंडे के बीच घरेलू राजनीति

> "पीएम मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक गुरु हैं)

जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपलब्ध राजनयिक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों की वकालत करने के बजाय लगातार भारत के दक्षिण का दौरा कर रहे हैं। एक कारण यह है कि दक्षिण में उनकी पार्टी की उपस्थिति कमज़ोर दिख रही है। इससे पहले, एक रणनीतिक विकल्प के रूप में, पीएम मोदी ने मौजूदा कार्यकाल में अपनी आखिरी विदेश यात्रा के दौरान एक मुस्लिम देश में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का फैसला किया था। ऐसा करते हुए भी, नीतियों और दृष्टिकोण की निरंतरता के बारे में बयान सूक्ष्मता से दिए गए जब पीएम मोदी ने आत्मविश्वास से अपने दर्शकों को बताया कि उनके पास पहले से ही 2024 के मध्य और उत्तरार्ध के लिए कई विदेशी सरकारों से निमंत्रण है, जो उनके संभावित तीसरे कार्यकाल में विश्वास का संकेत देता है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल में कई मुद्दों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, विदेश नीति का तो जिक्र ही नहीं, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और आत्मविश्वास को देखते हुए, यह वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाएगा। पीएम मोदी के अगले कार्यकाल में भारत के अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, जिसके कंधे पर कुछ सितारे लगाने के अलावा, जिम्मेदारियों का भारी बोझ भी होगा।

श्री मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, विशेष रूप से उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है। जबकि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय अब तक के इतिहास में सबसे मजबूत है, दोनों देश कई बहुपक्षीय प्लेटफार्मों के माध्यम से काम करने में कामयाब रहे हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह) है। भारत-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी और हित रखते हुए, इस क्षेत्र में ड्रैगन से सावधान रहने के साथ-साथ, अपने मुखर एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रकट या गुप्त साधन का उपयोग करने से कभी नहीं चूकता।



जबकि दुनिया के कुछ बेहतरीन राजनयिक, नीति निर्माता और थिंक टैंक पिछले सप्ताह वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे थे, विदेश मंत्री जयशंकर को क्वाड की प्रासंगिकता और आगे की राह पर नीति रणनीतिकारों के एक पूरे समूह से बात करने के लिए कुछ समय मिला। विदेश मंत्री ने पिछले दशक में भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला जब उन्होंने तीन क्वाड भागीदारों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव का उल्लेख किया। अमेरिका के साथ, हमने इतिहास की वैचारिक झिझक को पीछे छोड़ दिया है। जापान के साथ हमने लंबे समय से चली आ रही सद्भावना को और अधिक व्यावहारिक आकार दिया। और ऑस्ट्रेलिया के साथ, हमने वास्तव में गंभीरता से एक वास्तविक शुरुआत की।

भले ही पिछले साल मई के बाद से क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है, लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्चा के लिए सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के बीच पर्दे के पीछे की बैठकें बंद नहीं हुई हैं। राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भारत के लिए इस साल क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि जब तक नई भारत सरकार बनेगी तब तक अमेरिकी चुनाव बहुत करीब होंगे। हालाँकि, भारत का लक्ष्य क्वाड समूह के माध्यम से जिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करना है, जैसा कि रेखांकित किया है, अर्थात, यह एक बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दो, यह गठबंधन के बाद और शीत युद्ध के बाद की सोच है। तीन, यह प्रभाव क्षेत्र के विरुद्ध है। चौथा, यह वैश्विक स्थान के लोकतंत्रीकरण और एकपक्षीय नहीं बल्कि सहयोगात्मक दृष्टिकोण को व्यक्त करता है। और पांचवां, यह एक कथन है कि इस दिन और युग में, अन्य लोग हमारी पसंद पर वीटो नहीं कर सकते, फोकस में रहेगा। यह नीतियों की निरंतरता का संदेश है जिसे भारत सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने ऐसे समय में उजागर कर रही है जब अस्थिरता दुनिया के शक्तिशाली देशों सहित अधिकांश के लिए आदर्श है।

भारत ने क्षेत्र में सभी सदस्यों के साझा हितों के साथ, नाटो के विपरीत, एक गैर-सैन्य व्यवस्था के रूप में क्वाड को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। श्री जयशंकर ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला, हमारे रणनीतिक दृष्टिकोणों में मजबूत सहमति को देखते हुए क्वाड देशों के बीच एक-दूसरे के साथ काम करने में सहजता बढ़ रही है। इन तीन क्वाड देशों में से प्रत्येक के साथ भारत की द्विपक्षीय साझेदारी भी हाल के वर्षों में बदल गई है।

संदेश स्पष्ट है: भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उचित हिस्सेदारी के साथ बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था पर जोर देना जारी रखेगा।

## आप की बात

### रेल पटरियों पर मौतें

**दिल्ली** में हर सप्ताह रेल की पटरियों पर होने वाले हादसों में 11 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। अक्सर रेलवे ट्रैक पर होने वाली इन मौतो की सबसे बड़ी वजह शॉर्टकट की कोशिश में फुट ओवर ब्रिज इस्तेमाल करने के बजाय रेल पटरी पर से रास्ता पार करना है। कई हादसे तो मोबाइल पर बात करते हुए या इयरफोन लगाकर ट्रैक पार करते हुए भी हुए हैं। ऐसे हादसे कम करने के लिए पुलिस रेलवे की मदद से जागरूकता अभियान चलाती रहती है। रेलवे कोशिश करती है कि भीड़भाड़ वाली जगह पर रेलवे ट्रैक पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज अवश्य बनाया जाए। ट्रेन की चपेट में आने वाले अधिकतर लोग रेलवे ट्रैक के पास बसी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले होते हैं जो अक्सर ट्रैक के दूसरी तरफ आते-जाते रहते हैं। रेलवे के अनुसार, पिछले वर्ष ट्रेन की चपेट में आने से 688 लोगों की मौत हुई थी। ऐसे हादसे केवल दिल्ली ही नहीं है देश के दूसरे स्थानों पर भी हुए हैं। अक्सर फुटओवर ब्रिज रहते हुए भी हर शहर में रेलवे स्टेशनों पर अनेक आम राहगीर पटरी पार करने का आसान रास्ता अपनाते हैं। रेल पटरियों पर होने वाली मौतें रोकने में आम लोगों को भी पूरा सहयोग देना चाहिए। किसी को भी अपनी जान सस्ती नहीं समझनी चाहिए क्योंकि उसके बच्चे, पत्नी, माता-पिता भी उससे जुड़े होते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### यूक्रेन की पीड़ा

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की ने रुसी घुसपैठ के दो वर्ष पूरे होने पर संवाददाताओं को बताया कि यूक्रेन ने इस युद्ध में 31 हज़ार से अधिक सैनिकों को खोया है। युद्ध में इससे अधिक सिविल नागरिकों की जान गई है। नाटो के कुछ देशों ने यूक्रेन में सैनिक भेजने की बात शुरुआत में कही थी, लेकिन उनको अधिकांश सदस्य देशों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि जब पुतिन ने अपने टैंकों को यूक्रेन में घुसने का आदेश दिया तब उन्होंने सोचा था कि दुनिया झुक जाएगी, मगर यूक्रेन के लोग बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन एकजुट एवं टिकाऊ है। वर्तमान समय में यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों पर भी रूस कब्जा करता जा रहा है जिससे यूक्रेन में हताशा का माहौल है। यूक्रेन का लगभग पांचवां भाग रूस के कब्जे में है और उसकी अर्थव्यवस्था भयानक संकट का सामना कर रही है। पुतिन ने धमकी दी है कि यदि यूक्रेन में नाटो सैनिक पहुंचे तो तीसरा विश्वयुद्ध होकर रहेगा। यूक्रेन का भविष्य इस वर्ष के अंत में होने वाले अमेरिकी चुनावों पर भी टिका है। यदि येन-केन-प्रकारेण ट्रंप फिर राष्ट्रपति बन जाते हैं तो यूक्रेन की संप्रभुता गंभीर संकट में पड़ जाएगी। यूक्रेन की पीड़ा असहनीय है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पेपर लीक समस्या

**प्रतियोगी परीक्षाओं** के ठेकेदार देश के सुनहरे भविष्य के लिए आस्तीन के सांप हैं। यह अपराध परीक्षा व्यवस्था को हानि पहुंचाने के साथ युवाओं के सपनों को भी तोड़ देता है। पेपर लीक मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए भेजना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हमें युवाओं को शिक्षित करने और उन्हें नकल व शार्टकट अपनाने से बचाने की भी जरुरत है जो अंतत: उनकी क्षमता और प्रगति प्रभावित करती है। शिक्षा संस्थानों में आदर्शों की शिक्षा देने के साथ ही युवाओं को उपयुक्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए ताकि वे स्वयं को दृढ़ और समर्थ बना सकें। परीक्षा आयोगों को भी पेपर की सुरक्षा के लिए नवाचारी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए ताकि पेपर लीक की संभावना कम से कम हो सके। देश में कुछ संस्थानों ने पेपर लीक जैसी समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक प्रयोग के कई प्रयास किए हैं। उद्योगपतियों के सहयोग से निजी क्षेत्र में भी नौकरियों व रोजगार के अवसरों को सबके लिए आकर्षक बनाने के प्रयास होने चाहिए ताकि सरकारी नौकरियों की ओर अंधी दौड़ व उसके लिए पेपर लीक जैसे अनुचित साधनों के प्रयोग की जड़ पर ही प्रहार किया जा सके।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### दलबदल की प्रवृत्ति

**हाल ही में** संपन्न राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में क्रास वोटिंग देखने को मिली। चुनाव सुधारों के दृष्टिकोण से बुद्धिजीवियों को इस पर जरूर विचार करना चाहिए। उत्तर प्रदेश में सपा और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के विधायकों ने क्रास वोटिंग की है। राज्यसभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि देश की राजनीति में दलबदल-विरोधी कानून की धज्जियां उड़ाने में राजनीतिक दल पीछे नहीं रहना चाहते हैं। हालांकि, पालाबदल के अनेक अन्य कारण भी हो सकते हैं, लेकिन दलबदल पर रोक लगाना समय की आवश्यकता बन गई है। क्रास वोटिंग को राजनीतिक अतिवाद की संज्ञा देनी चाहिए और इसे रोकने के सभी प्रयास करने चाहिए। यह स्थिति देश की राजनीति के लिए बिल्कुल उचित नहीं है क्योंकि राजनितिक अनिश्चितता का माहौल लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रहा है। जनता को भी दलबदल के खिलाफ अपनी राय स्पष्ट रूप से देनी चाहिए। विडंबना है कि कई बार दलबदल करने वाले नेताओं को उसी क्षेत्र की जनता फिर नई पार्टी से भारी मतों से विजय दिला देती है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# बिजनेस फ्रेंडली गवर्नेंस से उद्योग प्रदेश बन रहा यूपी

● एफडीआई के लिए अलग पॉलिसी और 46 हजार एकड़ लैंडबैंक योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि

## सीएम ने बदली यूपी की कार्य संस्कृति, बदल गए प्रदेश के हालात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सात**-आठ साल पहले कोई यकीन भी नहीं कर सकता था कि यूपी एक दिन 'उलटा प्रदेश' की तोहमत से बाहर आकर 'उद्योग प्रदेश' जैसे अलंकरण से नवाजा जाने लगेगा। उत्तर प्रदेश आज विकास के नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। फिर चाहे बात इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की हो, यातायात कनेक्टिविटी की हो, विद्युत व्यवस्था, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य या शिक्षा। हर सेक्टर में प्रदेश बुलंदियों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देशन और सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के



इतिहास में पहली बार एक ही दिन में 10 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के निवेश को विभिन्न उद्योगों के जरिए धरातल पर उतारा गया। जो प्रदेश कभी उद्यमियों के मन में खौफ पैदा कर देता था आज वह बिजनेस फ्रेंडली स्टेट के रूप में विकसित हो चुका है। हर स्तर पर कार्य संस्कृति में व्यापक बदलाव कर के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असंभव से लगने वाले लक्ष्य को आखिरकार संभव बना दिया है।

प्रदेश की कमान संभालने के बाद कानून व्यवस्था को सुदृढ़ और पटरी पर लाने के लिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन से ही मिशन मोड में कार्य करना शुरू कर दिया था। प्रदेश के नौजवानों को हर हाल में रोजगार से जोड़ने की सीएम योगी की चाह ने बड़े स्तर पर उद्योगों को स्थापित करने की राह भी दिखाई। प्रदेश में 25 से ज्यादा सेक्टोरियल पॉलिसी, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अलग से पॉलिसी, प्रदेश में एक्सप्रेसवे का तेजी से विकास और इनके किनारे पर 46 हजार एकड़ का लैंड बैंक बनाकर योगी सरकार ने मील का पत्थर स्थापित कर दिया है।

उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण बनाने के लिए योगी सरकार ने न केवल 41 विभागों के 481 लाइसेंस सेवाओं को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत ला दिया है, बल्कि 13 लाख से अधिक लाइसेंस अप्लीकेशन्स को भी 97 प्रतिशत डिस्पोजल रेट से निस्तारित करके नया रिकॉर्ड कायम किया है। यही नहीं बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) के अंतर्गत एक हजार से अधिक यूनिक रिफॉर्म भी पहली बार योगी सरकार में ही संभव हो सका है। इसके अलावा 200 से अधिक सेवाओं में तय समय में एनओसी प्रदान करने की व्यवस्था हो या लगभग 4500 से अधिक कंप्लायंसेज का न्यूनिकरण अथवा 577 से अधिक कंप्लायंसेज को समाप्त किया जाना हो, योगी सरकार ने उद्योगों की राह में आने वाले एक एक रोड़े को दुरुस्त करते हुए प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का माहौल स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

इसके साथ प्रदेश आज भारत के टॉप 5 मैन्युफैक्चरिंग स्टेट में शामिल हो चुका है, जिसके पास 86 लाख से अधिक एमएसएमई का विशाल क्लस्टर है, जोकि भारत में किसी भी राज्य की तुलना में सर्वाधिक है। साथ साथ ही की इकोनॉमिक जोन और एक्सप्रेसवे एवं कॉरीडोर्स के पास योगी सरकार ने 46 हजार एकड़ से अधिक लैंडबैंक तैयार करके बड़े औद्योगिक अवसरों को आकर्षित करना शुरू कर दिया है। यही नहीं आज देश और दुनिया के उद्योग जगत के सामने योगी सरकार की छवि पॉलिसी बेस्ड गवर्नेंस की बन चुकी है, जिसके पास उद्योगों के लिए 25 से अधिक सेक्टोरियल पॉलिसी हैं, साथ ही साथ प्रत्यक्ष विदेश निवेश के लिए भी अलग से नीति भी सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शुमार है।

उत्तर प्रदेश 10 लाख से अधिक आबादी वाले सात शहर और 5 लाख से अधिक आबादी वाले पांच शहरों वाला बड़ा राज्य है, जिसकी 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। प्रदेश 250 मिलियन की आबादी और तकरीबन 425 मिलियन के आस पड़ोस के राज्यों की जनसंख्या के साथ विशाल कंज्यूमर बेस रखता है। उत्तर प्रदेश में उद्योग-व्यापार करने वालों को इतना विशाल उपभोक्ता बाजार भी आकर्षित कर रहा है।

## अयोध्या में अब तक 8 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड का किया गया वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**सबका** साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर मोदी-योगी सरकार ने गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर इलाज के लिए पैसों की चिंता न करनी पड़े। ये योजना प्रभु श्रीराम की नगरी के गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब गरीब लोग भी प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपए तक का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल रहा है। अयोध्या जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए एवं वितरित किए जा रहे हैं।

अब तक अयोध्या जनपद में 8 लाख 37 हजार 700 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इस योजना में जनपद के 2 लाख 49 हजार 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जनपद के 2 लाख 20 हजार 338 परिवार ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। पंचायत सहायक, कोटेदार एवम आशाओं द्वारा घर घर जाकर पीएमजेएवाई मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ जनपद के 19 निजी अस्पताल व 16 सरकारी अस्पताल दे रहे हैं। इस के अलावा गांव के ग्राम पंचायत भवन पर भी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससे पात्र लाभार्थी आसानी से पंचायत भवन पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता हैं। जनपद में फरवरी माह में 41 हजार 608 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। पिछले महीने में 1 हजार 695 लाभार्थियों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों से मिलाकर इलाज करवाया है और योजना के प्रारम्भ से जनपद में अब तक 39 हजार 435 लाभार्थियों ने सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सिकीय लाभ लिया हैं। आयुष्मान एप्प के माध्यम से लाभार्थी स्वयं अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बना सकता है। कार्ड बनाए जाने वाले ऐप व उसकी प्रक्रिया को जानने हेतु दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना होता है। सीएमओ अयोध्या डॉ संजय जैन ने लोगों से अपील की है कि जिन पात्र परिवारों ने अभी तक अपना व अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया हैं, वह अपना आयुष्मान कार्ड पंचायत भवन पर जाकर के अवश्य बनवा लें, जिससे उन्हें एवं उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त होता रहे।

## सीएम ने बाराबंकी सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद बाराबंकी में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में शामिल एक अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 17 एवं 18 फरवरी 2024 को आयोजित की गई आरक्षी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने तथा कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह के एक सदस्य प्रवीण उर्फ मिंटू को एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर बस स्टॉप के पास से गिरफ्तार किया है।

पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ की नोएडा फील्ड यूनिट को ज्ञात हुआ कि उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने वाला एवं केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह का सदस्य प्रवीण उर्फ मिंटू कस्बा शाहपुर में मौजूद है। एसटीएफ नोएडा टीम द्वारा थाना शाहपुर पुलिस के साथ बताए हुए स्थल से अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू को गिरफ्तार कर



लिया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि जब वह वर्ष 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कस्बा शाहपुर, मुजफ्फरनगर में कर रहा था तो वहां पर जनपद गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन का रहने वाला अशु मलिक आता था, जो पूर्व से ही पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने का गैंग चलाता था। उसने भी अशु मलिक के सम्पर्क में आकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करना शुरू कर दिया। प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान का विपिन निवासी सरूरपुर, बागपत रिश्तेदार है, जो वर्ष 2012 में सेना से रिटायर हुआ है, विपिन भी रिटायर होने के उपरान्त प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने के काम में संलिप्त हो गया। अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान एवं विपिन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसा लेकर धांधली करने का काम करने लगे। वर्ष 2017 में इब्राहिम पुर जनपद बागपत निवासी इन्द्र प्रताप सिंह को सीएचएसएल, सीएचएसएल की परीक्षा में पास कराने के लिए दो रुपए प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान एवं उसके साथियों ने लिए थे परन्तु कार्य न होने के कारण इन्द्र प्रताप सिंह ने इन लोगो के विरुद्ध थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके अतिरिक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान का एक रिश्तेदार कपिल तोमर निवासी ग्राम बेगमाबाद गढ़ी थाना दोघट, बागपत है। वह भी इनके साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने का काम करता है। 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केन्द्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी की द्वितीय पाली का प्रश्नपत्र बरामद हुआ था। जांचोपरान्त ज्ञात हुआ कि यह प्रश्न पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था।

कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद यह तथ्य प्रकाश में आया कि उसे उक्त कथित प्रश्न पत्र प्रवीण उर्फ मिन्टू एवं विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस परीक्षा के परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण अभियुक्तगण अभ्यर्थियों से पैसा प्राप्त नहीं कर पाए। वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में भी अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त हैं। प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान से विभिन्न परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं तथा अभ्यर्थियों को नकल कराने के लिए उत्तर कुंजिका देकर परीक्षा में पास कराने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 लाख रुपए लेना तय हुआ था।

## शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम पर होगा बिसवां से सिधौली होते हुए मिश्रिख तक जाने वाला मार्ग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद सीतापुर में बिसवां से सिधौली होते हुए मिश्रिख तक जाने वाले प्रमुख जिला मार्ग का नामकरण परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार मार्ग के नाम से किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय के नाम से मार्ग का नाम रखा जाना उनको एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि एक शहीद पूरे राष्ट्र का गौरव होता है। अमर सपूत परमीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय के सम्मान में लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व वाले रोड 'बिसवां से सिधौली होते हुए मिश्रिख तक जाने वाले मार्ग की कुल लम्बाई 66.480 किलोमीटर (प्रमुख जिला मार्ग 27.730 किमी, प्रमुख जिला मार्ग 2.50 किo मीo, राज्य मार्ग 36.25 किमी) को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार मार्ग के नाम पर नामकरण की संस्तुति की गयी है। परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय का जन्म 25 जून, 1975 को ग्राम-रूढ़ा, पोस्ट-कमलापुर, जिला सीतापुर में हुआ था। लेफ्टिनेंट मनोज कुमार कुमार पाण्डेय ने आपरेशन विजय के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए जब्बार पहाड़ी पर कब्जे सहित बटालिक सेक्टर में घुसपैठियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए पीछे खदेड़ दिया। खालूबार की ओर बढ़ते हुए वह उनके जीवन का सर्वाधिक गौरव का क्षण था। जब वे न 0-5 प्लाटून के कमांडर थे। 2/3 जुलाई, 1999 की रात को वे आसपास की पहाड़ियों से शत्रु द्वारा की जा रही भारी तथा सघन गोलीबारी की चपेट में आ गए। बिना डरे और अपने गंभीर जख्मों की परवाह न करते हुए वे अपने साथियों को लेकर ललकारते हुए चौथे ठिकाने पर धावा बोलने के लिए सबसे आगे रहे तथा माथे पर एमएमजी की प्राण घातक गोलियां खाने के बावजूद उन्होंने चौथे ठिकाने को भी एक ग्रेनेड से नष्ट कर दिया।

## गेहूं खरीद के लिए स्थापित किए जा रहे 6500 क्रय केंद्र



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रबी** विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से गेहूं खरीद की जाएगी। इस सम्बन्ध में जारी धान क्रय नीति के अनुसार खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केन्द्र प्रस्तावित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के विपणन शाखा के 1250, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के 100, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ) के 3300, उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीसीयू) के 700, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 350, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के 300, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) के 100 एवं भारतीय खाद्य निगम के 400 क्रय केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## भाजपा कुछ भी कर ले समाजवादी आंदोलन को कमजोर नहीं कर सकती: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना और अन्याय, अनाचार की राजनीति करना है। भाजपा के कारण ही आर्थिक संकट पैदा हुआ है। भाजपा लोकतांत्रिक मान्यताओं और राजनीतिक शुचिता पर हमला करती है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग भाजपा की कुनीतियों का शिकार है, दुखी है, वह इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा और इंडिया-पीडीए को विजयी बनाएगा।

अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य



पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों पर उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे। उन्होंने नौजवानों का आवाह्न किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वे अभी एक सप्ताह में पांच दिन दें और चुनाव प्रक्रिया आरम्भ होने पर पूरे समय, पूरे महीना चुनाव में दिनरात एक करेंगे। इस सम्बंध में अनुशासन और सावधान से काम करने की जरूरत है।

युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बनाए संविधान पर खतरा है। लोकतांत्रिक प्रणाली संकट के दौर में है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। सत्ता का दुरुपयोग करने में भाजपा को कोई लाज नहीं आती है। भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उसकी सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं हैं। यादव ने कहा कि भाजपा कुछ भी कर ले समाजवादी आंदोलन को कमजोर नहीं कर सकती है। जनता समाजवादी पार्टी के साथ है।

## हर महिला को उसके न्याय का हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है कांग्रेसः ममता चौधरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय में एक न्याय है महिला न्याय और कांग्रेस हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने और हर महिला को उसके न्याय का हक दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ममता चौधरी शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, विभा त्रिपाठी, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, सिद्धीश्री मौजूद रहीं।

चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औसतन हर घंटे 8 महिलाओं से सम्बन्धित अपराध हो रहे है। उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में पूरे देश में एक नंबर पर है। गैंगरेप में एक नंबर पर, दहेज हत्या में एक नंबर पर,महिला अपहरण में एक नंबर पर। रात में बारह बजे महिलाओं को अकेले निकलने का दावा करने वाली सरकार की स्थिति ये है, की दिन में भी प्रदेश की बेटियां घर से निकलने में डरती हैं। चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार सिर्फ दिखाने को नारी वंदन कार्यक्रम चलाती है, जबकि उसकी सरकार का सच ये है की दिन के हर घंटे में महिलाओं के साथ हत्या, बलात्कार, जैसी जघन्य घटनाएं होती हैं इन वीभत्स घटनाओं के बावजूद योगी जी का महिलाओं की सुरक्षा का दावा उनके सरकार के खोखलेपन को दर्शाता है। कानपुर के घाटमपुर इलाके में दो सगी बहनों के शव पेड़ से लटकते हुए मिले। उनके परिजनों का आरोप है कि उन्हें जबरन शराब पिलाकर बलात्कार किया गया ,और वीडियो भी बनाया गया। इस जघन्य वारदात के बाद,अंदर तक टूट गई बेटियों को अपने प्राण त्याग देने के अलावा कोई रास्ता न सूझा। मृतक नाबालिग बच्चियों के परिजन ईंट के भट्ठे पर कार्य करते हैं उन्होंने ठेकेदार एवं उनके साथियों पर वारदात का आरोप लगाया है। सरकार से सवाल किया कि, क्यों अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं। क्यों उनके अंदर कानून का भय खत्म हो गया है। क्यों पुलिस महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर अंकुश नहीं लगा पा रही।

उन्होंने आज यहां भाजपा के दुष्कर्मी नेताओं का एक पोस्टर भी जारी किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाली बेटियों का शोषण करने वाले बृजभूषण शरण सिंह, को सरकार का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। उसी पोस्टर में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, भाजपा विधायक रमेश जारकीहोली, पूर्व भाजपा विधायक रामदुलार गौर, भाजपा नेता पदम राजन, कन्हैयालाल मिश्रा, पूर्व सांसद चिन्मयानंद, पूर्व मंत्री संदीप सिंह सैनी जैसे भाजपा से जुड़े और महिलाओं के प्रति अपराध में संलिप्त नेताओं की करतूत उनकी तस्वीरों समेत शामिल हैं।

## रोजगार के भी बड़े केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी और मथुरा

● तीन धार्मिक स्थलों पर जीबीसी-4.0 के माध्यम से हो रहा 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अयोध्या,** काशी और मथुरा, उत्तर प्रदेश में ये तीनों स्थल हिंदू समाज के आस्था के सबसे बड़े केंद्र के रूप में विख्यात हैं। हालांकि अब ये आस्था के केंद्र उत्तर प्रदेश में रोजगार के बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरुआत हो चुकी है। इस निवेश के जरिए व्यापक स्तर पर यहां रोजगार के द्वार खुल रहे हैं। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं, अकेले उनके माध्यम से यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरुआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होने जा रही



है। इसमें अभिनंदन लोढ़ा हाउस रीयल एस्टेट एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के माध्यम से 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, जो 100 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी तरह, पीकेएच वेंचर्स लि. 600 करोड़ के निवेश से प्रदेश सरकार की पॉलिसी के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना कर रहा है, जिसमें 500 कमरों का एक होटल बन रहा है। इसके माध्यम से 300 नौकरियों का सृजन होगा। वहीं, पक्का लिमिटेड अयोध्या में 550 करोड़ रुपए की लागत से पेपर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रहा है। इसके जरिए अयोध्या में 600 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। द इनोवेटर्स डिजिटल एड्स प्रा. लि. 510 करोड़ की लागत से अयोध्या में लग्जरी स्टार कैटेगरी होटल निर्मित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट से 100 रोजगार उपलब्ध होंगे। वहीं, क्रेसकेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ रुपए से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण करने जा रहे हैं। यह 100 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। इस तरह इन टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से ही 1200 रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। भगवान शिव की नगरी काशी यानी वाराणसी की बात करें तो करीब 19250 करोड़ के निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) 500 करोड़ रुपए की धनराशि से कंपनी के मौजूदा और उभरते व्यावसायिक क्षेत्र (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट/सिस्टम) के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) और फैब्रिकेशन/मैन्युफैक्चरिंग/टेस्टिंग फैसिलिटीज की स्थापना कर रहा है। इसके माध्यम से 225 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, रोमा बिल्डर्स और प्रमोटर्स प्रा. लि. 5 स्टार रिजॉर्ट, मेडिटेशन के साथ वेलनेस सेंटर, फ्लोर के फॉर्म्स, क्लब हाउस और हाउसिंग सोसाइटी का मिक्स डेवलपमेंट आधारित प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। 500 करोड़ के निवेश से शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट से 300 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह, गजाधर टेक्नोसिस एलएलपी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर 350 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है जो क्षेत्र में 300 लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। अंश निर्माण प्रा. लि. 275 करोड़ रुपए से रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल मॉल की स्थापना कर रहा है जिसके माध्यम से 200 लोगों को नौकरियां प्रदान की जा सकेंगी। वहीं, जेएस रेजिडेंसी प्रा. लि. 250 करोड़ से होटल स्थापित करने जा रहा है, जो 500 लोगों को सेवायोजन का अवसर प्रदान करेगा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपए से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है। यहां टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 11 हजार से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है। इसके अनुसार, एयर लिक्विड नॉर्थ इंडिया प्रा. लि. ने मथुरा में 3075 करोड़ रुपए से उद्योगों और अस्पतालों की सेवा के लिए एक नई अत्याधुनिक स्टेट आफ आर्ट एयर सेपरेशन यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है। यह यूनिट अत्याधुनिक, पूरी तरह से स्वचालित और पर्यावरण के अनुकूल होगी। यूनिट को लिक्विड ऑक्सीजन (मेडिकल ऑक्सीजन सहित) 305 टीपीडी, लिक्विड नाइट्रोजन 45 टीपीडी, लिक्विड आर्गन 12 टीपीडी बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके जरिए 50 लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सकेगा।

## पीपीपी मोड पर विकसित होंगे हरदोई, आगरा मथुरा, ललितपुर के पर्यटक आवास गृह

● पर्यटन मंत्री के निर्देश पर चार विकासकर्ताओं के साथ हुआ एग्रीमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग हरदोई, आगरा, मथुरा, ललितपुर जिले में स्थित इन राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित करेगा। शुक्रवार को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम की उपस्थिति में चार विकासकर्ताओं के साथ एग्रीमेंट हुआ। इन परियोजनाओं के निवेशकों को राज्य पर्यटन नीति-2022 के अन्तर्गत अनुमन्य लाभ एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगे। यह निवेश घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों को प्रदेश में पर्यटन गन्तव्यों के भ्रमण एवं उत्कृष्ट अनुभव हेतु प्रोत्साहित करेगा।

प्रमुख सचिव श्री मेश्राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास कर रहा है। पर्यटक सुविधाओं पर हमारा विशेष जोर हैं। उन्होंने बताया कि हमारी कोशिश है कि पर्यटक यहां से विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। प्रदेश में 35 राही पर्यटक आवास गृह हैं, इसमें 9 राही पर्यटक आवास गृहों को पहले ही पीपीपी मोड पर दिया जा चुका है। आज और चार का एग्रीमेंट हुआ है, शेष 22 के लिए कार्रवाई चल रही है। उन्होंने विकासकर्ताओं से कहा कि आप आगंतुकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राज्य सरकार का प्रयास है कि पर्यटक आपकी विशेषताओं को यादगार के रूप में लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटक आवास गृहों को जनोपयोगी बनाने एवं पर्यटकों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित करने तथा प्रदेश में निजी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने का निर्णय लिया है। निजी क्षेत्र के प्रशिक्षित/ विशेषज्ञ संस्थाओं व निवेशकों द्वारा इन इकाइयों का निर्माण एवं संचालन होने से इन गंतव्य स्थलों पर पर्यटकों को बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 2 मार्च 2024



# केंद्रीय मंत्री ने 70 दिव्यांगों को दी कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की सौगात

● दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्यः टेनी



**लखीमपुर खीरी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जीआईसी ग्राउंड में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित हुआए जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग 40 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण और 30 दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम अंग की सौगात दी। कार्यक्रम का संयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने किया। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग शिविर का शुभारंभ किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय सागर मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है। केंद्र सरकार ने 10, वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। नि:शुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी।

पीएम के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर.तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिपं अध्यक्ष प्रति नरेंद्र सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आइयेए हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने, उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें।

## व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर व क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें करीब एक दर्जन वाहनों के चालान भी काटे गये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं कोतवाली निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने हमराह सिपाहियों विकुल कुमार, अशोक कुमार, लक्ष्मी प्रसाद के साथ कटकैया अंडरपास के निकट संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया वाहनों की तलाशी लेकर संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तु की चेकिंग की गई। इस दौरान उन्होंने 12 वाहनों का चालान काटा। जिससे वाहन चालकों एवं अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया। उधर कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह ने भी नगर के चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

# मंत्री दानिश अंसारी, ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

● पीएमजेवीके से संबंधित योजनाओं की स्थित की ली जानकारी



लखीमपुर खीरी। जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जनपद लखीमपुरखीरी आए सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि पीएम जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई फूलबेहड़ ब्लॉक फूलबेहड़ योजना के निर्माण प्रगति पर हैएसदभाव मण्डप लन्दनपुर ग्रन्ट ब्लॉक कुंभी गोला के समस्त कार्य पूर्ण कर दिये गये सम्बन्धित विभाग को हस्तानान्तरण की कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही राजकीय आईटीआई वजीरगंज ब्लॉक बाकेगंज को सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित किया जा चुका है। राजकीय पालीटेक्निक खीरी के अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा कार्यशाला का निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था के अनुसार उक्त योजना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना हस्तानान्तरण कर दी जायेगी। श्री अंसारी ने लंबित कार्यों की स्थिति जानते हुए कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसी बीच श्री अंसारी ने जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों से बातचीत कर समुदाय की समस्याओं के बारे में जाना। कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार अल्पसंख्यक संप्रदाय के लोगों के प्रति काफी संवेदनशील है। अल्पसंख्यक वर्गों के सामाजिक उत्थानए आर्थिक विकास एवं बेहतर शिक्षा के लिए सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है। इस दौरान भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सिकंदर अलीए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंहए कनिष्ठ सहायक ब्रजेश कुमारए सुनील कुमार सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास भवन से निकली जल ज्ञान यात्रा

● एक सैकड़ा छात्रों ने किया प्रतिभाग, विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



**फतेहपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल ज्ञान यात्रा का आयोजन जल निगम ग्रामीण व जिला परियोजना प्रबंधन इकाई ने किया। यात्रा को जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल एवं अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर विकास भवन परिसर से रवाना किया। जल ज्ञान यात्रा में 10 परिषदीय व 10 निजी विद्यालय से 100 छात्रों और प्रत्येक विद्यालय से 1-1 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। यात्रा सर्वप्रथम जल निगम की लैब पहुंची। जहां छात्रों को लैब इंचार्ज ने जल जांच की जानकारी दी। उसके बाद यात्रा विकास खंड भिटौरा की बड़ा गांव पेयजल योजना पहुंची। जहां जिला समन्वयक राज मुनि यादव ने छात्रों को पंप हाउस और टंकी के विषय में जानकारी दी।

टंकी परिसर में आईईसी एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेन्ट लखनऊ के प्रतिनिधि सोनू कुमार व उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। बड़ा गांव से जल ज्ञान यात्रा पौराणिक स्थल ओम घाट पहुंची। जहां छात्रों को भृगुधाम के विषय में पौराणिक जानकारी प्रदान की। यात्रा में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, सीबीटी स्वाति अवस्थी, रविकांत, राहुल तिवारी, प्रवीण कौशिक, आशिफ खान, मो. सऊद, स्वजन फाउंडेशन से शनि कुमार, सोनू कुमार, साकेत सिंह, कॉन्ट्रक्शन कंपनी के लोग, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# सातवें बैच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ

**निघासन खीरी।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास हेतु सातवें बैच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित दो स्थानों पर शिक्षकों के सातवें बैच का शुभारंभ प्रार्थना और राष्ट्रगान के उपरांत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल विशेषज्ञ एआरपी एवं कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं एआरपी (हिंदी) नेहा उपाध्याय ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के कायदे कानून के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी जी इसकी बराबर मानीटरिंग कर रहे हैं इसलिए सभी लोग नियमानुसार कार्यक्रम में नियमित रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें।

बीईओ फूलचंद गौतम के नेतृत्व में संचालित उक्त प्रशिक्षण के दौरान एआरपी नेहा उपाध्याय ने कहा कि हर व्यक्ति के दो आभामंडल होते हैं एक



सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक । हमारी सोच सकारात्मक होना चाहिए क्योंकि शासन के निर्देशानुसार काम तो करना ही पड़ेगा लेकिन अगर काम मन से करोगे तो अच्छा प्रदर्शन होगा। एआरपी नेहा ने कुशल शिक्षक के बारे में बताया कि एक योग्य व्यक्ति के अंदर सक्रियता, धैर्यशीलता, सहनशीलता, कुशल संचालन, उत्साही, संवेदनशील, मित्रवत मिलनसार तथा साहसिक गुण विद्यमान होने चाहिए।

एआरपी नेहा उपाध्याय ने प्रशिक्षण की रूपरेखा रेखांकित करते हुए कहा की गणित शिक्षण का उपयुक्त दृष्टिकोण एनसीएफ 2022 ए 2024 . 24 अकादमिक योजना विषय गणित की वार्षिक योजना के लिए संसाधनों की उपलब्धता का ज्ञान ए स्वनिर्मित परिवेशीय सामग्री का उपयोग ए बहुद्देशीय शिक्षण योजना ए सुगमकर्ता की भूमिका एवं प्रशिक्षण के संचालन की रणनीति धरातल पर भी दिखाई पड़नी चाहिए।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन एआरपी हिंदी नेहा ने भाषा कौशल विकास के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संदर्शिका के मुख्य आधार सैद्धांतिक समझ एवं शिक्षण योजना होती हैए कार्य योजना के अंतर्गत सतत आकलन तथा पुनरावृति के तहत ट्रैकर तथा तीसरे कालांश में साप्ताहिक आंकलन करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा तीन में भाषा के अंतर्गत शुरुआत से सात सप्ताह तक पुनरावृत्ति कराना है। प्रशिक्षण के दौरान खुशनुमा माहौल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी कराई गई ।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बलदेव पूरवा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार वर्मा ए सहायक अध्यापक अमित कुमार सिंहए आशीष प्रताप सिंह, अवधेश चतुर्वेदी एडॉक्टर उत्तम कुमार यादव महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ निघासन, विवेक कुमार मौर्य, राकेश कुमार मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव संविलियन विद्यालय विद्यालय लुधौरी, एटी अरुण कुमार गुप्ता, महावीर सिंह राम बेटी जायसवाल, अपर्णा श्रीवास्तव पूजा बंसल, संजय गिरी सोनम तथा याकूब अली सहित लगभग सभी लोग उपस्थित रहे। राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय निघासन में एआरपी मधुरेश शुक्ला तथा एआरपी अनिल प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण दिया।

## क्विक न्यूज

### यूडायस का काम पूर्ण न होने पर बीएसए ने 93 विद्यालयों से जवाब तलब कर मान्यता खत्म करने की दी चेतावनी

**हमीरपुर।** यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का काम पूर्ण न होने पर शुक्रवार को बीएसए ने परिषदीय व मान्यता प्राप्त 93 विद्यालयों से जवाब तलब कर मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी है। 33 विद्यालय ऐसे है जिन्होने काम की शुरुआत नही की है। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी कड़ी चेतावनी दी गयी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि शासन के सख्त आदेश थे कि यू-डायस पोर्टल पर परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को हर हाल में दिसम्बर माह तक पूर्ण होना था,बार बार नोटिस चेतावनी देने के बाद भी 93 परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालय ऐसे जिन्होने केवल पचास फीसदी से भी कम काम किया है जब कि 33 विद्यालयोने काम की शुरुआत ही नही की है। यूडायस में स्कूल टीचर व विद्यार्थियों के बारे में विस्तृत विवरण भरकर शासन को भेजना था मगर ज्यादातर विद्यालयों ने इस काम में रुचि नही ली है जबकि समय समय पर बैठक कर चेतावनी दी जाती रही है यहा तक कि संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों का बेतन भी रोका जा चुका है मगर 93 विद्यालयों पर इसका कोई असर नही हुआ है। बीएसए ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों को भी चेतावनी जारी कर यू डायस का काम पूर्ण करने को कहा गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**हमीरपुर।** सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक शुक्रवार को लकडी का गट्ठर लेकर पटरी पार कर रही वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर कस्वा निवासी रामदुलारी(65) पत्नी रामसजीवन लकड़ी बीनकर खाना पकाती थी। खेतो से लकड़ी बीनकर रेल की पटरी पार कर रही थी। तभी पीछे से आ रही वृद्धा ट्रेन की चपेट में आ गयी जिसकी मौके पर मृत्यु हो गयी। रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने किसान को रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी कल्लू गांव में खेती किसानी करता था। रोज की तरह वह खेतों में काम करने गया था। जहां से दोपहर बाद मवेशियों के लिए चारा लेकर वापस पैदल घर लौट रहा था। तभी वह गांव के बाहर ही पहुंचा था कि तभी मऊदेव की तरफसे आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारते हुए कार सवार तेज गति से भाग निकला। ग्रामीण और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। हालत गंभीर देख परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने हालत नाजुक देख कानपुर भेज दिया। परिजन कानपुर लेकर जा रहे थे, रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### वन चेतना केंद्र में ओपन जिम का लोकार्पण केंद्रीय राज्य गृहमंत्री अजय मिश्रा टनी ने किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत समृद्ध भारत योजना के अंतर्गत गोला गोकर्णनाथ वन चेतना केंद्र में देश के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के द्वारा ओपन जिम का लोकार्पण किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के द्वारा वन विभाग में चल रही लगातार लापरवाहियों के चलते आम जनमानस के द्वारा शिकायत पत्रों का संज्ञान लिया कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मुन्नालाल अवस्थीए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, प्रभात बाजपेई, राजेश शुक्ला, डॉक्टर प्रीति वर्मा, विजय माहेश्वरी, ठाकुर प्रसाद गंगवार, अमित पांडे कुलदीप वर्मा, गोपाल गुप्ता, बजरंगी मिश्रा, सुमित पांडे, उप जिलाधिकारी, वीडियो, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोला, फॉरेस्ट अधीक्षक, पंचायत सचिव, प्रियम शुक्ला, सुधीर अवस्थी एवं गढ़मान्य लोग मौजूद रहे।

### आज आएंगी आयोग की सदस्य

**फतेहपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी कल जिला अस्पताल के पीकू वार्ड, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्र, पोषण पुनर्वास केन्द्र एवं वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण व समीक्षा बैठक करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित निरीक्षण व समीक्षा बैठक में अपने-अपने विभाग की अद्यतन सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करें।

### प्रेमी युगल ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत

**खागा (फतेहपुर)।** किशनपुर थाना क्षेत्र के गढ़ा बरगदहा का डेरा मजरे नरौली गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे प्रेमिका की मौत हो गई जबकि प्रेमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बरगदहा का डेरा गांव निवासी छेद्दू की 14 वर्षीय पुत्री ममता देवी का थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी रामस्वरूप के बेटे कामता 18 वर्ष से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## बाइक चोरी पर पुलिस ने पीड़ित को लगायी फटकार कहा लाइसेंस दिखाओं

**मौदहा, हमीरपुर।** मंदिर के बाहर से दिनदहाड़े बाइक चोरी हो गई, मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही कर पीड़ित को डांट फटकार लगाकर लाइसेंस की मांगन लगे। परछा निवासी शैलेंद्र पुत्र सुरेंद्र पाल द्वारा बताया गया कि वह छात्र है व सुंदर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज बाइक से गया था। लौटते समय उसने बड़ी देवी मंदिर के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी और मंदिर के अंदर चला गया। लगभग 20 मिनट बाद जब वह बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिली। थक हार कर जब वह कोतवाली मौदहा लिखित तहरीर लेकर गया तो डेस्क में बैठे दरोगा ने उसकी तहरीर लेने से मना करते हुए उसे ही डाट फटकार लगाकर लायसंस मांगने लगे। बड़ी आरजू मिन्नत के बाद दरोगा जी ने तहरीर रख ली है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कार्यवाही की जा रही है।

# दशकों पुराने भाजपाई राजा सिंह की ससम्मान हुई घर वापसी, हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** भाजपा अयाह शाह के विधायक विकास गुप्त व विधान सभा संयोजक/ज्वाइनिंग कमेटी संयोजक/ चेयरमैन जिला सहकारी बैंक प्रभुदत्त दीक्षित ने पूर्व जिला प्रवक्ता राजा सिह कछवाह को पार्टी मे शामिल कराया। राजा सिह भाजपा के वरिष्ठ नेता है। 1989 से अब तक सक्रिय सदस्य रहते हुए 1995 मे युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बहुआ, 2007 मे जिला मंत्री युवा मोर्चा, 2010 मे जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, 2014 मे लोकसभा सह संयोजक, छिवलहा मण्डल प्रवासी, जिला संयोजक किसान जागरण यात्रा, विकास पर्व अभियान जिला सह संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी के साथ जिला प्रवक्ता, 2019 मे विधान सभा प्रभारी, सदस्यता संकलन प्रभारी जहानाबाद, मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी अयाह शाह, सहायक चुनाव अधिकारी मण्डल बहुआ व जिला कार्यसमिति मे विशेष आमंत्रित सदस्य रहे हैं।

पार्टी मे उनकी वापसी पर पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, दिव्यान्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, संतोष सिंह राजू, मण्डल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, विनोद पाण्डेय, राम महेश निषाद, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील तिवारी बच्चा, सुधीर मिश्र, हीरालाल लोधी, शिव प्रताप सिंह, आलोक सिंह, कृष्ण कुमार द्विवेदी, मनोज सिंह, अरविन्द चौहान, पंकज मिश्र, अशोक अवस्थी, यदुनाथ सिंह, अनिल शुक्ला, श्रवण मिश्र, राकेश प्रजापति, अखिलेश तिवारी, मुन्ना कश्यप, बृजेंद्र सिंह कछवाह, शिवेन्द्र कछवाह, रोहित कछवाह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# भज्जापुर्वा में किसानों की जमीन पर पाया अबैध कब्जा



पैमाईश करती राजस्व टीम व प्रदर्शन करते पीडित किसान।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम भज्जापुर्वा में दबंगों द्वारा किसानों की जमीन पर अबैध कब्जा करनें के शिकायती प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर कन्नौज उप जिलाधिकारी के आदेश पर कानून-गो के नेतृत्व में राजस्व कर्मी नें पुलिस बल के साथ विवादित जमीन पर अबैध कब्जा करने की नियत से कराये जा रहे निर्माण कार्य को रुकबाकर भूमि की पैमाइश कराई गई। जिसमें किसानों की जमीन पर अबैध कब्जा पाया गया।

क्षेत्र के ग्राम भज्जापुर्वा निवासी किसानों विजय पाल पुत्र शुभूदयाल, रामभरोसे पुत्र लक्ष्मीनरायण, राजीव कुमार पुत्र मोतीलाल, राम प्रदीप पुत्र वासुदेव के शिकायती पत्र पर कन्नौज एसडीएम अविनास कुमार के निर्देश पर कानून-गो परशुराम वर्मा व राजस्व कर्मी यज्ञदत्त यादव नें पुलिस टीम के साथ पहुंचकर कर्मियों द्वारा जरीब डलवा कर भूमि की पैमाइश कराई गई। उन्होनें बताया कि पैमाइश में किसानों की जमीन पर दस लोगों द्वारा अबैध कब्जा करनें की नियत से भारी मात्रा में निर्माण सामग्री डालकर निर्माण कराया जा रहा था। उनके द्वारा दोनों पक्षों से यथास्थिति बनाये रखनें की अपील भी की गई है। उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट शनिवार को कन्नौज एसडीएम को प्रेषित करने की बात कही गई। वहीं पीड़ित पक्ष के लोगों ने विपक्षियों पर दबंगई व गुण्डागर्दी का आरोप लगाकर पूर्व में पुलिस टीम पर मुजाहमत करनें की बात भी कही गई। उन्होनें न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा जताते हुये न्याय मिलनें की आस लगाई है।

# कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित हुए स्वास्थ्यकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सत्र 2022-23 में सांत्वना पुरस्कार मिलने पर शुक्रवार को यहां पर कायाकल्प अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। उत्तम कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएमओ डा. एके सिंह एवं एसीएमओ डा. एसएल वर्मा ने प्रशस्ति पत्र भेंट किए। मुख्य अतिथि एवं सीएमओ डा. एके सिंह ने कहा कि जनता के संतुष्ट होने पर ही डाक्टरों का वजूद है। सरकारी अस्पताल में लोग रोते-रोते आते हैं तो डाक्टरों का फर्ज है कि वह हंसते-हंसते अपने घर जाएं। मंडल में कानपुर देहात अव्वल रहा है। सामु. स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां प्रथम रही है। यहां जिला अस्पताल से अधिक ओपीडी हो रही हैं। यहां के डाक्टरों की सेवाभाव की भावना के चलते पब्लिक रूझान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की



सिस्टर मुन्नीदेवी को प्रशस्ति देते सीएमओ डा. एके सिंह

ओर बढ़ा है। चिकित्सकों में डा. अनूप सचान, डा. राजवीर सिंह, डा. गोविंद प्रसाद, डा. आरती सिंह, डा. रितेश, पीएचसी अमरौधा प्रभारी डा. अमित निरंजन, पीएचसी देवीपुर प्रभारी डा. विकास कुमार, चीफ फार्मासिस्ट रमाशंकर सिंह, फार्मासिस्ट विकास कुमार, सिस्टर मुन्नीदेवी, स्टाफ नर्स प्रेमा देवी, अंजू वर्मा, सुमन पाल, एक्स-रे टेक्नीशियन पूर्णिमा अवस्थी, राहुल राय, लैब टेक्नीशियन जय हिंद, डार्करूम सहायक मनोज सिंह, बेसिक हेल्थ वर्कर सरोजनी कटियार, वरिष्ठ सहायक शाहिदा शकील, वार्ड आया विनीता संखवार, वार्ड व्याय संजय कुमार भारती, समेत करीब आधा सैकड़ा स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। उप सीएमओ डा. आशीष बाजपेयी, डा. आदित्य सचान, डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजर अमिताभ वर्मा, डिस्ट्रिक डाटा मैनेजर आशुतोष मिश्रा, जिला परामर्शदाता क्वालिटी ऐश्योरेंश डा. दिलीप वर्मा व डा. अल्पना निरंजन भी मौजूद रहे।

## डंपर की चपेट में आने से बालिका गंभीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र के कुरेबदा का निवासी छत्रपाल उम्र करीब 45 वर्ष एक मोटरसाइकिल से अपनी रिश्तेदार उम्र करीब 10 वर्षीय बालिका आराध्य को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के याकूतगंज में छोड़ने के लिए जा रहा था। जिले में राजेपुर थाना क्षेत्र में आज शुक्रवार को दोपहर करीब 11.30 बजे यह मोटरसाइकिल सबार अलीगढ़ चौराहे के समीप तेज रफ्तार से गुजर रहा था इसी समय एक डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार ग्रामीण छत्रपाल व पीछे बैठी बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए समीपवर्ती राजेपुर सामु. स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए पहुंचाया, जहां सरकारी चिकित्सक ने ग्रामीण छत्रपाल को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल वालिका आराध्य को चिकित्सा उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। डंपर को पकड़ लिया जबकि उसका चालक फरार हो गया।

# सातवें बैच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ

**निघासन . खीरी ।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास हेतु सातवें बैच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जानकारी के अनुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित दो स्थानों पर शिक्षकों के सातवें बैच का शुभारंभ प्रार्थना और राष्ट्रगान के उपरांत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल विशेषज्ञ एआरपी एवं कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं एआरपी (हिंदी) नेहा उपाध्याय ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के कायदे कानून के बारे में जानकारी दी। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी जी इसकी बराबर मानीटरिंग कर रहे हैं इसलिए सभी लोग नियमानुसार कार्यक्रम में नियमित रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें।

बीईओ फूलचंद गौतम के नेतृत्व में संचालित उक्त प्रशिक्षण के दौरान एआरपी नेहा उपाध्याय ने कहा कि हर



व्यक्ति के दो आभामंडल होते हैं एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक । हमारी सोच सकारात्मक होना चाहिए क्योंकि शासन के निर्देशानुसार काम तो करना ही पड़ेगा लेकिन अगर काम मन से करोगे तो अच्छा प्रदर्शन होगा। एआरपी नेहा ने कुशल शिक्षक के बारे में बताया कि एक योग्य व्यक्ति के अंदर सक्रियता, धैर्यशीलता, सहनशीलता एकुशल संचालन, उत्साही, संवेदनशील, मित्रवत मिलनसार तथा साहसिक गुण विद्यमान होने चाहिए ।

एआरपी नेहा उपाध्याय ने प्रशिक्षण की रूपरेखा रेखांकित करते हुए कहा की गणित शिक्षण का उपयुक्त दृष्टिकोण एनसीएफ 2022, 2024 24 अकादमिक योजना विषय गणित की वार्षिक योजना के लिए संसाधनों की उपलब्धता का ज्ञान, स्वनिर्मित परिवेशीय सामग्री का उपयोग, बहुद्देशीय शिक्षण योजना, सुगमकर्ता की भूमिका एवं प्रशिक्षण के संचालन की रणनीति धरातल पर भी दिखाई पड़नी चाहिए । प्रशिक्षण के दूसरे दिन एआरपी हिंदी नेहा ने भाषा कौशल विकास के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संदर्शिका के मुख्य आधार सैद्धांतिक समझ एवं शिक्षण योजना होती हैए कार्य योजना के अंतर्गत सतत आकलन तथा पुनरावृति के तहत ट्रैकर ए तथा तीसरे कालांश में साप्ताहिक आंकलन करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा तीन में भाषा के अंतर्गत शुरुआत से सात सप्ताह तक पुनरावृत्ति कराना है। प्रशिक्षण के दौरान खुशनुमा माहौल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी कराई गई।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बलदेव पूरवा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक अमित कुमार सिंह, आशीष प्रताप सिंह, अवधेश चतुर्वेदी, डॉक्टर उत्तम कुमार यादव महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ निघासन, विवेक कुमार मौर्य, राकेश कुमार मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव संविलियन विद्यालय विद्यालय लुधौरी, एटी अरुण कुमार गुप्ता, महावीर सिंह राम बेटी जायसवाल, अपर्णा श्रीवास्तव पूजा बंसल, संजय गिरी सोनम तथा याकूब अली सहित लगभग सभी लोग उपस्थित रहे। राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय निघासन में एआरपी मधुरेश शुक्ला तथा एआरपी अनिल प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण दिया।

# शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुईः उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की विफलता है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ए टिप्पणियां लखनऊके अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान कीं और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी।

पीठ ने कहा, आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है।

पीठ ने कहा, दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि



60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है।

उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस या अनुमति लिए नदी किनारे सभी प्रकार के अवैध व्यावसायिक निर्माण किए गए। दलीलें सुनने के बाद, शीर्ष अदालत ने कहा, फैसला सुनाए जाने तक, लखनऊविकास प्राधिकरणराज्य सरकार ढहाने की कार्रवाई नहीं करेगी। वे उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे।

## राज्य बोर्ड का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में कॉलेज प्रबंधक गिरफ्तार

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में राज्य बोर्ड की इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कॉलेज संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पेपर लीक होने के मामले में रोझौली गांव स्थित अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह उर्फ हुड्डा, उनके बेटे कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौहान, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कॉलेज प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके बेटे की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है पुलिस के मुताबिक, बुधवार अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजकर 15 मिनट तक चलने वाली गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा के दौरान अपराह्न करीब तीन बजे व्हाट्सएप पर प्रश्न पत्र लीक हो गया था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी जोन) सोनम कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र वायरल करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है और उनके बेटे विनय की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसने पेपर लीक किया था।

# भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग आरंभ हो गया हैः राष्ट्रपति मुर्मू

बरहमपुर (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए बहुत उत्साहजनक है। ओडिशा के गंजाम जिले के भांजा बिहार में बरहमपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है।

राष्ट्रपति ने कहा, हमारी बेटियों का सामर्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर पुलिस और सेना तक हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब हम महिलाओं के विकास के चरण से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मुर्मू ने कहा, बरहमपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 45000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसमें 55 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। इतना ही नहीं, स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां हैं और आज डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले




शोधकर्ताओं में भी 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह लैंगिक समानता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश भर में विभिन्न दीक्षांत समारोहों में भाग लेने के दौरान उनकी मुलाकात कई प्रतिभाशाली लड़कियों और महिलाओं से हुई। मुर्मू ने कहा कि जो महिलाएं कला, संस्कृति और ऐसे अन्य क्षेत्रों तक ही सीमित थीं, उन्होंने अब विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब पुलिस बल और रक्षा सेवाओं में भी नेतृत्व कर रही हैं।

## सुप्रीम कोर्ट मंदिर पुनर्स्थापना मुकदमों से संबंधित ज्ञानवापी समिति सुनवाई करेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि वाराणसी में मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग करने वाले वाद सुनवाई योग्य हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम इसे मुख्य मामले के साथ संलग्न करेंगे। ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति की ओर से इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग वाले 1991 के मुकदमे की सुनवाई योग्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी विवादित स्थल का धार्मिक चरित्र केवल अदालत द्वारा तय किया जा सकता है। उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के स्वामित्व को लेकर वाराणसी की एक अदालत में लंबित मूल वाद की पोषणीयता और ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी पांच याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि जिला अदालत के समक्ष दायर किया गया मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध नहीं है। यह मुकदमा काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा करने का अधिकार मांगने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किया गया था। मुस्लिम पक्ष के वादियों ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का हवाला देते हुए इसकी सुनवाई योग्यता को चुनौती दी थी।

# अटकलों पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा: अन्नामलाई

भाषा। चेन्नई

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने उनके आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरों को शुक्रवार को अटकल करार दिया, लेकिन कहा कि वह पार्टी के किसी भी फैसले पर अमल करेंगे। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी ने कहा कि भाजपा में उनका कोई व्यक्तिगत पूर्वाग्रह या कोई पसंद-नापसंद नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, पार्टी जो भी मुझसे कहेगी मुझे उसका पालन करना होगा, यही पार्टी का स्वभाव है। आज पार्टी ने मुझसे राज्य-स्तरीय यात्रा (एन मन्ना एन मक्कल) पूरी करने के लिए कहा है और हमने उसे अभी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य में पार्टी को आगे बढ़ाने को लेकर उन्हें कुछ जिम्मेदारी दी है और वह वही कर रहे हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव का स्पष्ट जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कल सुबह अगर पार्टी मुझसे कहेगी कि ऐसा करो, तो मैं वैसा ही करूंगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं अटकलों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा हूं। हमारा वरिष्ठ राष्ट्रीय नेतृत्व जो भी निर्णय लेता है उसका पालन करना और यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य है कि उसे जमीन पर लागू किया जाए।



द्रमुक नेता उदयनिधि द्वारा भाजपा की तीखी आलोचना को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में अन्नामलाई ने संकेत दिया कि चुनावों में शायद ही इसका कोई प्रभाव होता है। उन्होंने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता के पूर्व के अभिनय करियर का संदर्भ देते हुए कहा कि राज्य मंत्री एक असफल अभिनेता हैं।

अन्नामलाई ने सवाल किया कि उदयनिधि अपने दादा (दिवंगत एम करुणानिधि) और पिता (एमके स्टालिन) के नाम के साथ राजनीति में थे...उन्होंने कौन सी सामाजिक सेवा की है...क्या उन्होंने गरीबों की मदद की? भाजपा की तमिलनाडु इकाई द्वारा स्टालिन को उनके जन्मदिन पर चीनी भाषा में बधाई देने के सवाल पर अन्नामलाई ने कहा कि उन्हें इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा।

भाजपा ने सोशल मीडिया मंच पर बधाई देते हुए पोस्ट किया था, तमिलनाडु भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ की ओर से, हमारे माननीय मुख्यमंत्री थिरु एम के स्टालिन को उनकी पसंदीदा भाषा में जन्मदिन की शुभकामनाएंउ वह लंबा और स्वस्थ जीवन जिएंउ इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और अन्नामलाई सहित भाजपा नेताओं के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ चीनी भाषा में कुछ संदेश लिखा हुआ प्रतीत हो रहा था। यह राज्य में बन रहे इसरो प्रक्षेपण परिसर के संबंध में जारी द्रमुक के विज्ञापन में चीन के झंडे को लेकर हालिया विवाद पर संभावित कटाक्ष था। इस बारे में पूछे जाने पर अन्नामलाई ने कहा कि द्रमुक नेता और सांसद कनिमोई ने कहा था कि चीन दुश्मन देश नहीं है। इसलिए, हमारे मुख्यमंत्री को चीनी भाषा में शुभकामनाएं देने में क्या गलत है। हमारे आईटी इकाई के लोगों ने यही किया है। मुझे इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा।

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम द्वारा मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से जारी नोटिस के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पनीरसेल्वम को आय से अधिक संपत्ति के मामले से मुक्त करने पर स्वत: संज्ञान लेते हुए उन्हें और उनके रिश्तेदारों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने बहुत ही तार्किक आदेश दिया है और वह इसमें हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। हम कह सकते हैं कि चुनौती दिए गए आदेश में न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणियों को केवल नोटिस संबंधी आदेश तक सीमित माना जाना चाहिए और उन टिप्पणियों का आपराधिक पुनरीक्षण पर निर्णय लेने में कोई प्रभाव नहीं होना चाहिए। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 31 अगस्त को पनीरसेल्वम और उनके कुछ रिश्तेदारों को स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए आपराधिक पुनरीक्षण मामले में नोटिस जारी किया था। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा था, यह एक ऐसा मामला है जहां एक राजनीतिक व्यक्ति ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी), राज्य सरकार और अदालत को यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि उसके खिलाफ मामले की सुनवाई ठीक से नहीं हो।

### नुक्कड़ नाटक का आयोजन

बाराबंकी। नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र, इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी, बाराबंकी के द्वारा बस्ती गांव में महिला अधिकारों हेतु समाज में जागरूकता प्रसारित कराने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जनसमूह ने घेरा बनाकर उक्त नाटक की तालियां बजाकर प्रशंसा भी की। ग्राम प्रधान ने ग्राम वासियों को साथ लाकर तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महेंद्र कुमार, कौशलेन्द्र एवं अन्नपूर्णा त्रिवेदी निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में संस्थान के 70 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रमों के लिए चांसलर पंकज अग्रवाल एवं प्रो चांसलर पूजा अग्रवाल ने संस्थान एवं फैकल्टी के साथ बच्चों की सराहना की। वहीं वाइस चांसलर प्रो. देवेन्द्र कुमार शर्मा ने विधि विभाग का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम होने चाहिए। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के डायरेक्टर डा॰ रोहित पी साबरन ने सभी को आश्वस्त किया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम वे कराते आये हैं और उनका सहयोग एवं निर्देशन हमेशा आगे भी कार्यक्रमों को प्राथमिक रूप से मिलता रहेगा।

### वेक्टर जनित रोगों के विरुद्ध फैलाएंगे जागरूकता

बलरामपुर। वेक्टर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफेलाइटिस आदि के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए डायट में विद्यार्थियों ने कठपुतली नाटकों के माध्यम से तैयारी पूरी कर ली है। यहां चल रही कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा रद्दी कागज से तैयार कठपुतलियों का रंग रोगन किया गया। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में चल रही कार्यशाला में वरिष्ठ प्रवक्ता चंद्रमणि मिश्र के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने मलेरिया की बीमारी हराएंगे, घर के चारों ओर स्वच्छता लाएंगे, गलियों चौराहों को स्वच्छ बनाएंगे, मलेरिया को दूर भगाएंगे, सफाई एक, उपचार अनेक, कालाजार से बचाव है जरूरी, डेंगू मच्छर भगाना है, जिंदगी बचाना है, जैसे कई नाटक तैयार किए। कलाकार अंकिता ने कठपुतली के माध्यम से इनके प्रस्तुतीकरण के बारे में बारीकियों को समझाया। भारतीय विज्ञान लेखक संघ के तारिक बदर ने संवाद रोचक रखने पर जोर दिया। विज्ञान संचारक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि कठपुतली नाटक में एक ही व्यक्ति आवाज बदल बदल कर कई पात्रों का अभिनय कर सकता है। वहीं प्रतिभागियों ने भी विज्ञान नाटकों के पात्रों के आधार पर बनाई गई रंग बिरंगी कठपुतलियों के माध्यम से अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालयों में भी प्रतिभागियों ने जाकर कठपुतली नाटक प्रस्तुत किए और लोगों को जागरूक किया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुमेरगंज कस्बे का रहने वाले नीरज (34) अपनी भतीजी वर्तिका (छह) और बेटी योगिता (सात) को मोटरसाइकिल पर भिटरिया स्थित आधुनिक इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहा था कि तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल चला रहा नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि नीरज की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर स्थानातंरित कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

## उप्र सरकार ने छात्रों की काउंसलिंग की स्थिति से न्यायालय को अवगत कराया

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को उन छात्रों की काउंसलिंग की स्थिति से अवगत कराया, जिन्हें उनके स्कूल की शिक्षिका ने गृह कार्य नहीं करने पर एक मुस्लिम लड़के को कथित तौर पर थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने शिक्षा विभाग के अनुपालन हलफनामे पर गौर किया, जिसमें बताया गया है कि छात्रों के लिए कार्यशालाएं 24 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी।

पीठ ने कहा, हम राज्य सरकार को कार्यशाला के आयोजन के बारे में अप्रैल तक उपयुक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का बच्चों का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के क्रियान्वयन के सिलसिले में पूर्व के एक आदेश में शीर्ष अदालत द्वारा उठाए मुद्दों और इसके बाद बनाए गए नियमों पर विचार करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई 15 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को इन पहलुओं पर हलफनामा दाखिल करने की छूट होगी। मुजफ्फरनगर जिला स्थित स्कूल की शिक्षिका पर पीड़ति छात्र को साम्प्रदायिक अपशब्द कहने का भी आरोप है।

शीर्ष अदालत ने मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) को पीड़ति छात्र एवं उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के तौर-तरीके सुझाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मुजफ्फरनगर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था और स्कूल को राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस भी भेजा गया था। एक वीडियो में, यह देखा गया था कि शिक्षिका खुब्बापुर गांव में कक्षा-2 के छात्र को थप्पड़ मारने के लिए उसके सहपाठियों को निर्देश दे रही है, जिसके बाद शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत ने खालिस्तान समर्थक नेता की धमकी को तवज्जो नहीं दिया

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने खालिस्तान समर्थक एक नेता द्वारा कथित तौर पर दी गई धमकी को शुक्रवार को तवज्जो नहीं दिया। कथित खालिस्तान समर्थक नेता ने वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) प्रमुख अमृतपाल सिंह और संगठन के अन्य सदस्यों को डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार से अमृतसर कारागार स्थानांतरित करने की मांग की है। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, आपको खालिस्तानियों से इतना चिंतित क्यों होना चाहिए? लगता है कि आप अधिक भयभीत हैं, जबकि धमकी मुझे दी गई है। कथित धमकी एक व्यक्ति ने रिकॉर्ड संदेश के माध्यम से दी है और उसने खुद को गैरकानूनी संगठन सिख फॉर जस्टिस का प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू बताया। उक्त धमकी भरा संदेश पत्रकारों को मोबाइल फोन के जरिए भेजा गया है। संदेश में शर्मा से कहा गया है कि वह अमृतपाल और उसके साथियों को अमृतसर जेल स्थानांतरित करने का आदेश दें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो उन्हें नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

धमकी देने वाले व्यक्ति ने कहा कि सिख फॉर जस्टिस भारत के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में मामला दायर कर रहा है। अमृतपाल और उसके चाचा सहित



खालिस्तान समर्थक संगठन के 10 सदस्यों को पिछले साल मार्च से ही राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत असम के डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है। संगठन के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई कार्वाई के तहत इन्हें पंजाब के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह की धमकी शर्मा को पिछले साल अप्रैल में भी दी गई थी और पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं और यूएपीए कानून के तहत विशेष कार्यबल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ते खतरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## पेज 1 का शेष

### लोस संभाव्यों....

का चयन करने के लिए सार्वजनिक प्रतिक्रिया, आंतरिक मूल्यांकन और उच्च स्तरीय रणनीतिक चर्चाओं को शामिल करते हुए एक बहुस्तरीय और विस्तृत प्रक्रिया अपनाई। सूत्रों ने कहा कि भाजपा ने जमीनी स्तर से फीडबैक लेने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया है। नमो ऐप का उपयोग करके, जनता को मौजूदा सांसदों के प्रदर्शन पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक मंच दिया गया था, और पारंपरिक तरीकों से हटकर, भाजपा ने तीन सबसे लोकप्रिय नेताओं के बारे में पूछताछ करके जमीन पर लोगों की राय मांगी। पार्टी के अनुसार इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि उम्मीदवार स्थानीय आबादी की भावनाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप हों। पिछले दो वर्षों में भाजपा ने लगातार अपने सांसदों से फीडबैक मांगा है, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया है और चिंताओं का समाधान किया है। निर्णय लेने की प्रक्रिया को और बढ़ाने के लिए, भाजपा ने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र पर व्यापक रिपोर्ट संकलित करने के लिए सर्वेक्षण एजेंसियों से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि पहली सूची में मोदी, शाह और सिंह के नाम उनकी वर्तमान सीटों क्रमश: वाराणसी, गांधीनगर और लखनऊ के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों के नाम हो सकते हैं, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं जो राज्यसभा में रहने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। मध्य प्रदेश में सिंधिया के लिए अपेक्षित सीट पक्की मानी जा रही है क्योंकि यह उनका पारिवारिक गढ़ है। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर, भूपेन्द्र यादव, मनसुख मंडाविया, धर्मेन्द्र प्रधान और परषोत्तम रूपाला को चुनाव मैदान में उतारे जाने की संभावना है। ऐसी जोरदार चर्चा है कि चंद्रशेखर का मुकाबला तिरुवनंतपुरम से तीन बार के निवर्तमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर से होगा। सूत्रों ने कहा कि चार भाजपा सांसदों में से तीन - केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, बंदी संजय कुमार और धर्मपुरी अरविंद - क्रमश: अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्रों सिकंदराबाद, करीमनगर और निज़ामाबाद से चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों ने कहा कि 2019 में असफल रूप से चुनाव लड़ने के बाद भाजपा ने जिन सीटों पर अपनी संभावनाओं में सुधार करने का लक्ष्य रखा है, उनमें से बड़ी संख्या में हालिया विधानसभा चुनावों के पैटर्न के बाद उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची में शामिल हो सकते हैं। भाजपा की चुनावी उम्मीदवारों की सूचियाँ अक्सर छूटे हुए लोगों के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण रही हैं जितनी कि मौका दिए गए नए चेहरों के लिए और सभी की निगाहें इस पर होंगी कि क्या वह कुछ जाने-माने नामों को हटाती है या अपने उम्मीदवारों के चयन में कुछ नया प्रयोग करती है।

### मां, माटी...

लिए टीएमसी और कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कैसे केंद्र ने कई योजनाएं शुरू कीं जो अन्य राज्यों में शुरू हुईं लेकिन बंगाल में बाधित हो रही थीं। उन्होंने कहा, 'जब तक बंगाल में टीएमसी सरकार है तब तक कोई विकास नहीं हो सकता... वे केवल अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देंगे।' उन्होंने कहा कि बंगाल में शिक्षकों की भर्ती, राशन और कई अन्य विभागों में करोड़ों रुपये के घोटाले हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'वहां के नेता शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार करने, पशु तस्करी के आरोप में जेल गए हैं... जब तक वे सत्ता में हैं तब तक बंगाल में कोई विकास नहीं हो सकता है।' उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही बंगाल का विकास कर सकती है और लोगों की देखभाल कर सकती है। नदिया जिले के कृष्णानगर में एक और बैठक को संबोधित करने वाले प्रधानमंत्री ने कहा, 'टीएमसी केवल भ्रष्ट और आपराधिक गतिविधियों और तुष्टिकरण की राजनीति में लगी हुई है... अब मुसलमानों ने भी उन्हें छोड़ने का फैसला किया है।'

### राष्ट्रीय सुरक्षा...

एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उसने कहा, इन हवाई इंजनों से पुराने हो रहे मिग-29 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की आवश्यकताएं पूरा होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किए गए हैं, जिसके तहत क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने कहा, सीआईडब्ल्यूएस की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,668.82 करोड़ रुपए की लागत से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह सीआईडब्ल्यूएस देश के चुनिंदा स्थानों पर वायु रक्षा प्रदान करेगा। इसके साथ ही उच्च शक्ति रडार की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 5,700.13 करोड़ रुपए की लागत के अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

### ईसी की...

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में शिष्टाचार बनाए रखने और स्टार प्रचारकों एवं उम्मीदवारों खासकर उन लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी की चेतावनी दी है जिन्हें अतीत में नोटिस जारी किए गए थे। उसने पार्टियों का चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दों-आधारित बहस तक ले जाने का आह्वान किया और कहा कि राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को तथ्यात्मक आधार के बिना बयान नहीं देना चाहिए या मतदाताओं को गुमराह नहीं करना चाहिए। परामर्श में सोशल मीडिया गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने वाले या उनका अपमान करनी वाली पोस्ट तथा गरिमा पर चोट करने वाली पोस्ट नहीं किए जाने चाहिए या ऐसी सामाग्री साझा नहीं की जानी चाहिए।

### बेंगलुरु...

इस विस्फोट को बम विस्फोट बताया और कहा कि कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने कहा, एक बजे, होटल (कैफे) में एक बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोग घायल हुए, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं है। हम जांच कर रहे हैं। एफएसएल (फोरेंसिक) दल आए हैं और जांच कर रहे हैं। शहर के पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर हैं। हम निश्चित तौर पर पता लगा लेंगे कि किसने यह किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि घायल कैफे कर्मियों एवं ग्राहकों का इलाज चल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस विस्फोट के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया तो उन्होंने कहा, हम जांच कर रहे हैं। रामेश्वरम कैफे की सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दिव्य राघवेंद्र राव ने एक कन्नड़ समाचार चैनल से कहा कि यह विस्फोट उस स्थान पर हुआ जहां ग्राहक अपने हाथ धोते हैं। उन्होंने कहा कि वहां एक स्टैंड भी रखा जाता है जहां अपशिष्ट रखा जाता है। उन्होंने दावा किया कि बाहर से किसी व्यक्ति ने आकर वहां बैग रख दिया जिससे विस्फोट हुआ। इस घटना के सीसीटीवी वीडियो में विस्फोट और धुंआ दिख रहा है तथा डर के मारे ग्राहक एवं अन्य लोग को भागते हुए नजर आ रहे हैं। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

### मौसम के...

की संभावना है।' इससे कृषि गतिविधियों और विशेषकर गेहूं की फसल वृद्धि पर असर पड़ सकता है। देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा (लंबी अवधि के औसत 29.9 मिमी से 117 प्रतिशत से अधिक) दर्ज होने की संभावना है। भारत में मार्च में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मई की अवधि के लिए, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि मार्च में उत्तर और मध्य भारत में हीटवेव की स्थिति की उम्मीद नहीं है। महापात्र ने कहा कि मौजूदा अल नीनो स्थितियां - मध्य प्रशांत महासागर में पानी का समय-समय पर गर्म होना - गर्मी के मौसम में जारी रहेगा और उसके बाद तटस्थ स्थितियां विकसित होने की संभावना है। ला नीना की स्थितियाँ - जो आम तौर पर भारत में अच्छी मानसून वर्षा से जुड़ी होती हैं - मानसून सीज़न के दूसरे भाग तक स्थापित होने की संभावना है। आईएमडी ने यह भी अनुमान लगाया है कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के शुक्रवार से शुरू होकर रविवार तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तरी मैदानी इलाकों को प्रभावित करने की उम्मीद है और सिफारिश की है कि किसान जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में पानी के ठहराव से बचने के लिए फसल के खेतों से अतिरिक्त पानी निकालने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। उत्तराखंड और पंजाब. अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में बागवानी फसलों और सब्जियों को यांत्रिक सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है।

# हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे : मोदी

## देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

भाषा। बरवाअड्डा



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जमकर खाओ का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है...जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहारे (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा, "चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है। उन्होंने कहा, झामुमो का मतलब जमकर खाओ से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है। मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपए से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा, मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे। यह पैसा झारखंड की जनता और गरीब आदिवासियों का है। यह पैसा आपके बच्चों के भविष्य के लिए था लेकिन इसे लूट लिया गया।

## भारत के कड़े विरोध के बाद थाईलैंड ने डब्ल्यूटीओ में अपने राजदूत को हटाया

भाषा। अबू धाबी

**भारत के चावल** खरीद कार्यक्रम को लेकर डब्ल्यूटीओ में थाईलैंड की राजदूत की विवादास्पद टिप्पणी पर नई दिल्ली के कड़ा विरोध दर्ज कराने के बाद थाईलैंड ने उन्हें हटा दिया है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि थाईलैंड की राजदूत पिमचानोक वॉनकोर्पोन पिटफील्ड को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-13) से हटाकर वापस थाईलैंड आने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि थाईलैंड के विदेश सचिव ने उनका स्थान लिया है। मंत्रिस्तरीय वार्ता पांचवें दिन प्रवेश कर गई है। अधिकारी ने कहा कि भारत ने मंगलवार को एक परामर्श बैठक के दौरान पिटफील्ड की टिप्पणियों पर गहरी निराशा जताई थी। उन्होंने नई दिल्ली पर आरोप लगाया था कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चावल खरीद का कार्यक्रम लोगों के लिए नहीं, बल्कि निर्यात बाजार पर कब्जा करने के लिए है। इसके बाद, भारत ने औपचारिक रूप से थाईलैंड सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराया और डब्ल्यूटीओ प्रमुख, कृषि समिति के प्रमुख केन्या और यूएई के प्रति नाराजगी भी जताई। अधिकारी ने कहा, थाईलैंड की राजदूत को बदल दिया गया है। उन्होंने भारत के पीएसएच (सार्वजनिक भंडारण) कार्यक्रम का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि थाई राजदूत की भाषा और व्यवहार अच्छा नहीं था। इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराने के बाद भारतीय वार्ताकारों ने उन समूहों में भाग लेने से भी इनकार कर दिया था, जहां थाई प्रतिनिधि मौजूद थीं। सरकारी अधिकारी ने कहा कि उनके तथ्य गलत थे, क्योंकि सरकार खाद्य सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए धान की उपज का केवल 40 प्रतिशत ही खरीदती है। उन्होंने बताया कि बाकी हिस्से को सरकारी स्वामित्व वाली एजेंसियां नहीं खरीदती हैं और इसे भारत से बाजार कीमतों पर निर्यात किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### वित्तीय खुफिया इकाई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू) ने मनी लांड्रिंग निरोधक नियमों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एफआईयू को कुछ इकाइयों और उनके कारोबार से जुड़ी कंपनियों के संबंध में अवैध गतिविधियों के बारे में जांच एजेंसियों से जानकारी मिली थी। इसमें ऑनलाइन जुए के आयोजन और सुविधा प्रदान करने की बात शामिल थी। शिकायत मिलने के बाद एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की। मंत्रालय ने कहा कि इन इकाइयों के खाते पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. में थे। इन्होंने अवैध गतिविधियों से प्राप्ति राशि यानी अपराध की कमाई को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों के माध्यम से दूसरी जगह भेजा गया। वित्तीय खुफिया इकाई-भारत ने मनी लांड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत दायित्वों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया। एफआईयू की कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के निर्देश के बाद हुई है। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी से अपने ग्राहकों के खातों में नई जमा या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया था। बाद में तारीख को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया।

### आईसीआईसीआई उद्योग-अग्रणी अनुपात कायम रखा

**मुंबई।** आईसीआईसीआइ प्रूडेंशियल के पास लगातार दावा निपटान अनुपात ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें वित्त वर्ष 2024 के शुरुआती नौ महीनों के लिए उल्लेखनीय 98.6 प्रतिशत दावा निपटान अनुपात शामिल है।दावा निपटान अनुपात में निरंतरता भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पॉलिसीधारक को मानसिक शांति प्रदान करता है कि जब वे आसपास नहीं होंगे, तो उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर नहीं होगा।वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का दावा निपटान अनुपात 98.10 फीसदी था, दूसरी तिमाही में यह 98.14 प्रतिशत रहा और तीसरी तिमाही में अनुपात 98.52 फीसदी था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए, सभी प्रासंगिक दस्तावे? जमा करने के बाद गैर-जांच किए गए दावों के लिए औसत दावा निपटान समय केवल 1.3 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 'क्लेम फॉर श्योर' सेवा पहल भी शुरू की है, जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी दस्तावेज प्राप्त होने के बाद सभी योग्य मृत्यु दावों का एक दिन में निपटान किया जाए। यदि इस पहल के तहत दावे को प्रोसेस करने में कोई देरी होती है, तो आईसीआईसीआई प्रूडेंशियललाइफ लाभार्थी को दावे की राशि पर अर्जित ब्याज के साथ मुआवजा देती है। इसके अलावा कंपनी ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए अपने डिजिटल टचपॉइंट्स जैसे व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप और वेबसाइट की सुविधा भी उपलब्ध कराती है।

### कर्नाटक इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन खुले

**बेंगलुरू।** पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक स्तंभ के रूप में खड़ा रहा है। इंजीनियरिंग में अपना करियर बनाने की ख्वाहिश रखने वालों के लिए यह हमेशा से पसंदीदा जगह बना हुआ है। इसकी वजह हैं इसके विविधतापूर्ण कॉलेजों की लम्बी श्रृंखला, शानदार शैक्षणिक सुविधाएं और ग्रेजुएशन के बाद ऊंची जॉब प्लेसमेंट दर का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड। उच्च शिक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता ने कुशल पेशेवरों का एक बड़ा पूल तैयार किया है, जिसने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण मांग को अपनी तरफ आकर्षित किया है। कॉमेडके यूजीईटी और यूनीगेजप्रवेश परीक्षा रविवार, 12 मई, 2024 को एक संयुक्त परीक्षा के रूप में आयोजित होने वाली है, जिसमें क्रमशः कर्नाटक के 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और भारत भर के 50 से अधिक प्रतिष्ठित निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। यह एकीकृत परीक्षा कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज एसोसिएशन (कुपेका) और यूनीगेजसदस्य विश्वविद्यालयों से जुड़े कॉलेजों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है, जो बीई/बीटेक कार्यक्रम प्रदान करते हैं। ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से अधिक शहरों में 400 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, उसे उम्मीद है कि 1,00,000 से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। पूरे भारत से उम्मीदवार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 फरवरी, 2024 से 5 अप्रैल, 2024 तक ऑनलाइन खुली है। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा, किकॉमेडके में, हम इस विश्वास को मजबूत बनाते हैं कि एक छात्र की योग्यता और रुचि उसकी शैक्षिक यात्रा के लिए एकमात्र मार्गदर्शक कारक होने चाहिए। हमारी प्रवेश परीक्षा, कॉमेडके यूजीईटी, परीक्षण प्रक्रिया में निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ईआरए फाउंडेशन के सीईओपी. मुरलीधर कहते हैं, हमारा दृढ़ विश्वास है कि कि किसी छात्र की योग्यता और रुचि ही आगे की पढ़ाई के लिए संस्थान चुनने का एकमात्र मापदंड होना चाहिए।

### नगालैंड विधानसभा में भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर रद्द करने के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा ने भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और पड़ोसी देश के साथ मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को रद्द करने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया और केंद्र से दोनों फैसलों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। विधानसभा ने साथ ही संकल्प लिया कि वह केंद्र सरकार से अपील करेगी कि सीमा के करीब रह रहे लोगों से विचार विमर्श किया जाए और संबंधित ग्राम परिषद प्राधिकारियों को इस पूरी प्रक्रिया में शामिल कर सीमापार आवाजाही की व्यवस्था को लेकर नियम बनाए जाएं। केंद्र ने इस महीने के शुरू में एफएमआर व्यवस्था को खत्म कर दिया था, जिसके तहत दोनों देशों के लोग बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर अंदर तक आ सकते थे। भारत और म्यांमा की 1643 किलोमीटर सीमा पूर्वोत्तर भारत के चार राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नगालैंड से लगती है। प्रस्ताव में कहा गया है कि एफएमआर को निलंबित करने और भारत-सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र के फैसले से अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर रह रहे नगा लोगों के सदियों पुराने ऐतिहासिक, सामाजिक, जनजातीय और आर्थिक संबंध प्रभावित होंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि केंद्र के फैसले से सीमावर्ती इलाके में रहने वाले नगा लोगों को असुविधा होगी, जिनकी कृषि भूमि सीमा के दोनों ओर है। इस प्रस्ताव को उपमुख्यमंत्री वाई पैटन ने पेश किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। विभिन्न नगा नागरिक समाज, आदिवासी संगठन और नगा राजनीतिक समूहों ने केंद्र के इस फैसले का विरोध किया है। यहां तक मोन जिले के लोगवा गांव के मुख्य अंघ (राजा) ने भी फैसले पर आपत्ति जताई है, जिनका घर दोनों देशों में बना है।

### राजस्थान में आकाशीय बिजली गिरने से दंपति सहित छह लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सवाई माधोपुर के चौथ इलाके के बरवाड़ा थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे दंपति के आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वही बौंली क्षेत्र में भी इस तरह के हादसे में एक युवक मौत हो गई।बरवाड़ा थाने के उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि बगीना गांव में खेत में काम कर रहे राजेन्द्र मीणा (30) और उनकी पत्नी जलेबी मीणा (28) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, बौंली जिले के नानतोडी गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने से धन्नालाल मीणा नाम के युवक की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि टोंक जिले की पीपलू थाना क्षेत्र में पंचायत समिति कार्यालय पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना में चार कर्मचारी बेहोश हो गए।दौसा पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, जिले में दो अलग अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली के गिरने एक स्कूली छात्रा और एक युवक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोलतपुरा स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा पर जाबता के पास आकाशीय बिजली गिरने से चाइना मीणा (17) की मौत हो गई, वही लालसोट पर देवली मोड के पास आकाशीय बिजली गिरने से शाहरूख (30) की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि चाकसू थाना क्षेत्र के देवगांव में आकाशीय बिजली गिरने से बीना देवी (35) की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला झुलस गई।जयपुर के मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एक तीव्र पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर दबाव क्षेत्र बना हुआ है।

### बिल गेट्स ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल बताया



**एकता नगर।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने शुक्रवार को गुजरात के एक नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखी और इसे इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल करार दिया। गेट्स ने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा देखने के बाद आगंतुक डायरी में लिखा, इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसालउ बेहद सुंदरउ सरदार पटेल को नमन। मेहमाननवाजी के लिए शुक्रिया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सीईओ उदित अग्रवाल और प्रोटोकॉल मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने गेट्स का स्वागत किया। अधिकारियों ने गेट्स को प्रतिमा के निर्माण की प्रक्रिया और इसमें इस्तेमाल हुई सामग्री के बारे में बताया।गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि गेट्स 135 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गैलरी भी गए।

## हलद्वानी में हुई हिंसा के संबंध में पांच महिलाएं गिरफ्तार

**हलद्वानी।** उत्तराखंड पुलिस ने हलद्वानी के बनभूलपुरा इलाके में हाल में अवैध मदरसा ढहाए जाने के को लेकर हुई हिंसा के संबंध में शुक्रवार को पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बनभूलपुरा में आठ फरवरी को हुई पथराव, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं के संबंध में कुल 89 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसएसपी ने बताया कि शुक्रवार को पांच महिलाओं शाहनाज, सोनी, शमशीर, सलमा और रेशमा गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया किए सभी बनभूलपुरा इलाके की रहने वाली है। पुलिस ने पहले कहा था कि हलद्वानी में हुई हिंसा में छह लोगो की मौत हो गई थी और पुलिस कर्मियो एवं पत्रकारो समेत 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## आईआईएफएल महिलाओं को पुरस्कार दिए बांटेगा

**मुंबई।** आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय लेडीज़ फर्स्ट गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं। आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता हैए और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है। यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस.पास की अवधि में चलाया जा रहा है। हेड गोल्ड लोन बिज़नेस सौरभ कुमार ने कहा कि महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है। जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है।

## केंद्र में प्रमुख पदों पर निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे

**नई दिल्ली।** शासकीय कार्यों की सुगमता को और बेहतर बनाने के वास्ते मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ जल्द ही केंद्र में प्रमुख पदों पर नियुक्त किए जाएंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागो में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकोंउप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।आमतौर पर, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओ - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) तथा अन्य सेवाओं में अधिकारियों ग्रुप ए के अधिकारियों को रखा जाता है।वर्ष 2018 में शुरू की गई लैटरल एंट्री योजना के तहत, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्तियां की जाती है। इन स्तरों पर अधिकारी नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। जो अधिकारी इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आते है, वे सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते है। कार्मिक मंत्रालय ने जून 2018 में पहली बार इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से 10 संयुक्त सचिव-रैंक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इन पदों के लिए भर्ती संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा निकाली गई थी।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी।उनकी देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा, कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था।अली ने बताया कि वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गए थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने।कुरैशी अविवाहित थे। उन्होंने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

# बैंकों में वापस आए 2,000 रुपए के 97.62 प्रतिशत नोट

भाषा। मुंबई



**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपए मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपए के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपए मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था। आरबीआई ने एक बयान में कहा, 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपए मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपए रह गया है। इस तरह 2,000 रुपए मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपए के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपए के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं। आरबीआई ने पहले कहा था कि लोग और संस्थाएं 30 सितंबर, 2023 तक इन नोट को बैंकों में जाकर बदल या जमा कर सकती हैं। बाद में समय सीमा सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दी गई थी। हालांकि आठ अक्टूबर, 2023 से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा का आदान-प्रदान करने या उनके बैंक खातों में राशि जमा करने का विकल्प दिया गया है। यह सुविधा आरबीआई के अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम कार्यालयों में है।

## जीएसटी संग्रह फरवरी में 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपए से अधिक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "फरवरी, 2024 में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,68,337 करोड़ रुपए है, जो 2023 के समान महीने की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक है।

## बिहार विधानसभा में सत्ता पक्ष के सदस्यों के साथ बैठे दिखे राजद के एक और विधायक

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भरत बिंद शुक्रवार को बिहार विधानसभा के अंदर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों के साथ बैठे हुए दिखाई दिए।बिंद एक महीने से भी कम समय में पाला बदलने वाले पांचवें विधायक बन गए हैं। कैमूर जिले के भभुआ का प्रतिनिधित्व करने वाले बिंद दोपहर के भोजन के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ विधानसभा परिसर पहुंचे।सम्राट चौधरी, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं। बिंद ने मुरारी गौतम के साथ सदन में प्रवेश किया और दोनों एक साथ बैठे। गौतम कुछ दिन पहले कांग्रेस का हाथ छोड़कर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हुए थे और राज्य सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं। बजट सत्र के अंतिम दिन यह घटनाक्रम हुआ।इससे पहले राजद विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव सत्ता पक्ष में चले गए थे।

# टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

भाषा। नई दिल्ली



### ट्रेन बम विस्फोट मामला

**सीबीआई** 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और प्रतिष्ठित रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर देश के विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के उद्देश्य से एक आपराधिक साजिश रची। एजेंसी ने 21 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, जिनमें से 15 को 20 साल पहले 28 फरवरी, 2004 को अजमेर की टाडा अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। उच्चतम न्यायालय ने इनमें से 10 दोषियों की सजा बरकरार रखी थी। वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी टुंडा (81) बम विस्फोट मामले में वांछित आरोपियों में से एक था और उसे भारत-नेपाल सीमा के पास एक गांव से 2013 में गिरफ्तार किया गया था। टाडा अदालत ने कल बृहस्पतिवार को टुंडा को मामले में बरी कर दिया था।

# हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य दिल्ली में खरगे से बातचीत करेंगे

## बागियों से मुलाकात की

भाषा। शिमला





**हिमाचल प्रदेश** के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली जाने से पहले अयोग्य घोषित किए गए कांग्रेस के छह विधायकों से हरियाणा के पंचकूला में मुलाकात की। दिल्ली में उनका पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने का कार्यक्रम है। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने बृहस्पतिवार को उन्हें सूचित किया कि कांग्रेस के कुछ बागियों ने उनसे संपर्क किया है और वे वापस आना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने विक्रमादित्य सिंह से इन बागी विधायकों और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन बागी विधायकों के परिवार के सदस्य उनसे बात कर रहे हैं और वे कांग्रेस में रहना चाहते हैं। सुक्खू ने कहा, विक्रमादित्य सिंह आज नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलेंगे और हम देखेंगे कि क्या होता है लेकिन सरकार को कोई खतरा नहीं है। हिमाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के छह बागियों ने क्रॉस वोटिंग की थी जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हर्ष महाजन ने कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हरा दिया था। इसके बाद, कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने शिमला में पार्टी विधायकों से बात करने के लिए पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजी। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा में राज्य के बजट के लिए मतदान पर पार्टी व्हिप का कथित तौर पर उल्लंघन करने के चलते संबंधित छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। क्रॉस वोटिंग के घटनाक्रम के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्रिपरिषद से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी, लेकिन पर्यवेक्षकों के साथ बैठक के बाद उन्होंने अपना रुख नरम कर लिया। सुक्खू ने कहा, बागी पंचकूला में एक होटल में ठहरे हुए हैं। हम देखेंगे कि जब वे हिमाचल में प्रवेश करेंगे तो क्या करना है। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस बागियों को वापस लेगी, सुक्खू ने कहा, मैंने पहले ही इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि पार्टी बागियों को वापस लेने के लिए तैयार है। अपने आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सिंह दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर हैं जहां वह शनिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करेंगे। पूर्व में सुक्खू सरकार के कामकाज पर असंतोष व्यक्त कर चुकीं प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री कुछ कार्यक्रमों के लिए दिल्ली गए हैं और कांग्रेस आलाकमान से भी मिलेंगे। राज्य में सत्तारूढ़ दल में बेचैनी है क्योंकि भाजपा बार-बार दावा कर रही है कि कांग्रेस के कुछ और विधायक उसके संपर्क में हैं तथा सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी।

# ईडी ने दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की

भाषा। नई दिल्ली

### महादेव ऐप

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपए से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में एक हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है। उन्होंने बताया कि ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। ईडी का आरोप है कि टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काईएक्सचेंज का मालिक और संचालक भी है.ईडी का आरोप है, वह (टिबरेवाल), दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिए, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कई कंपनियों में निदेशक भी नियुक्त कर रखा था, जो शेयर बाजार में सट्टेबाजी में सहायता कर रहे थे। एजेंसी ने बताया कि टिबरेवाल सट्टेबाजी की रकम को बड़े पैमाने पर हवाला के जरिए दूसरी जगह भेजने में भी लिप्त था। ईडी ने कहा कि इसलिए, टिबरेवाल के लाभकारी स्वामित्व वाली 580.78 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियों को निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपए की नकदी और 1.78 करोड़ रुपए की कीमती वस्तुएं बरामद कीं। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में नेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं। ईडी ने मामले में अब तक दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र भी शामिल हैं।

# बांग्लादेश में सात मंजिला इमारत में लगी आग, 46 लोगों की मौत

**भाषा।** ढाका





**बांग्लादेश** की राजधानी ढाका में सात मंजिला इमारत में बृहस्पतिवार रात आग लगने से कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। आग लगने की यह घटना ढाका के बेली रोड इलाके में ग्रीन कोजी कॉटेज इमारत में हुई। यह घटना बांग्लादेश में हालिया वर्षों में आग लगने की सबसे भीषण घटनाओं में एक है। दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि इमारत की पहली मंजिल पर स्थित लोकप्रिय रेस्तरां कच्ची भाई में बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर आग लग गई जो तेजी से ऊपर की मंजिलों में भी फैल गई। इन मंजिलों पर रेस्तरां एवं कपड़े की दुकानें थीं। बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने शुक्रवार को कहा कि ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में 33 और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 शवों को लाया गया तथा एक अन्य व्यक्ति की पुलिस अस्पताल में मौत हो गई।

ढाका के उपजिलाधिकारी (एनडीसी) मुस्तफा अब्दुल्ला अल नूर ने द डेली स्टार समाचार पत्र को बताया कि डीएमसीएच की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती एक और घायल व्यक्ति की सुबह करीब सात बजे मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाणिज्यिक इमारत में आग लगने की इस घटना पर करीब से नजर रख रही हैं। अब तक 39 शवों की पहचान हो चुकी है। इनमें से, कम से कम 31 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। बाकी शव डीएनए जांच के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे।मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि डीएमसीएच और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 22 लोगों का उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत नाजुक है। सेन स्वयं भी चिकित्सक हैं। उन्होंने डीएमसीएच में संवाददाताओं से कहा बचाए गए लोगों का श्वसन तंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से 75 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से 42 लोग बेहोश थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दमकल सेवा की 13 गाड़ियों को भेजा गया।

चिकित्सकों ने कहा कि कुछ लोगों के शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है। उन्होंने मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद लोग बचने के लिए ऊपर की मंजिलों की ओर भागे और कई लोगों को दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से बाहर निकाला।

पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 75 लोगों को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में बचाए गए कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक पुलिस अधिकारी की बेटी भी शामिल है। अग्निशमन सेवा के महानिदेशक ने बताया कि 42 बेहोश लोगों में 21 महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस इमारत में हालात खतरनाक थे, यहां तक कि सीढ़ियों पर भी गैस सिलेंडर रखे थे। अधिकारी ने कहा कि आग शायद गैस रिसाव या चूल्हे से लगी। उन्होंने कहा कि इमारत से सीढ़ियों के जरिए ही बाहर निकला जा सकता था और यही एकमात्र निकास मार्ग था।

अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि ज्यादातर लोगों की मौत इमारत से कूदने या जलने या दम घुटने से हुई। दमलकल कर्मियों ने आग पर देर रात साढ़े 12 बजे काबू पा लिया। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सुरक्षा संबंधी नियमों को लागू करने में ढिलाई के कारण बांग्लादेश में इमारतों और फैक्टरी परिसरों में आग लगना आम बात है। बांग्लादेश अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा (एफएससीडी) मुख्यालय के अनुसार, 2023 में देश भर में आग लगने की 27,624 घटनाओं में 102 लोगों की मौत हुई और 281 अन्य लोग घायल हुए।

# ईरान में 2022 में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद पहले संसदीय चुनाव के लिए पड़े वोट



**दुबई।** हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनावों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। ईरान के सर्वोच्च नेता 84 वर्षीय अयातुल्ला अली खामनेई चुनाव के लिए सबसे पहले वोट डालने वालों में शामिल रहे। खामेनेई ने भी जनता से मतदान करने का आग्रह किया है, लेकिन देश की राजधानी तेहरान के मतदान केंद्रों पर बहुत कम मतदाता नजर आए। इस मतदान के जरिए देश की एसेम्बली ऑफ एक्सपर्ट के सदस्यों का भी चुनाव होगा। खामनेई के पद से हटने या उनके निधन की स्थिति में नए सर्वोच्च नेता के चयन की जिम्मेदारी असेंबली ऑफ एक्सपर्ट की होगी। खामनेई की आयु के मद्देनजर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट की महत्ता बढ़ गई है। खामनेई ने तेहरान में पत्रकारों की भीड़ के सामने मतदान किया। खामनेई ने लोगों से चुनाव में जल्द से जल्द मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि ईरान के मित्र और शत्रु दोनों ही मतदान पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, इस पर गौर कीजिए, मित्रों को खुश कीजिए और बुरा चाहने वालों को निराश कीजिए। शुरुआती परिणामों के शनिवार तक आ जाने की संभावना है। देश की 290 सदस्यीय संसद की सदस्यता के लिए लगभग 15,000 उम्मीदवार मैदान में हैं। ईरान की संसद को औपचारिक रूप से इस्लामिक कंसल्टेटिव असेंबली के रूप में जाना जाता है। सांसदों का कार्यकाल चार साल होता है और पांच सीट ईरान के धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। कानून के तहत, संसद कार्यकारी शाखा पर निगरानी रखती है, संधियों पर मतदान करती है और अन्य मुद्दों को संभालती है लेकिन ईरान में व्यावहारिक रूप से पूर्ण शक्ति उसके सर्वोच्च नेता के पास होती है। पुलिस हिरासत में 2022 में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद हिजाब पहनने की अनिवार्यता के विरोध में देशभर में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस प्रदर्शन के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्वाई में 500 लोगों की मौत हो गई थी और 22,000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था। हालिया सप्ताह में बहुत से लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। इनमें जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एवं महिला अधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी भी शामिल हैं, जिन्होंने इन चुनावों को दिखावा करार दिया है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भीड़भाड़ वाले मतदान केंद्रों को दिखाया, लेकिन तेहरान में कुछ स्थानों पर बहुत कम मतदाता दिखाई दिए।

## अमेरिका में इस वर्ष चुनावों में जटिल खतरों का सामना करना पड़ सकता है: एफबीआई निदेशक

मैकलीन। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल होने वाले अमेरिकी चुनावों में जटिल और तेजी से बढ़ते हुए खतरों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य तकनीकी प्रगति ने चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप को पहले की तुलना में बेहद आसान बना दिया है।

क्रिस्टोफर रे ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका ने अतीत में विदेशी घातक प्रभाव के खतरों का सामना किया है। लेकिन, इस चुनावी चक्र में अमेरिका को अधिक प्रतिकूल स्थितिओं का सामना करना पड़ेगा। संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए तेज गति से आगे बढ़ना होगा और नई तकनीक से लैस होकर सक्षम होना पड़ेगा। क्रिस्टोफर रे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य तकनीकी प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे विदेशी ताकतों के लिए चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना आसान हो गया है।

# नवलनी को दी गई अंतिम विदाई

## पुतिन के विरोध को स्वर देने वाले विपक्ष के प्रमुख नेता थे एलेक्सी

**मॉस्को।** रूस में विपक्ष के प्रमुख नेता रहे एलेक्सी नवलनी की एक जेल में दो हफ्ते पहले मौत हो जाने के बाद, शुक्रवार को यहां भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती के बीच हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कटु आलोचक रहे नवलनी (47) का शव प्राप्त करने के लिए उनके परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी के समर्थकों ने कहा है कि सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाने वाले और बड़े प्रदर्शन आयोजित करने वाले नवलनी की अंतएष्टि कराने से मास्को में कई गिरिजाघरों ने इनकार कर दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर इसके लिए तैयार हो गया। पश्चिमी देशों के कई नेताओं ने नवलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है, हालांकि रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने इस आरोप को खारिज कर दिया है।

नवलनी की टीम ने द चर्च ऑफ द आइकन ऑफ द मदर ऑफ गॉड सूथे माय सॉरोज से उनकी अंतएष्टि की अनुमति प्राप्त कर ली। नवलनी के ताबूत को वाहन से उतारे जाने और गिरिजाघर में ले जाए जाने के बाद वहां



एकत्र लोगों ने नवलनी उ नवलनी उ नारे लगाए। कुछ लोगों ने कहा, आप भयभीत नहीं थे, हम भी नहीं हैं उ हम युद्ध नहीं चाहते।

रूस के राष्ट्रपति पद के आकांक्षी बोरिस नाजेदिन और एकेतरीना दुंसोवा के साथ अमेरिकी राजदूत लीन ट्रेसी सहित पश्चिमी देशों के राजनयिक भी इस मौके पर उपस्थित थे। बोरिस और एकेतरीना, दोनों ही आगामी राष्ट्रपति चुनाव लड़ना चाहते हैं और पुतिन के यूक्रेन युद्ध का विरोध किया है। गिरिजाघर के अंदर की एक तस्वीर में देखा जा सकता है कि नवलनी के शव वाला ताबूत लाल और सफेद रंग के फूलों से ढंका हुआ है और एक मोमबत्ती लिए उनकी मां बगल में बैठी हुई हैं।

नवलनी के पिता भी मौजूद थे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि परिवार के और कौन से सदस्य शामिल हुए। नवलनी की पत्नी युलिया नवलनाया ने दो दिन पहले फ्रांस में यूरोपीय संसद को संबोधित किया था। उनकी बेटी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं, लेकिन उनके बेटे के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अंतएष्टि कार्यक्रम का नवलनी के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मास्को और अन्य स्थानों पर एकत्र लोगों से कानून नहीं तोड़ने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी अनधिकृत जमावड़ा कानून का उल्लंघन होगा। हजारों लोगों की भीड़ गिरिजाघर से लेकर बोरीसोवस्कोय कब्रिस्तान तक जनाजे में शामिल हुई। कब्रिस्तान में भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। ताबूत खोले जाने पर नवलनी के माता-पिता और अन्य ने उनके शव को स्पर्श किया। इसके बाद, ताबूत को कब्र में उतार दिया गया।नवलनी की मां ल्यूडमिला नवलनाया ने 16 फरवरी को उनकी मृत्यु हो जाने के बाद उनका शव प्राप्त करने के लिए आठ दिनों तक मशक्कत की। अधिकारियों ने यह दलील दी थी कि वे शव नहीं सौंप सकते क्योंकि पोस्टमार्टम बाकी है। नवलनाया ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शव सौंपने का एक वीडियो संदेश के जरिए आग्रह किया था ताकि वह गरिमापूर्ण तरीके से अपने बेटे की अंतएष्टि कर सकें। नवलनी चरमपंथ के आरोप में 19 साल जेल की सजा काट रहे थे। उन्हें पिछले साल दिसंबर में मध्य रूस के दूरदराज के आकर्टिक क्षेत्र में खार्प शहर स्थित उच्चतम सुरक्षा वाली एक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। रूसी अधिकारियों ने नवलनी की मौत के कारणों का अब तक खुलासा नहीं किया है।

## फलस्तीन में राहत पहुंचाने के लिए स्थाई मानवीय गलियारे की तत्काल आवश्यकता है : भारत

**संयुक्त राष्ट्राजिनेवा।** भारत ने फलस्तीन की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राहत पहुंचाने के लिए एक स्थाई मानवीय गलियारे की तत्काल आवश्यकता है और यह उल्लेख किया कि संघर्ष क्षेत्र में या उससे परे नहीं फैलना चाहिए। अधिकृत फलस्तीनी क्षेत्र में मानवीय स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की रिपोर्ट के बाद इंटरएक्टिव डायलॉग में मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र के दौरान एक बयान में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने यह बात कही। बागची ने अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून का पालन करने के सार्वभौमिक दायित्व के बारे में स्पष्ट होने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बागची ने कहा, फलस्तीन में मौजूदा स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है, बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है, तथा मानवीय संकट बेहद चिंताजनक है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हम सभी आम नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा, राहत प्रदान करने के लिए एक स्थाई मानवीय गलियारे की तत्काल आवश्यकता है। यह संघर्ष क्षेत्र में या उससे परे नहीं फैलना चाहिए। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल-फलस्तीन संघर्ष का द्विराष्ट्र सिद्धांत पर आधारित समाधान पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि ने कहा, ए विकल्प नहीं हैं, ए सभी जरूरी हैं और जब तक हम इन सभी का समाधान नहीं कर पाते, हम वास्तव में समस्या का समाधान नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट होना चाहिए कि आतंकवाद और बंधक बनाना अस्वीकार्य हैं और ए कार्य हमारी निंदा के पात्र हैं। आतंकवाद को लेकर भारत की रणनीति कतई न बर्दाश्त करने वाली रही है। बंधकों की वापसी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ओर से द्विपक्षीय विकास साझेदारी के माध्यम से फलस्तीनी लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा तथा फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना भी जारी रखेगा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने अपने बयान में कहा कि फलस्तीन पर मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट पढ़ने में बहुत दर्दनाक लगती है। वोल्कर तुर्क ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि गाजा में हमारी आंखों के सामने जो भयावहता सामने आ रही है, उसकी कोई सीमा नहीं है - उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। अक्टूबर की शुरुआत से अब तक एक लाख से अधिक लोग मारे गए हैं अथवा घायल हुए हैं।

# पाकिस्तान में नौ मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, जरदारी की जीत लगभग तय



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नौ मार्च को होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का लगभग 11 साल बाद फिर से शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करना लगभग तय है। नए राष्ट्रपति मौजूदा राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालाँकि, वह पद पर बने हुए हैं क्योंकि नए निर्वाचक मंडल का गठन अभी तक नहीं हुआ है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने एक नोटिस में कहा कि राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को नेशनल असेंबली और सभी प्रांतीय असेंबली में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, संबंधित पद के लिए उम्मीदवार शनिवार 12 बजे से पहले लाहौर, कराची, पेशावर और क्वेटा में निर्वाचन अधिकारियों के पास नामांकन पत्र दायर कर सकते हैं। ईसीपी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्रों की छंटनी चार मार्च को की जाएगी, और इसके अगले दिन नाम वापस लिया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले छह दलों के गठबंधन द्वारा शीर्ष पद के लिए नामित किया गया है। इससे जरदारी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। गठबंधन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) समेत अन्य दल शामिल हैं। पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति जरदारी सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

## भारतीय राजदूत ने जापान के इशिकावा प्रांत में भूकंप के समय भारतीयों की मदद के लिए आभार व्यक्त किया

तोक्यो। जापान में भारत के राजदूत ने शुक्रवार को भूकंप प्रभावित इशिकावा प्रान्त के साथ भारत की एकजुटता की पुष्टि की और प्रांत में भारतीय समुदाय को सहायता प्रदान करने के लिए गवर्नर के प्रति आभार व्यक्त किया। द जापान टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार एक जनवरी को जापान के सबसे उत्तरी प्रायद्वीप नोटो में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें से 15 की मौत अप्रत्यक्ष कारणों से हुई।

## चुनावी धांधली की विश्वसनीय जांच होने तक पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता रोकने के लिए बाइडन को पत्र

वाशिंगटन। अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने पाकिस्तान में हाल में हुए चुनावों में धांधली होने के पुख्ता सबूत होने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति जो बाइडन को एक पत्र लिखा है। समूह ने अपने पत्र में मांग की कि पाकिस्तान की नई सरकार को उस वक्त तक मान्यता नहीं दी जाए जब तक कि इस संबंध में पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं कराई जाती। इस समूह में मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में व्यापक स्तर पर धांधली होने के आरोप लगाए गए हैं। चुनाव परिणामों में खंडित जनादेश मिला था। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 90 से अधिक सीट पर जीत दर्ज की। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन ने 75 सीट पर जीत हासिल की और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिली। मुत्तिहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान ने 17 सीट जीती। राष्ट्रपति बाइडन और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को लिखे एक संयुक्त पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनावों में मतदान से पहले एवं इसके बाद धांधली होने पर चिंता जताई है। उन्होंने अमेरिकी संसद से पाकिस्तान की नई सरकार की मान्यता उस वक्त तक रोकने का आग्रह किया है जब तक कि चुनावों में हस्तक्षेप की एक पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती है। अमेरिकी सांसदों ने कहा, चुनाव में धांधली होने के पुख्ता सबूतों को ध्यान में रखते हुए, हम आपसे पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता देने से पहले गहन, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच होने तक इंतजार करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, यह आवश्यक कदम उठाए बिना, आप पाकिस्तानी अधिकारियों के अलोकतांत्रिक व्यवहार का समर्थन करने का जोखिम मोल लेंगे और पाकिस्तानी अवाम की लोकतांत्रिक इच्छा को कमजोर कर सकते हैं।

## कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

टोरंटो। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी बेटी ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के 18वें प्रधानमंत्री का निधन हो गया, अंतिम घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ था। मुलरोनी के परिवार ने पूर्व में कहा था कि उनका प्रोस्टेट कैंसर का इलाज हुआ है और हृदय संबंधी बीमारी भी है लेकिन उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। प्रोग्रेसिव कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व करने वाले मुलरोनी ने 1984 में कनाड़ा के इतिहास में सबसे बड़ा बहुमत हासिल किया था।

## नवाज शरीफ की पार्टी के नेता सरदार अयाज सादिक नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित हुए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक शुक्रवार को नवगठित नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डाले गए कुल 291 मतों में से सादिक को 199 मत मिले। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएलए-एन) के उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी आमिर डोगर को हराया, जिन्हें सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सदस्यों के हंगामे के बीच केवल 91 वोट मिले। डोगर को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का समर्थन प्राप्त था।खबर में कहा गया है कि मतगणना पूरी होने के बाद, निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने कहा कि कुल 291 वोट पड़े, जिनमें से एकै अमान्यै था और बाकी कोै वैधै घोषित किया गया। खान और पीटीआई ने आठ फरवरी को हुए चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली होने और पीएमएल-एन और उसके गठबंधन सहयोगियों पर जनादेश को चोरी करने का आरोप लगाया है।

# कुछ को तकलीफ होने दो, देश पहले : कपिल

● बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नही देने के फैसले का समर्थन

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के पूर्व** कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने के कारण केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है। कपिल ने साथ ही कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्राफी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है। कपिल ने किसी का नाम लेने से बचते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा, हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला। देश को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान ने अपने बयान में कहा, मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा, यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा। कपिल ने साथ ही माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है।, मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराएं। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

## सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नीव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग मे भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन मे आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा , मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होने कहा , हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा , चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त का सामना करना पड़ा। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार साथ अठारह बरस के इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव तीन में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। गुकेश और रापोर्ट के नाम दो-दो अंक है जबकि गुजराती 1.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। वह प्रज्ञानानंदा, नवारा, न्गुएन थाई दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। माटेउस्ज बार्टेल आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। इस बीच, चीन के शेनझेन से आ रही एक और खबर में अर्जुन एरिगैसी शेनझेन मास्टर्स के पहले दौर में चीन के जियानग्यू यू को हराकर भारत के नए शीर्ष खिलाड़ी बन गए।

## न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की

**वेलिंगटन।** पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के दो विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन छह रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए। आस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर नौ विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर तीन और 29 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया।

## चौहान ने एसडीसी चैम्पियनशिप के पहले दौर में दो ओवर का कार्ड खेला

**ईस्टर्न केप (दक्षिण अफ्रीका)।** ओम प्रकाश चौहान डीपी वर्ल्ड टूर पर एसडीसी गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर मे दो ओवर 74 का कार्ड खेला। चौहान को आखिरी छह होल मे चार बोगी करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होने पहले छह होल मे तीन बर्डी लगाई। बारहवें होल के बाद उनका स्कोर दो अंडर का था लेकिन 13वे होल मे वह डबल बोगी कर बैठे। उन्होने इसके बाद 14वे और 18वे होल मे बोगी की। स्थानीय व्यक्ति पीटर मूलमैन (65) ने साथी दक्षिण अफ्रीकी शॉन नॉरिस के साथ शामिल होने से पहले मैदान का नेतृत्व किया, जिन्होने जापान मे भी कई बार जीत हासिल की है।

## अदिति अशोक सिंगापुर में शीर्ष 10 में

**सिंगापुर।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने शुक्रवार को यहां एचएसबीसी महिला विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर मे बिना बोगी लगाए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 मे पहुंचने मे सफल रही। दुनिया की 40वे नंबर की गोल्फर अदिति ने पांचवे, 12वे और 16वे होल मे बर्डी लगाई जिससे वह संयुक्त नौवें स्थान पर बनी हुई है। पहले दिन अदिति ने पांच बर्डी लगाई थी लेकिन पांच बोगी भी लगा बैठी थी जिससे उन्होंने 72 का कार्ड खेला था।

## रंधावा न्यूजीलैंड ओपन में कट से चूके

**क्वीन्सटाउन (न्यूजीलैंड)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा दूसरे दौर मे इवन पार का कार्ड खेलने के बावजूद न्यूजीलैंड ओपन मे कट हासिल करने से चूक गए। पहले दिन रंधावा ने 69 का कार्ड खेला था। टूर्नामेंट मे हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय रंधावा ने दूसरे दिन 71 का कार्ड खेला। इस तरह उनका कुल स्कोर दो अंडर का था जिससे वह कट लाइन से दो शॉट से चूक गए।

## सिटसिपास को हराकर डि मिनौर मैक्सिको ओपन के सेमीफाइनल में

**एकापुल्को (मैक्सिको)।** गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को।-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग मे नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसमानोविच को 6-2, 6- 2 से हराया।

## 28 मार्च से महिलाओं के रेड बॉल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** महिलाओ के रेडबॉल क्रिकेट की भारत के घरेलू कैलेंडर में छह साल बाद वापसी होगी जब बीसीसीआई पुणे मे 28 मार्च से सीनियर इंटर जोन टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। यह फैसला भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टेस्ट क्रिकेट मे वापसी के बाद लिया गया। भारत ने हाल ही मे आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेले है। आखिरी बार महिलाओ के लिए लाल गेंद का घरेलू टूर्नामेंट 2018 मे खेला गया था। पूर्व तेज गेंदबाज अमिता शर्मा ने पीटीआई से कहा , यह स्वागत योग्य कदम है। राष्ट्रीय टीम फिर टेस्ट क्रिकेट खेल रही है और हमे अगली पीढी के क्रिकेटरों की जरूरत है जो लाल गेद से खेल सके। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ टूर्नामेंट की मेजबान करेगा जिसमे पूर्व , पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और पूर्वोत्तर की टीमे भाग लेंगी। सेमीफाइनल तीन अप्रैल को और फाइनल नौ अप्रैल को होगा।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार : रहाणे

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को बीसीसीआई के सालाना केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपनी टीम के लिए रणजी ट्राफी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे। वह काफी अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है। सेमीफाइनल के लिए हमारी टीम में उनकी मौजूदगी शानदार है। तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह की प्रेरणा या सलाह की जरूरत नहीं है। मुझे नहीं लगता कि उसे किसी तरह की सलाह या प्रोत्साहन की जरूरत है। उसने मुंबई के लिए हमेशा बल्ले से योगदान दिया है और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों को भी टीम के लिए योगदान करने में मदद मिलेगी।

# मुंबई और तमिलनाडु के बीच मैच में नजरें श्रेयस अय्यर पर

● रणजी सेमीफाइनल आज से



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैम्पियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार बहुत हद तक अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आर साइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे छह मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है लेकिन गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढत के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। युवा मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने गत चैम्पियन सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे लेकिन पिछली सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में हरफनमौला शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।

## आत्मविश्वास से भरे विदर्भ का सामना मध्यप्रदेश से

**नागपुर।** मध्यप्रदेश की टीम शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मे विदर्भ के खिलाफ उतरेगी तो आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान को उसके गढ मे हराना आसान नही होगा। दो बार के चैम्पियन विदर्भ ने वीसीए स्टेडियम पर इस सत्र मे चार मैच खेलकर तीन जीते और सौराष्ट्र के खिलाफ एकमात्र मैच गंवाया है। उसने सेना को सात विकेट से, हरियाणा को 115 रन से और कर्नाटक को क्वार्टर फाइनल मे 127 रन से मात दी। विदर्भ की ताकत उसके बल्लेबाजो का शानदार फॉर्म रही है। करूण नायर (515 रन), ध्रुव शोरे (496 रन) , अथर्व तायडे (488 रन) और कप्तान अक्षय वाडकर (452 रन) सभी ने रन बनाए है। नागपुर की पिच बल्लेबाजो की मददगार रही है लेकिन विदर्भ के दो गेंदबाजो तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिलकर 68 विकेट चटकाए है। दूसरी ओर 2022 की चैम्पियन मध्यप्रदेश टीम ने आठ लीग मैचो मे तीन जीत दर्ज की और बाकी मे पहली पारी की बढत हासिल की। आंध्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मे भी हार की कगार पर पहुंचकर उसने चार रन से जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश के लिए वेंकटेश अय्यर तुरूप का पत्ता साबित हुए है जिन्होने 528 रन बनाए। हिमांशु मंत्री ने 513 और यश दुबे ने 510 रन जोड़े है।

## बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने का योजना

**यूनिसेफ।** फ्लैगशिप प्रोग्राम, ब्राइट स्माइल्स, ब्राइट फ्यूचर्स (बीएसबीएफ) द्वारा एक अरब लोगों को स्माइल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1976 में शुरू हुआ यह प्रोग्राम भारत में 171 मिलियन से अधिक बच्चों के फिटनेस जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला चुका है, और उनमें आवश्यक ओरल केयर की आदतों का विकास, तंबाकू छोड़ने की जागरूकता और ओरल हेल्थ के लिए अच्छे पोषण का विकास कर रहा है। इस प्रोग्राम को और ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए कोलगेट ने यूनिसेफ इंडिया द्वारा पोषित, इम्पैक्ट4नूट्रिशन के साथ साझेदारी की है, जो पोषण के लिए एक प्रसिद्ध ज्ञान एवं संसाधन मंच है। इस गठबंधन का लक्ष्य 2025 तक 10 मिलियन अतिरिक्त बच्चों तक पहुँचना और देश में ओरल केयर की बेहतर आदतों का विकास करना है। अपना यह लक्ष्य पूरा करने के लिए कोलगेट 12 राज्यों और 250 से अधिक जिलों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थित 25,000 से अधिक स्कूलों तक पहुँचकर 6-15 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच जाएगा। वर्तमान में बीएसबीएफ प्रोग्राम एनजीओ पार्टनर भारत केयर्स के सहयोग से कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश,पंजाब और राजस्थान में चलाया जा रहा है। इस सहयोग के बारे में सीपी इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रभा नरसिम्हन ने कहा, यह साझेदारी एक स्वस्थ भविष्य के लिए विज्ञान द्वारा लाए गए इनोवेशंस की मदद से ओरल हेल्थ में सुधार लाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

## सीसीआई स्नूकर क्लासिक के सेमीफाइनल में आमने सामने होंगे आडवाणी और रावत

**मुंबई।** कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी ने शुक्रवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक के बेस्ट ऑफ 11 फ्रेम के क्वार्टरफाइनल मे मुंबई के नितेश मदान को 6-4 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। भारत के लिए 27 विश्व खिताब जीतने वाले बेंगलुरू के आडवाणी ने 61-51, 78-8, 75-2, 57-68, 4-61, 15-71, 89-9, 108-9, 54-65, 102-0 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल मे गत चैम्पियन आडवाणी का सामना बॉम्बे जिमखाना के लक्ष्मण रावत से होगा जिन्होंने क्वार्टरफाइनल मे पुष्पिंदर सिंह को 6-5 (68-66, 70-33, 28-81, 80-23, 54-82, 50-53, 40-73, 23-68, 83-39, 71-36, 85-0) से मात दी। दूसरे क्वार्टरफाइनल में कमल चावला ने रयान रज्मी को 6-4 (79-39, 55-66, 104-14, 90-0, 13-56, 5-78, 87-25, 29-69, 71-6, 79-39) से जबकि इंग्लैड के स्टीफन ली ने विजय निचानी को 6-। (71-18, 81-36, 102-0, 68-40, 98-29, 65-29) से हराया।

## सेना, गोवा, केरल और असम संतोष ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ईटानगर।** सेना ने शुक्रवार को यहां वापसी करते हुए केरल को।-। से बराबरी पर रोककर ग्रुप ए मे शीर्ष पर रहकर संतोष ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। छह बार की चैंपियन सेना ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को 10 अंकों के साथ समाप्त किया, जो कि गोवा से एक अंक अधिक है। गोवा ने एक अन्य मैच मे असम के साथ 3-3 से ड्रा खेला। सेना, गोवा, केरल (आठ अंक) और असम (सात अंक) ने ग्रुप ए मे शीर्ष चार स्थानो पर रहते हुए अंतिम आठ मे जगह बनाई। सात बार की चैंपियन केरल ने 22वें मिनट मे सलीश ई के गोल से बढ़त बनाई। कप्तान अर्जुन वी के कॉर्नर किक पर सजीश ने हेडर से गोल मे बदल दिया। समीर मुर्मू ने मध्यांतर से पहले गोल कर सेना का खाता खोला। मौजूदा सत्र मे यह उनका नौवां गोल है। गोवा और असम के मैच मे नौ गोल हुए। गोवा के लिए लॉयड कार्डोजो (तीसरा मिनट), डेल्टन कोलाको (12वां मिनट) और जोशुआ डी सिल्वा (89वां मिनट) ने गोल किए जबकि प्रज्ञान सुंदर गोगोई (27वां मिनट), सुदीप्ता कोवर (45.3 मिनट) और मिलन बसुमतारी (56वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

# यूपी वॉरियर्स ने गुजरात जायंट्स को 142 रन पर रोका

भाषा। बेंगलुरु



**फोबे लिचफील्ड** (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन कर तेजतर्रार साझेदारी के दम पर गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में शुक्रवार को यहां यूपी वॉरियर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 142 रन बनाए।

लिचफील्ड ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 26 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। गार्डनर ने 17 गेंद की पारी में इतने ही चौके और छक्का जड़ा। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यूपी के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। यूपी वॉरियर्स के लिए सोफी एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। राजेश्वरी गायकवाड को एक सफलता मिली। वुलफार्ट ने डब्ल्यूपीएल में पदार्पण कर रही श्रीलंका की बेहद अनुभवी अटापट्टू के खिलाफ पारी की पहली गेंद पर चौका जड़ाने के बाद अगले ओवर में अंजली सरवानी के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आई एकलेस्टन ने मूनी की 16 गेंद में 16 रन की पारी को खत्म किया। इस विकेट के बाद यूपी के गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाया और इसका फायदा उन्हें 10वें ओवर में वुलफार्ट के विकेट के साथ मिला। वुलफार्ट ने एकलेस्टन की गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंद में चार चौके लगाए की मदद से 28 रन बनाए। हरलीन देओल जहां तेजी से रन बनाने में संघर्ष कर रही थी तो वहीं क्रीज पर आई लिचफील्ड ने 11वें ओवर में अटापट्टू के खिलाफ दो चौके जड़ दिए। राजेश्वरी ने हरलीन की 24 गेंद में 18 रन की पारी को खत्म किया। लिचफील्ड को इसके बाद 15वें ओवर में जीवनदान मिला। एकलेस्टन की गेंद पर दीप्ति शर्मा ने उनका आसान कैच टपकाया। उन्होंने 16वें ओवर में ग्रेस हैरिस के खिलाफ चौका जड़कर इसका जश्न मनाया। इसी ओवर में गार्डनर ने पारी का पहला छक्का जड़ टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया।

## एयर पिस्टल ट्रायल्स के दूसरे दिन जीते सरबजोत और सुरूचि

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके निशानेबाज सरबजोत और उनके हरियाणा राज्य की साथी सुरूचि ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय राइफल/पिस्टल चयन ट्रायल तीन एवं चार के अंतिम दिन क्रमशः पुरूष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टी4 ट्रायल्स जीत लिए। सरबजोत ने 244.8 अंक से फाइनल मे नौसेना के कुणाल राणा (243.9) की चुनौती पस्त की। सेना के ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 222.6 से तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओ की स्पर्धा में हरियाणा की निशानेबाजो ने क्लीन स्वीप किया जिसमें सुरूचि, सुरभि राव और एशियाई खेलो की चैम्पियन पलक ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। खेलो इंडिया युवा खेलों मे स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरूचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा मे सुरभि (240.3 अंक) को पछाड़ते हुए 242.8 अंक से पहला स्थान हासिल किया। पलक ने 218.7 अंक से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने सैफ अंडर-16 महिला चैम्पियनशिप में भूटान को 7-0 से हराया

**काठमांडू।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप मे भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किए। चार टीम के टूर्नामेंट मे मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल है। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

## अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए मानसिक रूप से कुछ बदलाव किए : शेफाली

**बेंगलुरू।** आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों मे बदलने के लिए पिछले एक साल मे अपनी शैली मे छोटे मोटे बदलाव किए है जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग मे मिल रहा है। वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत मे अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की। उन्होने जियो सिनेमा से कहा , मै पिछली बार डब्ल्यूपीएल मे 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैने काफी कुछ सीखा। उसकी की वजह से अब मै अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों मे बदल पा रही हूं। उन्होंने कहा , प्रमुख बदलाव मानसिकता मे किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं। पंद्रह बरस की उम्र मे भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी 20 वर्ष की वर्मा ने कहा कि आस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है। जब कोई अनुभवी खिलाड़ी आपके साथ हो तो आपके हावभाव खुद ब खुद बदल जाते है। उनके जैसी खिलाड़ी के साथ खेलना गर्व की बात है। उन्होने अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदल दिया है।

## जैकलिन को हराकर अंकिता गुरुग्राम ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**गुरुग्राम।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने आईटीएफ महिला ओपन में शुक्रवार को यहां स्वीडन की जैकलिन कबाज अवड को हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी वरीयता प्राप्त अंकिता ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी करते हुए 4-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनके सामने लिथुआनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जस्टीना मिकुलस्क्याते की चुनौती होगी। जस्टीना ने रूस की क्वालीफायर एकातिराना काजिओनोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेलिला जक्कुपोविच का मुकाबला दक्षिण कोरिया की गैर वरीय एओनवू कू से होगा। एओनवू ने कजाकिस्तान की झिबिक कुलम्बाएवा को 6-0, 6-3 से हराया। डलिला ने भारत की सहजा यमालापल्लि की चुनौती को खत्म किया। डलिला ने 7-5, 3-6, 6-0 से जीत दर्ज की। अंकिता ने कुलम्बाएवम के साथ मिलकर युगल फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। उन्होंने भारत और जापान के खिलाड़ियों की जोड़ी रिया भाटिया और मिचिका ओजेकी को 7-5, 6-2 से हराया। इस शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी के सामने जैकलिन और जस्टीना की जोड़ी की चुनौती होगी, जो कोरिया और लातविया के खिलाड़ियों की जोड़ी एओनवू और डायना मार्सिंकेविका को 7-6, 7-5 से हराने में सफल रही।

## गियर क्लब की जीत में चमके अमन, अल्तमश व ललित

**लखनऊ।** अमन सिंह-51 व अल्तमश खान 47 की उम्दा पारी एवं ललित मौर्या नाबाद 32 रन 3 विकेट के आलराउंड खेल से गियर क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनी क्रिकेट क्लब को 81 रन से हराकर पूरे अंक जुटाए। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर गियर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 239 रन का विशाल स्कोर बनाया। नारायण मुकेश-29 व अरीब किदवई 21 ने पहले विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी से पारी की शुरुआत की। वहीं अमन सिंह ने 47 गेंदों पर 4 चौके व 3 छक्के से 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अल्तमश खान ने 50 गेंदों पर 6 चौके व एक छक्के से उम्दा 47 रन बनाए। ललित मौर्या ने नाबाद 32 व प्रदीप यादव ने 15 रन का योगदान किया। सोनी क्रिकेट क्लब से मोण्यूसुफ, सौरभ रावत व कृष्णा कनौजिया ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में सोनी क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 31.5 ओवर में 158 रन ही बना सका और जीत से 81 रन दूर रह गया। टीम को शुरु में ही तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज नितिन साहू ;1द्ध नौ रन के कुल स्कोर पर आउट हा गए। हालांकि उनके जोड़ीदार आकाश भारती ने 25 रन बनाए और अभिषेक चौरसिया ने 31 रन जोड़े लेकिन आकाश के आउट होने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के चलते टीम के 65 रन पर 6 विकेट हो गए थे। फिर निचले क्रम पर सौरभ रावत ने नाबाद 37, यूसुफ ने 29 व जय सिंह ने 14 रन बनाए लेकिन टीम की हार को टाल नहीं सके। गियर क्रिकेट क्लब से ललित मौर्या ने 3 विकेट हासिल किए। प्रदीप यादव, प्रिंस पटेलए अरुण यादव,अल्तमश खान व अमन सिंह को 1-1 विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गियर क्लब के ललित मौर्या को मिला।

# एसबीआई व लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हेलमेट पार्टनर के रूप में साझेदारी

● अमित मिश्रा व शिवम ने अनुभव किए साझा



**लखनऊ।** भारत में निजी क्षेत्र की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आगामी 2024 क्रिकेट सीज़न के लिए लीड हेलमेट पार्टनर के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) फ्रेंचाइजी के साथ भागीदारी करने की घोषणा की है। एसबीआई लाइफ का लोगो, लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट पर प्रमुखता से प्रदर्शित होगा और इस तरह क्रिकेट की लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाई जाएगी और सुरक्षा तथा वित्तीय तैयारी की सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एसबीआई लाइफ की साझेदारी, क्रिकेट के मैदान में हेलमेट की सुरक्षा से जुड़ी भूमिका और मैदान के बाहर लोगों और परिवारों की सुरक्षा में जीवन बीमा की आवश्यक भूमिका के बीच समानता को रेखांकित करती है। जिस तरह हेलमेट, खिलाड़ी को खेल के मैदान में जोखिम से बचाता है, उसी तरह जीवन बीमा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है और लोगों को अपने सपनों को पूरा करने में मदद करता है। यह साझेदारी वित्तीय सुरक्षा की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए लोगों को उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने के प्रति एसबीआई लाइफ की प्रतिबद्धता की प्रतीक है। एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने इस साझेदारी पर अपनी टिप्पणी में कहा लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हमारी भागीदारी गहन भावनात्मक स्तर पर सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करती है। यह भागीदारी 'इरादों की सुरक्षा' पर जोर देती और लोगों को नकारात्मक दबाव, बेमतलब की जानकारियों के शोर से बचकर अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर बल देती है। एसबीआई लाइफ एक ब्रांड के रूप में बीमा के जरिये लोगों को अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करता है। उन्होंने कहा, खेल में लाखों लोगों के दिल और दिमाग पर काबिज होने की अपार शक्ति होती है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) जैसी युवा और शानदार टीम के साथ जुड़कर हम लाखों क्रिकेट प्रेमियों तक पहुंच सकते हैं, जिससे बीमा की उल्लेखनीय भूमिका के बारे में संवाद को बढ़ावा मिलता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।